राष्ट्रीय दैनिक

प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 कनाडा के खिलाफ कोहली की फॉर्म पर रहेंगी ...

अजित गुट ने ठुकराया मोदी सरकार में स्वतंत्र प्रभार, विधायकों के संपर्क ... 12

वर्ष : 12 | अंक : 64 | पटना, शनिवार, 15 जून, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

हां 30%
नहीं 50%
कह नहीं सकते 10%

बाजार

सोना 59,340

चांदी 55,350

सेंसेक्स 63,327

निफ्टी 18,816

संक्षिप्त खबरें

ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, पांच की मौत पच्चीस घायल

दतिया। मध्यप्रदेश के दतिया जिले के दुरसड़ा थाना क्षेत्र में आज तड़के श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिरकर पलट गयी, जिससे उसमें सवार पांच लोगों की मौत हो गयी और पच्चीस श्रद्धालु घायल हो गए। घायलों को दतिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के दिसवार गांव से रतनगढ़ माता मंदिर जवारे चढ़ाने जा रही श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली दुरसड़ा थाना क्षेत्र के जोरा मैथाना पाली गांव के पास अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिरकर पलट गयी। दुर्घटना में एक ही परिवार के तीन लोगों सहित पांच की मौत हो गयी और पच्चीस श्रद्धालु घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में सोनम 11, क्रांति 17, सीमा 30, कामनी 19 और विनीता 30 शामिल हैं। बताया गया है कि दिसवार गांव के सरपंच बापू दांगी के घर देवी अनुष्ठान था। इस अनुष्ठान में जवारे बोए गए थे। इन जवारों को रतनगढ़ माता मंदिर पर अर्पित करना था।

झारखंड में सड़क दुर्घटना में पांच की मौत 6 घायल

रांची। झारखंड में गढ़वा-श्री बंशीधरनगर मुख्य सड़क पर भीषण सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि गढ़वा-श्री बंशीधरनगर मुख्य सड़क पर पाल्हे गांव के शिव मंदिर के पास गुरुवार मध्य रात्रि के बाद एक बजे रात में एक टेंपो को विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसमें 5 लोगों की मौत हो गई जबकि छह लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सभी लोगों का गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के दुद्धी थाना क्षेत्र के महुली गांव के केशनाथ के 45 वर्षीय पुत्र बिमलेश कुमार कनोजिया, गढ़वा के रमना थाना क्षेत्र के सीरियाटेंगर गांव के सुरेश भुइयां के 28 वर्षीय पुत्र अरुण भुइयां, रमाशंकर भुइयां के 25 वर्षीय पुत्र विकेश भुइयां, विनोद राम के 20 वर्षीय पुत्र अरविंद भुइयां और रामवृक्ष भुइयां के 50 वर्षीय पुत्र राजकुमार भुइयां शामिल हैं। घायलों में गढ़वा जिले के रमना थाना क्षेत्र के सीरियाटेंगर गांव के राम प्रसाद राम के पुत्र मिथिलेश भुइयां, महावीर भुइयां के पुत्र उमेश भुइयां, रामप्रसाद भुइयां के पुत्र राकेश भुइयां, रहमुदिन अंसारी के पुत्र मेराज अंसारी, रामचंद्र भुइयां के पुत्र संजय भुइयां व दुद्धी थाना क्षेत्र महुली गांव निवासी रामचंद्र भुइयां के पुत्र मिथलेश भुइयां शामिल हैं।।

पीआईबी की फैक्ट चेक इकाई ने 12 यूट्यूब चैनल पर 134 वीडियो में फर्जी खबरों का भंडाफोड़ किया

नई दिल्ली। सरकार ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उसने 12 यूट्यूब चैनलों पर 134 वीडियो के माध्यम से प्रसारित फर्जी खबरों का भंडाफोड़ किया है। इन चैनलों के कुल सब्सक्राइबर लाखों की संख्या में हैं। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) की फैक्ट चैक इकाई ने कहा कि संबंधित यूट्यूब चैनलों पर भ्रामक दावे करने वाले वीडियो प्रसारित किए गए, जैसे कि बेटी की शादी के खर्च के लिए 51,000 रुपये का भुगतान, राशन कार्ड धारकों को 2.5 लाख रुपये का लाभ और कोविड-19 टीके के बारे में फर्जी खबरें। वीडियो यूट्यूब चैनल नितिन ज्ञान 4यू, केएल ऑनलाइन स्टडी, सरकारी खबर21, मीडिया तक, न्यूज वेव 429 और ऑनलाइन जॉब आरके आदि द्वारा पोस्ट किए गए थे।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रीपरिषद की बैठक

बिहार में बेरोजगारी भत्ता नियमावली को मिली मंजूरी

मनरेगा में जाब नही तो 100 दिन तक सरकार देगी बेरोजगारी भत्ता, 25 एजेंडों पर लगी मुहर

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को राज्य मंत्री परिषद की बैठक हुई बैठक में करीब 25 एजेंडों पर मुहर लगी। बैठक में बिहार बेरोजगारी भत्ता नियमावली 2024 को मंजूरी दी गई। मनरेगा में मांगने पर काम नहीं तो मिलेगा बेरोजगारी भत्ता मंत्रिमंडल ने मनरेगा योजना के तहत काम मांगने पर काम न मिलने की अवस्था में बेरोजगार श्रमिक को भरण पोषण के लिए बेरोजगारी भत्ता देने का प्रस्ताव स्वीकृत किया है। इसके लिए बिहार बेरोजगारी भत्ता नियमावली 2024 स्वीकृत की गई है।

मनरेगा के तहत काम मांगने पर 15 से 30 दिनों के अंदर काम देना होगा। काम नहीं मिलने पर संबंधित व्यक्ति को सरकार अगले सौ दिनों के लिए महंगाई भत्ता देगी। भत्ता के रूप में श्रमिक को पहले महीने में निर्धारित मजदूरी का एक चौथाई और इसके अगले महीने से मजदूरी का आधा हिस्सा दिया जाएगा।

राज्य कर्मियों के मकान किराया भत्ता बढ़ा: राज्य सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के मकान किराया भत्ता में वृद्धि कर दी है। मकान किराया भत्ता को चार श्रेणी में बांटा गया है। पटना में रहने वाले कर्मचारियों को पहले मकान भत्ता के रूप में मूल वेतन का 16 प्रतिशत मिलता था। इन्हें अब 20 प्रतिशत भत्ता मिलेगा। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कैबिनेट के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बताया कि मकान किराया भत्ता का चार श्रेणी में बांटा गया है। पटना के कर्मचारियों को

वाई श्रेणी में रखते हुए वेतन का 20 प्रतिशत मकान भत्ता के रूप में दिया जाएगा। इन्हें पहले 16 प्रतिशत भत्ता मिलता था। जेड श्रेणी के शहरों को आठ प्रतिशत के स्थान पर 10 प्रतिश्त भत्ता देय होगा। अवगीर्कृत शहरों में भत्ता दर अब छह प्रतिशत की बजाय साढ़े सात प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में चार के स्थान पर पांच प्रतिशत होगी।

जेड श्रेणी में प्रदेश के 32 शहर शामिल किए गए हैं। जिसमें अररिया, आरा, औरंगाबाद, बगहा, बेगूसराय, बेतिया, भागलपुर, बिहार शरीफ, बक्सर, छपरा, दरभंगा, डिहरी, गया, गोपालगंज, हाजीपुर, जमालपुर, जमुई, जहानाबाद, कटिहार, किशनगंज, लखीसराय, मधुबनी, मोकामा, मोतिहारी, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, नवादा, पूर्णिया, सहरसा, समस्तीपुर, सासाराम, सीतामढ़ी, सिवान और सुपौल।अक्षर आंचल योजना संचालन के लिए 7.74 करोड़ स्वीकृत : महादलित, दलित और अल्पसंख्यक अति पिछड़ा वर्ग अक्षर आंचल योजना के लिए सरकार ने 7.74 करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान स्वीकृत किया है। इस राशि से 20 हजार टोला सेवक और 10 हजार तालीमी मरकज के शिक्षा सेवकों का वेतन भुगतान किया जाएगा। प्रदेश में 20 हजार टोला सेवक और 10 हजार तालीमी मरकज के शिक्षा सेवक हैं।

अब आम लोगों को ऑनलाइन मिलेंगे राजस्व दस्तावेज : मंत्रिमंडल ने आम लोगों की सहूलियत के लिए राजस्व दस्तावेज ऑनलाइन देने का प्रस्ताव स्वीकृत किया है। डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा राजस्व दस्तावेज यथा राजस्व प्रशासन से जुड़े सभी पुराने न्यायिक आदेश, नक्शा, भू-अभिलेख न अन्य दस्तावेजों को स्कैन कर डिजिटल पटल पर संरक्षित किए जा रहे हैं। आवेदन करने पर संबंधित नागरिकों को पुराने परंपरागत तरीके के साथ-साथ नये तरीके यानी ऑनलाइन भी यह दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएंगे। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि किसी भी प्रतिलिपि के लिए स्टांप शुल्क अभिलेखों के पृष्ठों के आधार पर निर्धारित होगा। यह यह राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा कार्यकारी आदेश के तहत तय होगा। इसका भुगतान भी विभाग द्वारा विकसित आनलाइन किया जा सकेगा। डॉ. सिद्धार्थ के अनुसार डाटा सेंटर द्वारा निर्धारित शुल्क के साथ पंजीकृत आवेदन प्राप्त होने पर उसे संबंधित अधिकारी के पास भेजा जाएगा। वहां से अधिकारी डिजिटल हस्ताक्षर अंकित प्रति प्राप्त कर आवेदक को दो दिनों में उपलब्ध कराएंगे। साथ ही कंप्यूटर पर संधारित प्रेषण पंजी में आवेदन संख्या, आवेदक का नाम व प्रेषण की तिथि अंकित कर दी जाएगी। नीतीश कैबिनेट ने 15 साल से पुराने सभी सरकारी वाहनों की स्क्रेपिंग की योजना को मंजूरी दी है। अब बिहार सरकार के सभी विभाग, बोर्ड, निगम तथा अन्य कार्यालयों के स्वामित्व वाले 15 वर्ष पुराने वाहनों का फिर अगला निबंधन नहीं किया जा सकेगा। बिहार आकस्मिकता निधि के अस्थाई काय जो 350 करोड रुपये है वह वित्तीय वर्ष 2024-25 में 30 मार्च, 2025 तक के लिए अस्थाई रूप से बढ़कर 10000 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

कैबिनेट के अन्य अहम फैसले

- बिहार न्यायिक सेवा के पदाधिकारी को बकाया भत्तों के भुगतान के लिए बिहार राज्य आकस्मिकता निधि से एक अरब 21 करोड़ 33 लाख 49000 के अग्रिम स्वीकृति अगल लेखा
- वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्थापना औरप्रतिबद्ध व्यय के अंतर्गत महादलित, दलित और अल्पसंख्यक अति पिछड़ा वर्ग अक्षर आंचल योजना कार्यक्रम के संचालन के लिए 7 अब 74 करोड़ 24 लाख 89 हजार 895 रुपए अनुदान की राशि की स्वीकृति
- वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य सरकार द्वारा 54298 करोड़ से अधिक ऋण उगाही की स्वीकृति

पीएम ने प्रौद्योगिकी में एकाधिकार खत्म करने का किया आह्वान

जी-7: बेहतर भविष्य के लिए रचनात्मक तकनीक जरूरी : मोदी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। जी7 शिखर सम्मेलन के दूसरे आउचरीच सत्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम मेधा) में राष्ट्रीय रणनीति तैयार करने वाले पहले कुछ देशों में से एक है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में भारत का दृष्टिकोण चार सिद्धांतों उपलब्धता, पहुंच, सामर्थ्य और स्वीकार्यता पर आधारित है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि हमें मिलकर आने वाले समय को 'हरित युग' बनाने का प्रयास करना चाहिए। 2047 तक विकसित भारत का निर्माण हमारा संकल्प है। हमारी प्रतिबद्धता है कि समाज का कोई भी वर्ग पीछे न छूटे।

ग्लोबल साउथ के देश वैश्विक अनिश्चितताओं और तनाव का खामियाजा भुगत रहे हैं। ग्लोबल साउथ के देशों की प्राथमिकताओं और चिंताओं को विश्व मंच पर रखना भारत की जिम्मेदारी है। हमें गर्व है कि भारत की अध्यक्षता में जी-20 ने अफ्रीकी संघ को समूह का स्थायी सदस्य बनाया। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि कई लोग यूरोपीय संसद के चुनावों में व्यस्त थे। भारत में भी कुछ महीने पहले चुनाव का समय था। मेरा सौभाग्य है कि भारत के लोगों ने मुझे लगातार तीसरी बार उनकी सेवा करने का अवसर दिया। भारत के लोगों ने इस ऐतिहासिक जीत के रूप में जो आशीर्वाद दिया है, वह लोकतंत्र की जीत है। यह पूरे लोकतांत्रिक विश्व की जीत है।

विदेशी नेताओं से की मुलाकात: संबोधन से पहले पीएम मोदी ने

वैश्विक नेताओं से मुलाकात की। उन्होंने इतालवी प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के अलावा कई नेताओं से मुलाकात की। पीएम मोदी ने पोप फ्रांसिस से भी मुलाकात की और गले लगकर उनका अभिवादन किया।

एक दिन पहले इटली पहुंचे पीएम मोदी : बता दें, प्रधानमंत्री मोदी एक दिन पहले तीसरे कार्यकाल की शपथ लेने के बाद पहले विदेश दौरे पर इटली पहुंचे। भारतीय राजदूत वाणी राव ने उनका स्वागत किया। इटली पहुंचने के बाद पीएम मोदी ने कहा- वैश्विक नेताओं के साथ उत्पादक चर्चाओं में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं। हमारा लक्ष्य साथ मिलकर वैश्विक चुनौतियों का समाधान करना और उज्ज्वल भविष्य के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है।

सम्मेलन में सदस्य देशों के साथ-साथ मेहमान देश भी शामिल: सम्मेलन में मेजबान इतालवी प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के अलावा, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जापानी प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल के अलावा 10 मेहमान देश शामिल हैं।

इटली में प्रधानमंत्री मोदी ने की फ्रांस के राष्ट्रपति से मुलाकात: जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने इटली पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बैठक से इतर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने कई क्षेत्रों में जारी अपनी भागीदारी को मजबूत करने पर चर्चा की।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि दोनों नेताओं ने इटली के अपुलिया में 50वें जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर मुलाकात की। दोनों नेताओं ने रक्षा, परमाणु, अंतरिक्ष, शिक्षा, जलवायु कार्रवाई, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों, कनेक्टिविटी, संस्कृति सहित साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।

न्यायालय ने नीट में 'गड़बड़ी' की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर केंद्र व एनटीए से मांगा जवाब

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने नीट-यूजी, 2024 में कथित अनियमितताओं की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच के अनुरोध वाली याचिका पर शुक्रवार को केंद्र एवं राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने सीबीआई और बिहार सरकार से भी दो सप्ताह के भीतर जवाब मांगा। पीठ हितेन सिंह कश्यप द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

पीठ ने कहा कि अन्य लंबित याचिकाओं के साथ जनहित याचिका पर आठ जुलाई को सुनवाई की जाएगी, जब सर्वोच्च अदालत गर्मी की छुट्टियों के बाद बैठेगी। केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने एक दिन पहले उच्चतम न्यायालय को बताया था कि उसने एमबीबीएस और ऐसे अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए परीक्षा देने वाले 1,563 उम्मीदवारों को दिए गए कृपांक (ग्रेस मार्क्स) रद्द कर दिए हैं। केंद्र ने कहा था कि उनके पास या तो दोबारा परीक्षा देने या कृपांक को छोड़ने का विकल्प होगा। यह परीक्षा पांच मई को 4,750 केंद्रों पर हुई थी और इसमें लगभग 24 लाख

उम्मीदवार शामिल हुए थे। परिणाम 14 जून को घोषित किए जाने की उम्मीद थी, लेकिन उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पहले पूरा हो जाने के कारण 4 जून को नतीजे घोषित कर दिए गए। बिहार जैसे राज्यों में प्रश्नपत्र लीक होने और प्रतिष्ठित परीक्षा में कई अन्य अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। आरोपों के कारण कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए और सात उच्च न्यायालयों एवं सर्वोच्च न्यायालय में मामले दायर किए गए। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातकह्न (नीट-यूजी) देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में मेडिकल शिक्षा से जुड़े संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा आयोजित की जाती है।

नीट में धांधली को लेकर लीपापोती कर बच नहीं सकती सरकार : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट को लेकर सरकार को घेरते हुए आज कहा कि सच पर पर्दा डालने के लिए पूरे प्रकरण में लीपापोती की जा रही है लेकिन सवाल 24 लाख बच्चों के भविष्य का है इसलिए उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की देखरेख में मामले की जांच होनी चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जो नियम मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा के लिए वर्जित किये गए हैं सरकार उन्हीं नियमों का सहारा लेकर ग्रेस मार्क्स देने की बात कर पूरे मामले में लीपापोती करने का प्रयास कर रही है।

उन्होंने तंज करते हुए कहा ह्लनाम है नीट लेकिन रिजल्ट देख कर ये प्रक्रिया कहीं से भी 'साफ, स्वच्छ या स्वस्थ' नहीं लगती। इस परीक्षा के माध्यम से देश के 24 लाख बच्चों के भविष्य पर पानी फेर दिया गया है। पिछले 8 साल में 7 ऐसे छात्र थे जो पूरे अंक लाए लेकिन इस साल 67 छात्र पूरे अंक लेकर आए। इस पर शिक्षा मंत्री का कोई जवाब नहीं है। जब बिहार में पुलिस ने पेपर लीक के मामले में कुछ लोगों को पकड़ा और गुजरात के गोधरा में भी ऐसा मामला निकला, तब ये घोटाला सामने आया।

प्रवक्ता ने कहा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी-एनटीए ने कोर्ट में लीपापोती की पूरी कोशिश करते कहा कि हमने टाइम लॉस की वजह से 1563 बच्चों को ग्रेस मार्क्स दिये और उच्चतम न्यायालय के एक फैसले को कोट किया। शीर्ष न्यायालय के फैसले को कोट करते हुए एनटीए ने कहा कि अगर बच्चों को टाइम लॉस होता है तो कैलकुलेट करके उन्हें ग्रेस मार्क दिया जाता है जबकि उसी फैसले में स्पष्ट लिखा है कि इंजीनियरिंग और मेडिकल इस कैटेगरी में नहीं आते। उन्हें टाइम लॉस पर ग्रेस मार्क नहीं दे सकते। अब सोचिए कि यह सरकार किस स्तर पर गिरकर लीपापोती कर सकती है। उन्होंने कहा 580 से ज्यादा अंक पाने वाले छात्रों के परीक्षा केंद्रों के नाम जारी किए जाएं और 12वीं के बोर्ड के मार्क्स का मिलान नीट के टॉपर्स के साथ किया जाए। जिन एग्जाम सेंटर पर औसत से ज्यादा हाई मार्क्स वाले परीक्षार्थी हैं, उनकी वीडियो रिकॉर्डिंग भी जारी की जाए। उन तमाम बच्चों की सूची जारी हो जिन्होंने विंडो का लाभ उठाते हुए अपने एग्जाम सेंटर्स बदले। दुर्भाग्य यह भी है कि आज रेल मंत्री हो, शिक्षा मंत्री हो, गृह मंत्री हो या प्रधानमंत्री, कोई जवाबदेही नहीं लेना चाहता है। यूपीए के शासन काल में सिर्फ आरोप लगने पर इस्तीफा दे दिया जाता था। आज मंत्री मुस्कुराते हुए आरोप देश के नागरिकों पर लगाता है कि ये 'मोटिवेटेड प्रोटेस्ट' हो रहा है।

भाजपा केंद्र में रहे या राज्य में पेपर लीक होना तय है: तेजस्वी

प्रात : किरण

पटना। नीट परीक्षा के कथित लीक मामले में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला है। तेजस्वी ने शुक्रवार को अपने बयान में कहा कि भाजपा राज्य में रहे या केंद्र में पेपर लीक होना तय है। नीट परीक्षा लीक बहुत ही गंभीर विषय है हिरासत में अपराधी कबूल रहा है कि पेपर लीक किया गया है नित अभ्यर्थी, अभिभावक, विद्यार्थी व युवा चिंतित है मगर सरकार मानने को तैयार नहीं है कि नीट परीक्षा में धांधली हुई है।तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर नीट मामले को लेकर एनडीए सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा को लेकर पूरी व्यवस्था सशंकित है। मगर एनडीए सरकार नख से शिख तक अहंकार में डूबी है।

वह देश में परीक्षाओं की विश्वसनीयता की सरासर अनदेखी करते हुए पेपर लीक के सबूत सार्वजनिक होने, जांच-गिरफ्तारी और साजिशकताओं द्वारा जुर्म कबूलने के बाद भी यह मानने को तैयार ही नहीं हैं कि नीट परीक्ष में कुछ धांधली भी हुई है। आरजेडी नेता तेजस्वी ने कहा कि सभी सबूत सामने हैं लेकिन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इतने आनविज्ञ हैं कि वे मानने को तैयार ही नहीं कि नीट परीक्षा में कुछ गड़बड़ हुई भी है। उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार को अहंकारी करार दिया और कहा कि सत्ता में बैठे लोग कुंभकर्णी नींद में ऐसे सोए हैं कि लाखों अभ्यर्थियों के सपनों में आग भी लग जाए तो इन्हें परवाह नहीं है।

केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई 19 जून को

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई शुक्रवार को 19 जून के लिए निर्धारित कर दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मुकेश कुमार ने मामले में जवाब दाखिल करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय द्वारा और समय दिये जाने के अनुरोध के बाद सुनवाई को स्थगित कर दिया। इस बीच न्यायाधीश ने केजरीवाल की ओर से दाखिल एक अर्जी पर सुनवाई शनिवार के लिए निर्धारित कर दी। अर्जी में केजरीवाल की स्वास्थ्य स्थिति और उपचार का निर्धारण करने के लिए गठित मेडिकल बोर्ड की

कार्यवाही में उनकी पत्नी को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शामिल होने की अनुमति देने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। न्यायाधीश ने संबंधित जेल अधिकारियों को मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने कहा, आरोपी की ओर से उनकी पत्नी को चिकित्सा बोर्ड में शामिल करने का निर्देश देने के लिए अर्जी दाखिल की गयी है। किसी भी तरह का आदेश पारित करने से पहले मैं संबंधित जेल अधीक्षक से जवाब मांगना उचित समझता हूं। अर्जी पर कल (शनिवार) सुनवाई होगी। ईडी ने कार्यवाही के दौरान अदालत से सुनवाई 25 जून तक स्थगित करने का अनुरोध किया। न्यायाधीश ने हालांकि कहा कि वह आरोपी की सुविधा के अनुसार अगली सुनवाई की तारीख तय करेंगे न कि जांच एजेंसी की सुविधा के हिसाब से। न्यायाधीश ने कहा, आरोपी न्यायिक हिरासत में है न कि ईडी की हिरासत में। अगर वह कुछ सुविधा चाहते हैं तो आपका इससे कोई लेना-देना नहीं है। आपको कोई भूमिका नहीं निभानी है। वह न्यायिक हिरासत में है। मैं उनकी सुविधा पर विचार करूंगा न कि आपकी।दिल्ली की एक अदालत ने पांच जून को इस मामले में चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत की केजरीवाल की याचिका खारिज कर दी थी।

दौरा **फ्लैग ऑफिसर ने भारत की समुद्री युद्ध क्षमता के बारे में जानकारी दी**

पूर्वी नौसेना कमान के दौरे पर गए रक्षा मंत्री आईएनएस जलाश्व पर सवार हुए

राजनाथ सिंह ने हिंद महासागर क्षेत्र में नौसेना की भूमिका को सराहा

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। एनडीए सरकार में लगातार दूसरी बार रक्षा मंत्री का कार्यभार संभालने के बाद राजनाथ सिंह शुक्रवार को पहली यात्रा पर विशाखापट्टनम पहुंचे और पूर्वी नौसेना कमान का दौरा किया। भारतीय नौसेना की परिचालन समीक्षा करने के लिए वह ह्यसमुद्र में एक दिनह्ल के लिए आईएनएस जलाश्व पर सवार हुए। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी के साथ रक्षा मंत्री ने कमान के विभिन्न जहाजों, पनडुब्बी और विमानों को देखा। पूर्वी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर ने रक्षा मंत्री को भारतीय नौसेना की युद्ध क्षमता के बारे में जानकारी दी। पूर्वी बेड़े के अधिकारियों और

नौसैनिकों के साथ बातचीत करते हुए राजनाथ सिंह ने हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में पहली प्रतिक्रिया देने वाले देश के रूप में उभरने के लिए भारतीय नौसेना की भूमिका को सराहा। उन्होंने कहा कि हमारी नौसेना यह सुनिश्चित करती है कि कोई भी देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र में किसी दूसरे देश को दबा न सके या आर्थिक ताकत या सैन्य शक्ति के आधार पर उसकी सामरिक स्वायत्तता को खतरे में न डाले। रक्षा मंत्री ने देश के विकास और अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का मान बढ़ाने में अहम भूमिका निभाने के लिए भारतीय नौसेना को श्रेय दिया।

राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारी नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षित व्यापार सुनिश्चित कर रही है। भारत अपनी बढ़ती शक्ति के साथ इस क्षेत्र के साथ-साथ पूरे विश्व को शांतिपूर्ण और समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। रक्षा मंत्री ने इस तथ्य को भी रेखांकित किया कि भारत के वाणिज्यिक हित हिंद महासागर क्षेत्र से जुड़े हुए हैं और नौसेना व्यापक राष्ट्रीय उद्देश्यों को प्राप्त करते हुए समुद्री सीमाओं को सुरक्षित करने का एक साधन है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हित सरकार के लिए सर्वोपरि है और उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। रक्षा मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि उनके दूसरे कार्यकाल में समुद्री सुरक्षा को और मजबूत करने तथा हिंद महासागर में भारत की नौसैनिक शक्ति की उपस्थिति को और अधिक प्रभावी और मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हम दूसरे कार्यकाल में भी अपने प्रयासों को गति देंगे। चाहे हिमालय हो या हिंद महासागर, हमारी प्राथमिकता सीमाओं पर सुरक्षा को लगातार मजबूत करना होगी। राजनाथ सिंह के दौरे का समापन सनराइज फ्लीट के चालक दल के साथ पारंपरिक 'बड़ाखाना' के साथ हुआ। इससे पहले विशाखापट्टनम के आईएनएस डेगा में रक्षा मंत्री का औपचारिक स्वागत 50 जवानों के गार्ड ऑफ ऑनर के साथ किया गया।

उत्तराखंड में आग की घटनाओं को रोकने के लिए सरकार उपाय करे : प्रियंका गांधी

प्रात : किरण

नई दिल्ली,एजेंसी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले के वनक्षेत्र में लगी आग की चपेट में आने से चार वनकर्मियों की मौत पर दुख जताते हुए शुक्रवार को कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों को आग लगने की घटनाओं के रोकने के उपाय करने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हिमालय को बचाने के लिए सबके सहयोग से व्यापक स्तर पर कारगर प्रयास किए जाने की भी जरूरत है।

उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में सिविल सोयम वन प्रभाग के तहत बिनसर वन्यजीव विहार में आग की चपेट में आने से चार वनकर्मियों की मृत्यु हो गयी और चार अन्य गंभीर रूप से झुलस गए।

प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, अल्मोड़ा (उत्तराखंड) में जंगल की आग बुझाने गए चार कर्मचारियों की मृत्यु और कई अन्य के घायल होने का समाचार अत्यंत दुखद है। सभी के लिए ईश्वर से प्रार्थना करती हूं। मैं पीड़ित परिवारों को मुआवजा और हर संभव स्तर पर सहायता का आग्रह राज्य सरकार से करती हूं।उन्होंने कहा, पिछले कई महीने से उत्तराखंड के जंगल लगातार जल रहे हैं। सैकड़ों हेक्टेयर जंगल तबाह हो चुके हैं। हिमाचल प्रदेश में भी जंगलों में जगह-जगह आग लगने की सूचनाएं हैं। एक अध्ययन के मुताबिक, हिमालय क्षेत्र के जंगलों में आग लगने की घटनाओं में कई गुना बढ़ोतरी हुई है। जलवायु परिवर्तन का सबसे अधिक असर हमारे हिमालय और पर्वतीय पर्यावरण पर हुआ है।

प्रियंका गांधी ने कहा, ह्यहमेरी केंद्र और राज्य सरकारों से अपील है कि आग लगने की घटनाओं के रोकने के उपाय हों और हिमालय को बचाने के लिए सबके सहयोग से व्यापक स्तर पर कारगर प्रयास किए जाएं।

संक्षिप्त खबरें

केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह बिहार के दौरे पर आज पहुंचेंगे पटना

पटना। केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह, भारत सरकार बिहार के दौरे पर आज पटना पहुंच रहें हैं। केंद्रीय मंत्री श्री सिंह आज राज्य अतिथिशाला पटना में बिहार के उद्योग मंत्री और राज्य के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक के बाद वे मुजफ्फरपुर जाएंगे और टेक्सटाइल पार्क, मुजफ्फरपुर का भ्रमण करेंगें। केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह शनिवार को ही वे बेगुसराय पहुंचेगें और रविवार (16 जून, 2024) को बरौनी इंटस्ट्रीयल में टेक्सटाइल सेक्टर से जुड़े बिहार के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। साथ ही स्थानीय कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे। केंद्रीय मंत्री 17 व 18 जून को स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

अवैध खनन में दो हाइवा ट्रक एवं एक फोकलेन मशीन जब्त

फतुहा। थाना क्षेत्र के कोल्हर गांव के समीप धोवा नदी के पास से पुलिस ने अवैध खनन में इस्तेमाल हो रहे दो हाइवा ट्रक व एक फोकलेन मशीन को जब्त किया है। हालांकि पुलिस को देखते ही अवैध खनन में जुटे लोग फरार हो गये। पुलिस ने यह कार्रवाई जिला खनन विभाग की सूचना पर की है। थानाध्यक्ष रुपक कुमार अम्बुज ने बताया कि लोग धोवा नदी के किनारे से मिट्टी का अवैध खनन कर रहे थे। जिला खनन विभाग के निर्देश पर वाहनों को जब्त करते हुए उसके मालिकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

लंबित मांगों को ले सेवादार करेंगे आंदोलन

पटना सिटी (प्राकि)। सेवादार समाज कल्याण समिति ने चार सूत्री मांगों को लेकर प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब को सौंपे गए ज्ञापन में दो माह बीत जाने के बाद भी पूरा नहीं होने पर सेवादारों में आक्रोश है। समिति के अध्यक्ष तेजेंदर सिंह बंटी ने बताया कि 182 सेवादारों के हस्ताक्षर से युक्त ज्ञापन कमेटी को सौंपा गया है। इसमें उन सबों की प्रमुख मांगों में ड्यूटी अवधि में मृत्यु होने पर पांच लाख रुपया दिए जाने और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने, सेवानिवृत होने पर कर्मी को ग्रेच्यूटी का रुपया, पेंशन और अवकाश ग्रहण करने की अवधि का पैसा उपलब्ध कराया जाए, आश्रित को नौकरी देने समेत अन्य प्रमुख मांगें हैं। सेवादारों का कहना है कि कमेटी इस पर फैसला नहीं लेगी, तो बैठक कर संघर्ष किया जाएगा।

पानी को लेकर पालीगंज में हाहाकार

पालीगंज में पेयजल के लिए सड़क पर उतरे ग्रामीण पालीगंज अनुमंडल सह प्रखण्ड क्षेत्र के चन्ठोस पंचायत के मठिया गांव स्थित वार्ड संख्या 17 में पेयजल के लिए हाहाकार मची हुई है। जिसकी मांग को लेकर मठिया गांव के पास शुक्रवार को ग्रामीणों ने सड़क पर उतर आया तथा घण्टो पालीगंज जहानाबाद मुख्य सड़क को जाम रखा। जानकारी के अनुसार इलाके में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण भूमिगत जलस्तर में काफी गिरावट।

बकरीद को ले निगम करा रही सफाई, हो रही तैयारी

पटना सिटी (प्राकि)। बकरीद के त्योहार को लेकर पटना नगर निगम के सिटी व अजीमाबाद अंचल की ओर से सिटी अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी आशुतोष कुमार ने बताया कि मुस्लिम बहुल क्षेत्रों के साथ ही खानकाह व ईदगाहों के पास विशेष सफाई अभियान चलायाजा रहा है। गंगा दशहरा को लेकर गंगा घाटों पर और गंगा तट आने वाले मार्ग पर भी विशेष सफाई करायी जा रही है। इसके अलावा पानी का टैंकर भी लगाया जाएगा। निगम के अजीमाबाद अंचल के मुख्य सफाई निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि अंचल के वार्डों में बकरीद व गंगा दशहरा को लेकर विशेष सफाई अभियान चलेगा। चिह्नित जगहों पर पानी का टैंकर भी लगाया जाएगा। प्रभारी एसडीओ सह डीसीएलआर अभिलाषा कुमारी सिन्हा ने बताया कि निगम को खानकाह व ईदगाहों की व्यवस्था को दुरुस्त करने को कहा गया है। दूसरी ओर बकरीद में होने वाले सामूहिक नमाज के लिए ईदगाहों पर खानकाहों में तैयारी की जा रही है। रविवार को जायरीन रोजा रखेंगे। सोमवार को बकरीद का त्योहार मनाया जाएगा।

आज सिटी सिविल कोर्ट में न्यायिक कार्य से अलग रहेंगे अधिवक्ता

वर्ष 2024-26 के चुनाव की घोषणा, रघुवीर व पंकजा यादव का निलंबन वापस

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी अधिवक्ता संघ ने छपरा में दो अधिवक्ताओं (पिता-पुत्र) की हत्या के विरोध में शनिवार को न्यायिक कार्य से पूरी तरह अलग रहने का निर्णय लिया है। शुक्रवार को अधिवक्ताओं की आमसभा अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया।

आमसभा में मौजूद अधिवक्ताओं ने इस घटना पर गहरा आक्रोश प्रकट करते हुए जल्द से जल्द हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग के साथ साथ ही उचित मुआवजा देने की भी मांग की हैं। अधिवक्ताओं को मृत्यु दावा राशि 80 हजार से बढ़ाकर एक लाख रुपए करने, रक्षा बंधन में महिला बहनों को सम्मान के रूप में पांच सौ रुपए दिया जाएगा। जिन अधिवक्ताओं की बच्चियों की शादी में रुपए की जरूरत होगी, उन्हें पचास हजार की राशि से सहयोग किया जाएगा। वर्ष 2024-2026 के चुनाव की भी आज घोषणा कर दी गई। अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने संघ के निलंबित सदस्य रघुवीर प्रसाद एवं पंकज कुमार यादव का निलंबन वापस ले लिया। इस अवसर पर महासचिव अशोक कुमार, पूर्व अध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार बिमल, संयुक्त सचिव गोविन्द कानोडिया, संजीव आनंद, शशि शेखर सिंह, विजय प्रसाद, अनुज प्रसाद, नीरज कुमार, शिलाजीत शरण, राम कुमार, रामबाबू प्रसाद, डॉ राकेश, अजय साह, डॉ प्रदीप गुप्ता, मनोज कुमार, राकेश कुमार, दिलीप झा, सागर उज्जवल, प्रदीप कॉल आदि उपस्थित थे।

अबाधित बिजली आपूर्ति के लिए कार्यालय पर किया प्रदर्शन

रखरखाव के नाम पर बिना सूचना चार-चार घंटे बिजली बाधित

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पिछले एक माह से शहरी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की आपूर्ति की व्यवस्था चरमरा गई है। इससे आम जन त्रस्त एवं तंगोतबाह हैं। विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता इस भीषण गर्मी में जनता को राहत देने के बजाए रख-रखाव के नाम पर चार-चार घंटे तक बिजली बाधित कर जनता को बिजली, पानी जैसे जीवनोपयोगी साधनों से वंचित कर त्राहिमाम करने पर मजबूर कर दिया है। इस परिस्थिति में राष्ट्रीय जनता दल, महागठबंधन पटना सहिब के साथियों द्वारा आज पटना सिटी विद्युत कार्य प्रमंडल के पादरी की हवेली स्थित कार्यपालक अभियंता के कार्यालय के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया गया। इसे संबोधित करते हुए राजद के वरिष्ठ नेता मोहम्मद जावेद, पूर्व पार्षद बलराम चौधरी, पूर्व प्रदेश महासचिव रजनीश कुमार राय, कांग्रेस नेता सुजीत कसेरा, महानगर राजद के प्रवक्ता मो साबिर अली, एजाजुद्दीनशानू, शत्रुघ्न यादव, पंकज रजक, मो फिरोज अंसारी, कांग्रेस नेता शारीफ अहमद रंगरेज, मो फिरोज, मो सलीम, देवेंद्र महाराज, शशि कुमार, दीना ठाकुर एवं मो ताजो ने कहा कि एक तरफ प्रचंड गर्मी के कारण लू से लोग जान गंवा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ बिहार सरकार, विद्युत विभाग और उसके विद्युत कार्यपालक एवं अभियंतागण असमय और बिना सूचना के बिजली आपूर्ति बाधित कर आमजन को बिजली-पानी दोनों से वंचित कर अपने हाल पर छोड़ दें रहे हैं। इस कुव्यवस्था को अविलम्ब दूर कर निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति बहाल नहीं किया जाता है, तो विभाग के खिलाफ अनुमंडल स्तर पर राजद महागठबंधन क्रमबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इसकी पूरी जिम्मेवारी विद्युत विभाग की होगी।

लाशों में भी जाति ढूंढने वाले नेता हैं तेजस्वी : प्रभाकर मिश्र

पटना, प्रात :किरण संवाददाता

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि लालू का परिवार जातिवाद की पराकाष्ठा को पार कर गया है। तेजस्वी यादव लाशों में भी जाति ढूंढते हैं। उन्होंने शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि तेजस्वी की स्थिति ह्यचोर बोले जोर सेह्न जिसका परिवार जंगल राज का सूत्रधार रहा है, जिनके शासनकाल में अनेक नरसंहार हुए, वह आज कानून व्यवस्था की पाठ पढ़ा रहा है। श्री मिश्र ने कहा कि बिहार में कानून का राज है। अपराध करने वाले चाहे कोई भी हों, बख्शे नहीं जाते। अपराध करने वालों की जगह जेल में है। तेजस्वी यादव में सबसे बड़ी गड़बड़ी यही है कि हर घटना को जाति का चश्मा लगा कर देखते हैं। अब चुनाव बीत गया, अब तो जाति के दायरे से बाहर निकलना चाहिए। छपरा में अधिवक्ता पिता-पुत्र की हत्या दुर्भाग्यपूर्ण है। लेकिन, तेजस्वी दुख इसलिए जता रहे हैं कि अधिवक्ता पिता -पुत्र यादव जाति के थे। यह तेजस्वी की घड़ियाली आंसू है। उन्हें शायद नहीं मालूम कि पति-पत्नी की सरकार में बिहार में सबसे अधिक यादव जाति के लोगों की हत्या हुई थी। उन्हें यह भी याद रखना चाहिए कि चुनाव के दौरान सारण में क्या हुआ था। वोटरों के बीच आतंक फैलाने वाले कौन लोग थे, बूथ पर जाकर वोटरों को कौन धमका रहा था। तेजस्वी पहले अपने परिवार और आपराधिक प्रवृत्ति वाले कार्यकर्ताओं की खबर लें। श्री मिश्र ने कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार है, अपराधियों को उनके मांद से खींच कर बाहर निकालेगी। सारण में अधिवक्ता पिता-पुत्र की हत्या के पीछे भूमि विवाद है। खैर, कारण जो भी यह घटना निंदनीय है और पुलिस शीघ्र ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लेगी। ऐसी घटना को जाति का रंग देना निराशाजनक है।

कैट बिहार अध्यक्ष इंडो - नेपाल व्यापार को बढाने के लिए नेपाल के कृषि मंत्री से की मुलाकात

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) बिहार अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा अपनी पत्नी श्रीमती मंजू वर्मा के साथ नेपाल के कृषि मंत्री माननीया श्रीमती ज्वालाकुमार शाह जी से उनके आवास काठमांडू में मुलाकात हुई। मुलाकात काफी सफल रहा । कैट बिहार अध्यक्ष ने इंडो - नेपाल का सम्बन्ध को ध्यान में रखते हुए व्यापार मे भी काफी सम्भावना यों पर भी प्रकाश डाला। नेपाल में कृषि क्षेत्र मे बहुत सम्भावना है ऐसा माननीया मंत्री महोदया ने बताया।

नेपाल के बहुत से युवा दुबई, सिंगापुर व अन्य देशों मे नौकरी के लिए चले जा रहे है उनके लिए रोजगार दे कर पलायन कैसे रोका जाए इस पर भी चर्चा हुई। कैट बिहार अध्यक्ष की बातो से प्रभावित होकर माननीया मंत्री महोदया ने नेपाल के प्रधानमंत्री जी से एक बैठक 14 जून को शाम को निर्धारित किया गया है। यह कैट बिहार की बहुत बड़ी उपलब्धि है।

इंडियन रेलवे प्रोमोटी आफिसर्स फेडरेशन के कार्यपालिका समिति की दो दिवसीय बैठक का हुआ आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता

पटना । इंडियन रेलवे प्रोमोटी आफिसर्स फेडरेशन के कार्यपालिका समिति की 02 दिवसीय बैठक का पटना में आयोजन किया गया। इस आयोजन को पूर्व मध्य रेल प्रोमोटी आफिसर्स एसोसिएशन के द्वारा मेजबानी किया गया। बैठक में पूरे भारतीय रेल से लगभग 70 से अधिक अधिकारियों ने भाग लिया। विदित हो कि इंडियन रेलवे प्रोमोटी आफिसर्स फेडरेशन पूरे भारतीय रेल में कार्यरत लगभग 6500 से अधिक प्रोन्नत अधिकारियों के विकास, कैरियर उन्नयन एवं अन्य भविष्य की कल्याणकारी योजनाओं पर कार्य करता है। बैठक के अन्य मुद्दों के साथ-साथ दौरान प्रोमोटी आफिसर्स के ग्रुप-ए में इंडक्शन पर गहन चर्चा की गई। खासतौर पर, इंजीनियरिंग, लेखा एवं कार्मिक विभाग के अधिकारियों के ग्रुप-ए में इंडक्शन में हो रहे विलंब कम करने के लिए फेडरेशन के समक्ष सभी क्षेत्रीय रेल के प्रतिनिधियों द्वारा अनुरोध किया गया। विभिन्न रेलवे से आए अधिकारियों के द्वारा विशेष रूप से अपनी क्षेत्रीय मामलों के साथ-साथ ग्रुप-बी अधिकारियों की समस्याओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इंडियन रेलवे प्रोमोटी आफिसर्स फेडरेशन कार्यपालिका समिति के द्वारा सभी सहभागी अधिकारियों के द्वारा उठाये गये मुद्दों पर अपना पक्ष रखा और सभी समस्याओं पर समेकित रूप से रेलवे बोर्ड स्तर पर मुद्दों को उठाये जाने का आश्वासन भी दिया गया। यह भी उल्लेखनीय है कि ह्रदेश की धड़कनह्न और ह्यह्यप्रगति का पहियाह्यह्य उपनामों वाली भारतीय रेल संगठन को परिचालित करने में प्रोमोटी आफिसर्स एक मजबूत कड़ी का काम करती है और सदैव कर्तव्य निर्वहन के लिए तत्परता से अपनी भूमिका को स्थापित करती है। 02 दिनों के इस गहन बैठक में पूर्व मध्य रेल प्रोमोटी आफिसर्स एसोसिएशन के द्वारा की गई व्यवस्था एवं अन्य संचालन संबंधित कार्रवाई की सभी सहभागियों द्वारा सराहना की गई।

रक्तदान दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। पारस एचएमआरआई, में शुक्रवार को विश्व रक्तदान दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम एंव रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 100 से ज्यादा लोगों ने रक्तदान किया। विश्व रक्तदान दिवस हर साल 14 जून को मनाया जाता है जिसका मुख्य उद्देश्य रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना है। देश में हर दिन करीब 12 हजार लोगों की मौत समय पर ब्लड न मिल पाने के कारण हो जाती है और ब्लड की यह कमी होती है रक्तदान से जुड़ी जानकारी के अभाव और भ्रमों के कारण रक्तदान न करनें से। विभिन्न शोध बताते हैं कि रक्तदान करने से न केवल रक्त पाने वाले की जान बचती हैं बल्कि रक्त देने वाले को भी कई फायदे होते हैं। एक शोध के अनुसार नियमित रक्तदान करने वाले लोगों में हार्ट अटैक का खतरा कम होता है। इसके अलावा हृदय से जुड़ी अन्य बीमारियों का भी खतरा कम हो जाता है। इसके अलावा ऑक्सफोर्ड एकेडमिक के अनुसार नियमित रक्तदान करने से पेट, गले, फेफड़े और आंतों के कैंसर का खतरा भी कम होता एंव लिवर सेहतमंद रहता है, जिससे शरीर डिटॉक्स होता है। ये बातें पारस एचएमआरआई के कंसल्टेंट व विभागाध्यक्ष ब्लड बैंक सेंटर डॉ. शान्तनु कुमार ने कही।

पारस एचएमआरआई के फैसिलिटी डायरेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि नियमित रूप से ब्लड डोनेशन से इम्यूनिटी बढ़ती है।रक्त का गाढ़ापन कम होता है इससे दिल को फायदा होता है। यह ब्लड प्रेशर कम करता है, जिससे हार्ट अटैक का खतरा घटता है। रक्तदान के 24 घंटे बाद शरीर प्लाज्मा की भरपाई कर लेता है। इसलिए रक्तदान अवश्य करें इससे डरने की जरूरत नहीं है रक्त दान महां दान है।

पारस एचएमआरआई के बारे में

पारस एचएमआरआई, पटना बिहार में 2013 से कार्यरत है। पारस एचएमआरआई में एक ही स्थान पर सभी चिकित्सा सुविधाएं हैं। हमारे पास एक आपातकालीन सुविधा, तृतीयक और चतुधार्तुक देखभाल, उच्च योग्य और अनुभवी डॉक्टरों के साथ चिकित्सा केंद्र है। पारस इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर बिहार में अपनी विशेषज्ञता, बुनियादी ढांचे और कैंसर देखभाल प्रदान करने के लिए प्रसिद्ध है।

मार्केट मालिक एवं दुकानदार विवाद निवारण समिति का गठन

- अशोक राजपथ व संपर्क पथों से अतिक्रमण हटाने पर प्रशासनिक उपेक्षा पर रोष

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मच्छरहट्टा मंडी के मार्केट के मालिक और दुकानदारों के बीच विभिन्न पहलुओं को लेकर आए दिन विवाद होता रहता है। इन विवादों को पटना सिटी व्यापार मंडल आपसी समझौते के तहत निबटारा करते रहते हैं। इन्हीं बातों को लेकर मंडल के टेढ़ी घाट स्थित कार्यालय में पटना सिटी व्यापार मंडल की बैठक अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें दुकानदारों ने अनेक विवाद रखे। इसके निबटारे के लिए मार्केट मालिक एवं दुकानदार विवाद निवारण समिति का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष के अलावा कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप कुमार, महासचिव अवधेश कुमार सिन्हा, कन्हाई पटेल तथा शारदानंद प्रसाद शामिल हैं। बैठक में पटना सिटी में सड़क जाम से निजात के लिए एसडीओ गुंजन सिंह को अनेक स्मारपत्र व नक्शा सहित सुझाव देने के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं किए जाने पर आक्रोश व्यक्त किया गया। बैठक में उच्च अधिकारियों के द्वारा पटना के वीवीआईपी इलाकों को ही अतिक्रमण मुक्त करने की पहल को यहां के निवासियों के साथ अन्याय करार देते हुए कहा गया कि पटना सिटी को हमेशा से नजरअंदाज किया जाता रहा है। जनप्रतिनिधि भी इस मामले में उदासीन हैं। इसलिए पटना सिटी व्यापार मंडल इसके लिए स्वयं उच्च अधिकारियों से मिल कर पटना सिटी की अनदेखी के खिलाफ स्मार पत्र सौंपने का काम करेगा। इसके बाद भी कोई बदलाव नहीं दिखा, तो फिर आंदोलन के लिए मजबूर होना होगा। बैठक में राजकुमार शर्मा, असगर अली, नवल किशोर राम, विचित्रमणि, अखनी राज आदि शामिल थे।

बढ़ते अपराध के खिलाफ राजद ने किया मौन प्रदर्शन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार में बढते अपराध को लेकर पटना साहिब राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकताओं ने प्रयाग नगर, नहर रोड पर सरकार के प्रशासनिक विफलता के विरोध में मौन प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने संयुक्त रूप बयान जारी कर कहा है कि बिहार में डबल इंजन की सुशासन बाबू की सरकार और उससे में भी दो-दो उपमुख्यमंत्री के प्रशासनिक संवेदन हीनता और लापरवाही के कारण बेखौफ अपराधियों ने अनुमंडल में भी एक महीना में आधा दर्जन से भी अधिक हत्या कर चुका है। नेताओ ने सरकार पर आरोप लगाया है कि सरकार और प्रशासन के संरक्षण में बिहार में दारू और गेसिंग का धंधा फल-फूल रहा है। डबल इंजन की सरकार शराबबंदी के नशे में कुंभकरण निंद्रा में सोई है और प्रशासन के संवेदनहीनता के कारण बिहार में अपराधी तांडव कर रहा है। प्रदर्शन करने वालों में राजद के प्रदेश महासचिव सह पूर्व पार्षद प्रदीप मेहता, पूर्व प्रदेश महासचिव सल्मान अख्तर, पटना महानगर के प्रधान महासचिव उत्तम मेहता, उमेश पंडित, रतन यादव, अजीत सिंह कुशवाह, पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष अमोद कुमार, संतोष मेहता, शकुंतला प्रजापति, पप्पू खान, बबलू राम, डॉ अनवर इमाम, सतोष पंडित, पंकज कुमार सिंह, अशोक साह, छोटू राम, अरुण सोनकर वासुदेव पंकज आदि शामिल थे।

शिक्षकों पर हुई कार्रवाई की वापसी एवं वेतन कटौती, निलंबन एवं बर्खास्तगी हो समाप्त

परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ ने सरकार से की मांग

प्रात :किरण संवाददाता

फुलवारीशरीफ :- गोपाल विद्यार्थी` परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ के प्रदेश कार्यकारी संयोजक नवनीत कुमार एवं प्रदेश संगठन महामंत्री शिशिर कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर शिक्षकों पर हुई कार्रवाइयों को वापस लेने की मांग की है। नेता द्वय ने बताया कि शिक्षा सुधार के नाम पर निवर्तमान अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग के द्वारा शिक्षकों पर कई तरह की कार्रवाइयाँ की गई है। जिसमें शिक्षकों के वेतन कटौती, निलंबन एवं बर्खास्तगी प्रमुख हैं। पिछले एक वर्ष में शिक्षकों का जो मानसिक दोहन और शोषण हुआ है उसकी भरपाई विभाग द्वारा कार्रवाइयों को वापस लेकर की जा सकती हैं। इस अवधि के दौरान शिक्षकों को अनावश्यक एवं पूर्वाग्रह से ग्रस्त होकर तरह-तरह की प्रताड़नाएं दी गई हैं। गर्मी की छुट्टी समेत होली, रक्षाबंधन एवं अन्य त्योहारों में छुट्टियों की कटौती इसका ज्वलंत उदाहरण है। इसके अलावा मनमाने तरीके से स्कूल टाइमिंग को बदलना न केवल शिक्षकों के लिए बल्कि छात्रों के लिए भी कठिन रहा है। प्रदेश मीडिया प्रभारी मृत्युंजय ठाकुर ने बताया कि राज्य के करोड़ों बच्चे जो सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे हैं उनका भविष्य बनाना शिक्षकों का कार्य है। राज्य के शिक्षक पूरी निष्ठा लगन और ईमानदारी से शिक्षण कार्य कर रहे हैं। इसके बावजूद विभाग द्वारा एक भय का माहौल बनाया गया संविदाकर्मियों, अनुबंधकर्मियों, नियोजित, शिक्षा विभाग से इतर लोगों एवं कनीय कर्मचारियों के द्वारा विद्यालय निरीक्षण कराना शिक्षकों की प्रतिष्ठा को धूमिल कर रहा है। इस पर अविलंब रोक लगाई जाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि नए अपर मुख्य सचिव के आने के उपरांत कई बदलाव किए गए हैं ,जो सराहनीय हैं। श्री ठाकुर ने मांग किया कि शिक्षा एवं शिक्षक हित में शिक्षकों पर हुई कार्रवाई अविलंब वापस ली जाय ताकि शिक्षक भयमुक्त एवं संशयमुक्त होकर अपने कार्यों का निर्वहन कर सकें।

ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए ट्रांसजेंडर पहचान प्रमाण पत्र कैंप को किया आयोजित

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर खगौल नगर के गांधी हाई स्कूल केंपस में ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए ट्रांसजेंडर पहचान प्रमाण पत्र कैंप को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र इसाबेल चान कंट्री डायरेक्टर यूएनडीपी इंडिया, डॉ चिरंजीवी भट्टाचार्य नेशनल प्रोग्रामऑफिसर यूएनडीपी इंडिया के द्वारा हुआ इस कार्यक्रम में विशेष कार्य पदाधिकारी सुजाता राज समाज कल्याण विभाग उपस्थिति रही। कार्यक्रम में ट्रांसजेंडर समुदाय के 70 व्यक्तियों ने भाग लिया जिसमें 31 व्यक्तियों को ट्रांसजेंडर प्रमाण पत्र के आवेदन प्राप्त किए गए जो की ट्रांसजेंडर प्रमाण पत्र के लिए आवश्यक कार्यवाही के लिए आगे बढ़ाया गया। ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के प्रमाण पत्र बनाने में आ रही कठिनाइयों के लिए विशेष कार्य पदाधिकारी समाज कल्याण विभाग ने दिलासा दिया कि हम पूर्ण सहयोग करेंगे। इसाबेल जी के द्वारा कहा गया कि हम निरंतर सहयोग करेंगे कि ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के प्रमाण पत्र आसानी से उपलब्ध हो डॉक्टर चिरंजीवी जी के द्वारा पूरे कार्यक्रम का संयोजन एवं नेतृत्व किया गया रेशमा प्रसाद के द्वारा यूएनडीपी इंडिया के सहयोग के लिए भूरी भूरी प्रशंसा की गई क्योंकि पूरे भारत में ट्रांसजेंडर पहचान को स्थापित करने में यूएनडीपी का बहुत बड़ा हाथ है कि उन्होंने 2008 से इस जिंदगी के आजादी के लिए सहयोग करते रहे। आज भारत में ट्रांसजेंडर व्यक्ति,पहचान प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर सकते हैं परंतु इसकी कठिनाइयों को कैसे आसानी कर दिया जाए कि हर ट्रांसजेंडर व्यक्ति ट्रांसजेंडर प्रमाण पत्र जरूर रखें।कार्यक्रम का धन्यवाद 17 अनुप्रिया सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में तीन व्यक्तियों को ट्रांसजेंडर समुदाय को सहयोग करने के लिए सम्मानित किया गया जिसमें पटना वूमेनह्नएस कॉलेज की इतिहास विभाग की विभाग अध्यक्ष सिस्टर सीलिंन, बबीता जी एवं देव प्रिया दत्ता को उनके निरंतर सहयोग के लिए दोस्तानासफर के द्वारा सहयोग करता के लिए स्तंभ पुरस्कार प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भानु कुमार, सरवन कुमार,रानी तिवारी, कुसुम ,कबीर ,आशु, नेहा यादव, अभिनव कुमार मौजूद थे।

सिखों के प्रति नसलीय हिंसा चिंता का विषय : जगजोत सिंह

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही ने पिछले कुछ दिनों से सिखों के प्रति नसलीय हिंसा की घटनाएं होने पर चिंता जताई है। साथ ही दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई प्रशासन से करने की गुहार लगाई है।

श्री सोही ने कहा कि हरियाणा के कैथल में जिस प्रकार कुछ अज्ञात लोगों के द्वारा एक सिख युवक को खालिस्तानी कह कर पीटना शर्मनाक और निंदनीय है। एक ओर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सिख समुदाय को देश ही नहीं, विदेशों में भी सम्मान दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं अपने ही देश में सिख समुदाय के प्रति इस तरह की घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है। यह दशार्ता है कि कुछ शरारती तत्व हैं, जो देश में हिन्दू व सिख भाईचारे में दरार डालने का प्रयास कर रहे हैं। उनके मंसूबे पूरे नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि इतिहास में सबसे अधिक कुर्बानियां इस देश के लिए सिखों ने दी, मगर आज भी उन्हें अपनी देशभक्ति साबित करने के मजबूर किया जाता है।

किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता : मंगल

कृषि मंत्री बामेती सभागार में आयोजित राज्यस्तरीय खरीफ कार्यशाला का किया उद्घाटन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने शुक्रवार को बामेती पटना के सभागार में आयोजित राज्यस्तरीय खरीफ कार्यशाला का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने की। इस अवसर पर कृषि विभाग के सोशल मिडिया के लिए किसान चाचा और किसान चाची मैस्कॉट का लोकार्पण किया गया। मंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि गत वर्ष से कृषि विभाग द्वारा विभिन्न फसलों के आच्छादन का आकलन ग्राम स्तर से बिहान ऐप के माध्यम से किया जा रहा है, जिसे जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा सत्यापित कर अंतिम रूप दिया जाता है। इस वर्ष धान का कुल आच्छादन 36.54 लाख हेक्टेयर, मक्का का 2.93 लाख हेक्टेयर, अरहर का 0.56 लाख हेक्टेयर, मूंग का 0.17 लाख हेक्टेयर जबकि मोटे अनाज में बाजरा का 0.15 लाख हेक्टेयर, ज्वार का 0.16 लाख हेक्टेयर, मड़ुआ का 0.29 लाख हेक्टेयर तथा अन्य दलहन का 0.11 लाख हेक्टेयर क्षेत्र का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। धान का निर्धारित आच्छादन क्षेत्र के अनुसार 3.65 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बिचड़ा गिराने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक कृषि में बीज की महत्वपूर्ण भूमिका है। राज्य में खरीफ मौसम में किसानों को उचित मूल्य पर गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री तीव्र बीज विस्तार योजना अन्तर्गत किसानों को 5069.52 क्विंटल धान का बीज 90 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य राज्य में अधिक उपजशील नवीनतम प्रभेदों के आधार बीज को सुदुर ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुँचाना है। राज्य में प्रमाणित बीज उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु प्रमाणित बीज उत्पादन कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 10 वर्ष से कम आयु के प्रभेदों के प्रमाणित बीज उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीज उत्पादन हेतु 8152 क्विंटल विभिन्न फसलों के बीज किसानों को उनके द्वारा उत्पादित प्रमाणित बीज की मात्रा के आधार पर 75 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि

इस वर्ष 36.54 लाख हेक्टेयर धान का उत्पादन का लक्ष्य

दी जायेगी। खरीफ 2024 में फसल विविधता, पारंपरिक और जलवायु अनुकूल फसलों को बढ़ावा देने तथा क्षेत्र विस्तार के लिए बीज वितरण कार्यक्रम अन्तर्गत विभिन्न फसलों के यथा धान 76,272.52 क्विंटल, अरहर 4815.64 क्विंटल, संकर मक्का 22468.32 क्विंटल, मड़ुआ 2640 क्विंटल, बाजरा 666.5 क्विंटल, ज्वार 1106.5 क्विंटल, अन्य मिलेट्स यथा कंगनी, कौनी, सांवा तथा कोदो 2340 क्विंटल, स्वीट कॉर्न 36.66 क्विंटल, बेबी कॉर्न 100 क्विंटल आदि सहित कुल 110446.14 क्विंटल प्रमाणित बीज का वितरण 50 प्रतिशत अनुदान पर किया जा रहा है। इससे बीज विस्थापन दर को बढ़ावा मिलेगा। बिहार राज्य बीज निगम द्वारा किसानों से बीज के लिए ऑन लाईन आवेदन लिया जा रहा है, जिसमें होम डिलीवरी भी शामिल है।

उर्वरकों की आपूर्ति करने हेतु जीरो टॉलरेंस नीति का कड़ाई से अनुपालन

उन्होंने कहा कि इस खरीफ मौसम में यूरिया 9.87 लाख मैट्रिक टन, डीएपी 2.50 लाख मैट्रिक टन, एमओपी 0.35 लाख मैट्रिक टन तथा एनपीके 02 लाख मैट्रिक टन की आवश्यकता होगी। किसानों को ससमय उर्वरक उपलब्ध कराने तथा उचित मूल्य पर उर्वरकों की आपूर्ति करने हेतु सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। मंत्री ने बताया कि स वित्तीय वर्ष में 19574 एकड़ में जैविक खेती करने हेतु किसानों को जैविक उपादान के लिए 6,500 रुपए प्रति एकड़ की दर से अग्रिम अनुदान दिया जायेगा। एक किसान अधिकतम 2.5 एकड़ के लिए इस अनुदान का लाभ ले सकता है। हरी खाद योजना के अंतर्गत राज्य में खरीफ मौसम में 93,000 हे क्षेत्र के लिए किसानों के बीच 90 प्रतिशत अनुदान पर 18600 क्विंटल ढैंचा बीज वितरण किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि इस वि×ीय वर्ष में राज्य के सभी ग्रामों से कुल 5.00 लाख मिट्टी जाँच नमूनों के संग्रहण/विश्लेषण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक 417275 मिट्टी जाँच नमूनों का संग्रहण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य में खरीफ फसल के बेहतर उत्पादन हेतु भूमि संरक्षण निदेशालय तथा बिहार जलछाजन विकास समिति द्वारा भूमि एवं जल संरक्षण संबंधित योजनाओं का कार्यान्वयन किया जायेगा। सात निश्चय-2 योजना के अंतर्गत हर खेत तक सिंचाई का पानी उपलब्ध कराने के लिए छोटी-छोटी नदियों से निकलने वाले नाले पर 30 फीट तक का 212 पक्का चेक डैम का निर्माण कराया जायेगा।

बागवानी करने के लिए फलदार वृक्षों का किया जायेगा क्षेत्र विस्तार :

श्री पांडेय ने कहा कि खरीफ मौसम में राष्ट्रीय बागवानी मिशन एवं मुख्यमंत्री बागवानी मिशन के अंतर्गत राज्य में 7079 हे में वैज्ञानिक तरीके से बागवानी करने के लिए फलदार वृक्षों का क्षेत्र विस्तार किया जायेगा। इसके तहत 5379 हे में टिश्यू कल्चर केला, 800 हे में आम, 50 हे में लीची, 400 हे में अमरूद, 450 हे में आँवला का नया बागान लगाने के लिए किसानों को 50 प्रतिशत सहायतानुदान पर पौध-सामग्री उपलब्ध कराई जायेगी। इसके अतिरिक्त शुष्क बागवानी योजना के तहत 2000 हे क्षेत्र के लिए किसानों को 50 प्रतिशत सहायतानुदान पर फलदार वृक्ष के पौध-सामग्री उपलब्ध कराया जायेगा। साथ ही, विशेष उद्यानिक फसल योजना के अंतर्गत 100 हे० में चाय की खेती के क्षेत्र विस्तार के लिए किसानों को 4.94 लाख/हे इकाई लागत का 50 प्रतिशत सहायतानुदान दिया जायेगा।

गाँव-गाँव में किसान चैपाल का किया जाएगा आयोजन : सचिव

कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि इस वर्ष फरवरी माह में ही खरीफ मौसम सभी महत्वपूर्ण योजनाओं की स्वीकृति विभाग द्वारा दी गई। दो महीने से लगातार खरीफ मौसम की तैयारी की जा रही है। इस कार्यशाला के बाद गाँव-गाँव में किसान चैपाल का आयोजन किया जायेगा। इस वर्ष बदलते मौसम को देखते हुए वर्षाश्रित जिलों क्लस्टर में खरीफ मक्का एवं मोटे/पोषक अनाज की खेती के लिए किसानों का चयन कर लिया गया है। खरीफ मक्का के लिए जिलों को ऊँची भूमि में क्लस्टर चयन करने का निदेश दिया गया है। इस वर्ष गरमा मौसम में हरी चादर योजना अन्तर्गत मूँग तथा ढैंचा की खेती को बढ़ावा दिया गया है। साथ ही, तिल की खेती का रकवा बढ़ने से तिलकुट उद्योग को सस्ते दर पर तिल उपलब्ध हो सकेगा।

ये रहे मौजूद :

इस कार्यक्रम में कृषि विभाग के कृषि निदेशक मुकेश कुमार लाल, निदेशक उद्यान अभिषेक कुमार, अपर सचिव शैलेन्द्र कुमार, संयुक्त निदेशक मनोज कुमार, कृषि मंत्री के आप्त सचिव अमिताभ सिंह, निदेशक, पीपीएम धनंजयपति त्रिपाठी, निदेशक बामेती आभांशु सी जैन, निदेशक बसोका सनत कुमार जयपुरियार, निदेशक भूमि संरक्षण सुदामा महतो सहित मुख्यालय एवं क्षेत्र के अन्य पदाधिकारी तथा वैज्ञानिकगण उपस्थित थे।

गया जिला के खनिज विकास पदाधिकारी किये गये निलंबित

● नियमानुकूल कार्रवाई नहीं करने और स्पष्टीकरण नहीं देने पर हुई कार्रवाई : विजय

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

उप मुख्यमंत्री सह खान एवं भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने नियमानुकूल कार्य नहीं करने, स्मारपत्र के बावजूद स्पष्टीकरण समर्पित नहीं करने और स्वेच्छाचारिता के आरोप में गया जिला के खनिज विकास पदाधिकारी निधि भारती को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने एवं आरोप पत्र गठित कर उनपर विभागीय कार्यवाही चलाने का आदेश दिया है।

श्री सिन्हा ने कहा है कि विभागीय कर्मियों द्वारा मनमानी, स्वेच्छाचारिता, अनुशासनहीनता और भ्रष्ट आचरण के कारण अवैध बालू खनन एवं परिवहन को बढ़ावा मिल रहा है। गया जिला के बंदोबस्त बालूघाट संख्या-39 (गया पुल 03) के मामले में निलंबित अधिकारी ने अनियमितता बरती थी।

विभाग द्वारा पत्र एवं स्मार पत्र के वाबजूद उनके द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया। विभाग के उच्चाधिकारी द्वारा उक्त बालूघाट एवं एक अन्य बालूघाट का निरीक्षण करने पर विभिन्न मानकों पर अनियमितता प्रतिवेदित की गयी थी।

श्री सिन्हा ने कहा कि राज्य में सुगमतापूर्ण एवं ईमानदारी से खनन कार्य हेतु बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियमावली, 2019 लागू है। जिन पदाधिकारियों द्वारा इसका अनुपालन नहीं किया जायेगा उन पर विभाग द्वारा कठोर कार्रवाई की जायेगी। बंदोबस्तधारियों, परिवहन करने वाले एजेंसियों एवं विभागीय पदाधिकारियों, जिला समाहर्ता, पुलिस अधीक्षक, अनुमंडलाधिकारी सहित सभी थानाध्यक्षों का दायित्व है कि वे उक्त नियम का पालन कर पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करें। सही लोगों को सहयोग और गलत लोगों को दंडित कर अवैध खनन एवं परिवहन को रोकना विभाग का लक्ष्य है।

ज्यादा दिन नहीं चलने वाली है तानाशाह की सरकार : तेजस्वी

● नेता प्रतिपक्ष ने कोलकाता पहुंचकर बोला बड़ा हमला

पटना/कोलकाता। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव शुक्रवार को कोलकाता पहुंचे। राजद नेता ने केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जनता ने अपना स्पष्ट संदेश दिया है। केंद्र में कमजोर सरकार बनी है। इस सरकार में बिहार निर्णायक भूमिका में है। देश की जनता ने पीएम मोदी को अपना संदेश दिया है। जिस तरह से केन्द्रीय जांच एजेंसियों का दुरूपयोग हुआ। तानाशाही चल रही थी। संविधान और लोकतंत्र पर हमला बोला जा रहा था। उन सबका जवाब जनता ने अपने जनादेश में दिया है। तेजस्वी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के शुरू होते ही भाजपा ने अबकी बार 400 पार का नारा दिया था। वहीं जनता ने बीजेपी को सिर्फ 240 पर समेट दिया। उन्होंने कहा कि देश को मजबूत विपक्ष मिला है। सत्ता पक्ष के आसपास की विपक्ष की संख्या है। मोदी सरकार बैसाखी पर चल रही है।

दरअसल, तेजस्वी यादव ने कोलकाता में संवाददाताओं से बात करते हुए केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने फिर से आरोप लगाये कि जाँच एजेंसियां का विरोधियों के खिलाफ दुरूपयोग किया जा रहा था। इसी कारण देश की जनता ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को 240 सीटों पर समेट दिया। मौजूदा सरकार में बिहार की अहम भूमिका होने का दावा करते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर निशाना साधा कि राज्य हित में केंद्र से बेहतर काम कराए जाएँ। लोकसभा चुनाव में तेजस्वी यादव की पार्टी राजद ने बिहार में 4 संसदीय सीटों पर जीत हासिल की है। वहीं बिहार की 40 संसदीय सीटों में एनडीए को सिर्फ 30 पर सफलता मिली जबकि वर्ष 2019 में एनडीए ने 39 सीटें जीती थी। ऐसे में बिहार में एनडीए को बड़ा झटका लगा। अब केंद्र में 240 सांसदों के साथ जहां भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है वहीं दुसरे नम्बर पर टीडीपी है जिसके 16 सांसद हैं। वहीं जदयू 12 सांसदों के साथ तीसरी सबसे पार्टी है। तेजस्वी के कोलकाता दौरे को बेहद अहम माना जा रहा है। वे इस दौरान देश के सियासी समीकरणों को लेकर कुछ नेताओं से मिल सकते हैं। साथ ही लोकसभा में कैसे विपक्ष के सभी दल बेहतर सामंजस्य बनाकर सत्ता पक्ष के खिलाफ मजबूती से जनहित के मुद्दों को उठायें इस पर भी अहम चर्चाएँ हो सकती है।

पीएम मोदी ने दस वर्षों में आम आदमी की खोज खबर नहीं ली : शिवानंद

गरीब तबके के लोग रेल गाड़ियों में भेड़ बकरी की तरह सफर करने को मजबूर

● वंदे भारत छोड़, पुरानी तथा सामान्य गाड़ियों पर रेलवे का कोई ध्यान नहीं

पटना। राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवानंद तिवारी ने केन्द्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला है। श्री तिवारी ने कहा कि मोदी ने अपने दस वर्षों के शासन काल में देश के सामान्य आदमी की खोज खबर नहीं ली। हर क्षेत्र में यही दिखाई दे रहा है। जैसे रेल रेल हमारे देश में आवागमन का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। रोजाना दो करोड़ से ज्यादा लोग रेल से सफर करते हैं। मोदी जी ने रेल को आधुनिक बनाने के ख्याल से वंदे भारत गाड़ियों की शुरूआत की। प्रधानमंत्री जी इन गाड़ियों को कितना महत्वपूर्ण मानते हैं इसका उदाहरण है कि वंदे भारत गाड़ियों को स्वयं झंडी दिखाकर रवाना करते हैं। अब 102 वंदे भारत गाड़ियां चलायी जा रही हैं। वंदे भारत प्रधानमंत्री जी को अत्यंत प्रिय हैं। इसलिए रेलवे का पूरा ध्यान वंदे भारत पर है। पुरानी तथा सामान्य गाड़ियों की दुर्दशा है। हमारे देश के गरीब और सामान्य आदमी के लिए वंदे भारत सपना है।? जब ये गाड़ियाँ गुजरती हैं, तो देश का गरीब आदमी इन गाड़ियों को टुकुर-टुकुर देखता है। वंदे भारत उनके लिए अजूबा है। हमारे बिहार की आबादी का बहुत बड़ा हिस्सा रोजी रोटी के लिए हर साल यहाँ से पलायन करता है। इस श्रेणी के लोग श्रमिक हैं। श्रम के अलावा अपना और परिवार के भोजन पानी के लिए इनके पास दूसरा कोई जरिया नहीं है। सामान्य बुद्धि से यह समझा जा सकता है कि सर्वहारा वर्ग में प्रायः दलित, अति पिछड़े, पिछड़े, मुसलमानों का पसमांदा का बड़ा हिस्सा शामिल है। सामान्य वर्ग के लोग भी पलायन करते हैं। लेकिन यह श्रमिक वर्ग नहीं है। प्रायः श्रमिकों की निगरानी यानी मुंशीगिरी वगैरह का काम करते हैं। पटना में रिक्शा चलाने वालों में शायद ही कोई सामान्य वर्ग का चालक मिले। ये लोग रेल में कैसे यात्रा करते हैं ! कभी उन रेल गाड़ियों को देखिये जिनमें ये यात्रा करते हैं। उन गाड़ियों को देख कर ऐसा लगता है कि इंसान और भेड़ बकरियों का फर्क.मिट गया है। ऐसी धक्कम पेली कि शौचालय में भी लोग बैठ कर यात्रा करते हैं। जानता हूँ कि निकट भविष्य में बिहार में इनके लिए काम का जोगाड़ करना कठिन है। यहाँ भी विकास की दृष्टि मोदी जी से अलग नहीं है। पटना ही इसकी गवाही दे रहा है। अब तो पटना को भी स्मार्ट बनाने का अभियान चल रहा है। स्मार्टनेश का मतलब है कि सड़कों के किनारे तरह तरह के काम से जो अपना और अपने परिवार का गुजारा करते हैं उनको शहर से खदेड़ने का अभियान, पटना के स्मार्टनेश को ये लोग बिगाड़ते। जहाँ तहाँ चार चक्का वालों को अपनी मोटर गाड़ी की स्पीड धीमी करनी पड़ती है। राजधानी स्मार्ट रहे और बाकी बिहार गँवई रहे । राज चलाने वाले या गरीबों के नाम पर राजनीति करने वाले लोगों को बिहार की सच्चाई नजर नहीं आती। लेकिन बिहार क्या इतना कमजोर है कि हमारे यहाँ से जो पलायन कर रहे हैं वे रेल गाड़ियों में इंसान की तरह तरह सफर करें, भेड़ बकरी की तरह नहीं। अगर गरीबों के लिए इतना भी नहीं कर सकते हैं तो सरकार चलाने वाले या गरीबों की राजनीति का अर्थ क्या है !

रुपौली विधानसभा उपचुनाव में कलाधर मंडल को जदयू ने बनाया प्रत्याशी

● रुपौली विधानसभा उपचुनाव में एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित : उमेश

पटना। रुपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए श्री कलाधर प्रसाद मंडल को जनता दल (यू0) की ओर से प्रत्याशी घोषित किया गया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता कर इसकी औपचारिक जानकारी दी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के सर्वमान्य नेता एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रुपौली की सेवा के लिए सच्चे सेवक को उपचुनाव में प्रत्याशी बनाया है। श्री कलाधर प्रसाद मंडल समाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता के तौर पर लंबे समय से अपने क्षेत्र में सक्रिय हैं, जनसेवा के प्रति उनकी निष्ठा और ईमानदारी पर कोई सवाल खड़े नहीं कर सकता है। वें उपचुनाव जीतकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकासकार्यों को धरातल पर उतारने का काम करेंगे।

श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि रुपौली की महान जनता पिछले कई विधानसभा चुनावों से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर अपना भरोसा जता रही है। हमें पूर्ण विश्वास है कि श्री कलाधर प्रसाद मंडल पिछले सभी रिकॉर्डों को तोड़कर उपचुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे और झूठ फैलाने वालों को रुपौली की जनता सबक सिखाने का काम करेगी। इस प्रेसवार्ता में बिहार सरकार की मंत्री लेसी सिंह, पूर्व सांसद, संतोष कुमार कुशवाहा, विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी एवं विधानपार्षद ललन कुमार सर्राफ सहित जद(यू) के कई वरिय पदाधिकारीगण मौजूद रहें।

गरीबों की जमीनें न लौटाने का कारण बताएं तेजस्वी: राजीव

● कानून व्यवस्था पर ज्ञान देने से पहले आईना देखें तेजस्वी

पटना। नौकरी के बदले जमीन घोटाले को लेकर तेजस्वी यादव पर हमला जारी रखते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि लालू जी ने राजद में जिस भ्रष्टाचार के संस्कार के बीज को रोपा था, राजद के युवराज आज उसे सींच कर वटवृक्ष लगाने में जुटें हुए हैं। यही वजह है कि नौकरी के बदले जमीन घोटाले का मामला खुलने, केस दर्ज होने और चारों तरफ भद्द पिटने के बाद भी यह अभी भी लोगों को उनकी जमीनें लौटाने के लिए तैयार नहीं हैं। उसपर से वह सरकार को कानून व्यवस्था का पाठ पढ़ा रहे हैं। सरकार को ज्ञान देने से पहले तेजस्वी जी को बताना चाहिए कि आखिर गरीब बिहारियों की हड़पने वालों के साथ कानून को क्या करना चाहिए? उन्हें गरीब बिहारियों की जमीनें नहीं लौटाने का कारण भी बताना चाहिए? उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था पर बोलने से पहले तेजस्वी को आईना देखना चाहिए। उन्हें अपनी पार्टी के इतिहास और कुशासन को याद करना चाहिए। चारा से लेकर अलकतरा तक डकारने वाली पार्टी के युवराज को बताना चाहिए कि आखिर कोर्ट ने उनके माता-पिता के शासनकाल को जंगलराज क्यों कहा था? उन्हें समझना चाहिए कि जिनके हाथ बाहुबलियों, रंगदारों और घोटालेबाजों के माथे पर रहता हो उसे इन विषयों पर बोलने का कोई हक नहीं होता। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि दरअसल सीना ठोक कर झूठ बोलना राजद पुरानी आदत है। दुनिया का कोई कुकर्म नहीं होगा जो इनके शासनकाल में बिहार में नहीं होता हो। तब एक तरफ जनता रोजाना होने वाली हत्या, लूट बलात्कार, अपहरण, रंगदारी और नरसंहारों से त्रस्त थी वहीं दूसरी तरफ इनके नेता घोटालों का रिकॉर्ड बनाने में मस्त थें। इसके बावजूद इनका कानून व्यवस्था पर प्रवचन देना इनकी चोरी व सीनाजोरी की आदत को दिखाता है। तेजस्वी यह जान लें कि उनकी ईधर-उधर की बातों से जनता को कोई सरोकार नहीं है। उनके खोखले बयानों में भी किसी को कोई इंटरेस्ट नहीं हैं। उन्हें सीधे-सीधे मुद्दे पर आ कर बताना चाहिए कि गरीबों से हड़पी जमीनें वह कब तक लौटा रहें हैं।

विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर ने दिया इस्तीफा

सदन की सदस्यता भी छोड़ी, अधिसूचना जारी

पटना। बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा सदन के उप सभापति को सौंपा। इसके साथ ही उन्होंने विधान परिषद की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया है। इस संबंध में विधान परिषद सचिवालय से अधिकारिक सूचना जारी की गई है देवेश चंद्र ठाकुर हाल में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में सीतामढ़ी सीट से सांसद चुने गए हैं। जिसके बाद उनके विधान परिषद से सदस्यता खत्म होने के लिए संविधानिक रूप से इस्तीफा देना अनिवार्य था।बता दें देवेश चन्द्र ठाकुर, सभापति, बिहार विधान परिषद् जो द्विवार्षिक निर्वाचन, 2020 में तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान परिषद् के सदस्य निर्वाचित हुए थे, जिसके बाद उन्हें विधान परिषद का सभापति बनाया गया था।

प्रचंड गर्मी व कड़ाके की धूप से लोग रहें हलकान

पटना। बिहार में गर्मी का प्रकोप लगातार जारी रहा है। शुक्रवार को भी बिहार के अधिकांश इलाकों में दिनभर लू चलने व कड़ाके की धूप से लोग हलकान रहें। मौसम विभाग का मानना है कि अगले कुछ दिनों तक इसी प्रकार गर्म हवाएं चलती रहेगी। दो दिन तक अभी गर्मी और झुलसाएगी। दिन कौन कहे रात को भी चैन नहीं है। गर्मी से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को पटना सहित 17 जिलों में भीषण गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है तो सूबे के 8 जिलों में लू को लेकर विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। गोपालगंज, सीवान ,पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, और छपरा में गर्म दिन रहने की संभावना है। पटना, गया, वैशाली, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, सीवान, गोपालगंज मे लोगों को गर्मी आज भी सताएगी। बिहार में मानसून के आने की संभावित तारीख 15 से 18 जून बताई जा रही है। उसके पहले प्री-मानसून बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के अनुसार फिलहाल मौसम कमजोर स्थिति में है इसलिए अगले सप्ताह में बिहार में इसका असर नहीं दिखेगा। 15 जून के बाद बारिश की गतिविधि बढ़ जाएगी । 17 से 18 जून तक पूरे बिहार में मॉनसून फैल जाएगा बिहार के कई इलाकों में गर्मी झुलसा रही है। अस्पताल में लू के कारण बीमार होने वाले मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। शुक्रवार को राज्य के बक्सर, औरंगाबाद, कैमूर, रोहतास जिला के कुछ स्थानों पर लू (भीष्म उष्ण लहर) का रेड अलर्ट जारी किया गया है। भोजपुर, अरवल, गया, सारण, जहानाबाद, नवादा, नालंदा, सीवान, वैशाली समेत नौ जिलों के लिए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए इन जिला में उष्ण लहर की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के उत्तर पश्चिम, उत्तर मध्य, दक्षिण पूर्व के एक दो स्थानों में गर्म दिन रहने के आसार हैं। उत्तर मध्य, उत्तर पूर्व, दक्षिण पूर्व के एक दो स्थानों पर मेघ गर्जन, तेज हवा जिसकी गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से रहने की बात बताई जा रही है। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सर्वाधिक अधिकतम तापमान बक्सर में 47.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई। जबकि गया, बक्सर, भोजपुर, वैशाली, औरंगाबाद, जीरादेई, राजगीर, नवादा, अरवल यह 9 जिला भीष्म उष्ण लहर की चपेट में रहे। मौसम विभाग ने शुक्रवार को अररिया, किशनगंज, सुपौल, पूर्णिया, मधुबनी, कटिहार जिला के एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर के वर्ष की संभावना जताई है। पिछले 24 घंटे के दौरान जिन जिला में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किए गए उन जिला में पटना 41.8, गया 45.7, छपरा 43.0, डेहरी 45.2, मोतीहारी 40.1, शेखपुरा 43.0, गोपालगंज 42.3, जमुई 41.5, बक्सर 47.2, भोजपुर 46.3, वैशाली 45.6, मुजफ्फरपुर 36.4, बांका 38.1, कटिहार 33.2, पूसा 36.2, दरभंगा 36.0, सुपौल 34.6, फारबिसगंज 34.2, मधुबनी 37.5, बेगूसराय 37.5, अररिया 32.7 और किशनगंज 31.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किए गए।

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 06 वर्ष 2024–25

(विशेष शर्त्त मद एवं मात्रा के लिए वेबसाईट State.bihar.gov.in/prdbihar देखें)

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक **24.06.2024** के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्प्यूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू0 50,000 तक– रू0 250/–, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500/–, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750/–, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250/–, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500/– एवं अग्रधन की राशि– 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन कागजात **के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।**

कार्य का विवरणी :–

Sl No.	Name of Work/Specifiation
01-	S/F/F of Furniture at Chamber No.- 267 of G.A.D. at Middle Wing Old Sachiwalaya, Patna for the year 2024-25.
02-	Renovation of Chamber No.- 267 of G.A.D. at Middle Wing Old Sachiwalaya, Patna for the year 2024-25.
03-	S/F/F of Furniture at Chamber No.- 278 of G.A.D. at Middle Wing Old Sachiwalaya, Patna for the year 2024-25.
04-	Renovation of Chamber No.- 278 of G.A.D. at Middle Wing Old Sachiwalaya, Patna for the year 2024-25.
05-	Provision of Bathroom and Other Work in Chamber No.- 278 of G.A.D. at Middle Wing Old Sachiwalaya, Patna for the year 2024-25.
06-	Provision of Tiles and Other Work at Room No.- 268 of G.A.D. at Middle Wing Old Sachiwalaya, Patna for the year 2024-25.
07-	S/F/F of Office Table and Chair for Room No.- 268 of G.A.D. at Old Sachiwalaya, Patna for the year 2024-25.
08-	S/F/F of Compactor at Chamber No.- 264 + 265 of G.A.D. at Middle Wing Old Sachiwalaya, Patna for the year 2024-25.
09-	Renovation of Chamber Room No.- 264 + 265 of G.A.D. at Middle Wing Old Sachiwalaya, Patna for the year 2024-25.
10-	S/F/F of Workstation for Room No.- 264 + 265 of G.A.D. at Middle Wing Old Sachiwalaya, Patna for the year 2024-25.
11-	S/F/F of Office Table and Chair and Others at Room No.- 264 + 265 of G.A.D. at Middle Wing Old Sachiwalaya, Patna for the year 2024-25.

1. विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

PR- 001932 (B C D) 2024-25

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना।

आप बिहार में पर्यटन के क्षेत्र में निवेश करें, बिहार सरकार आपके साथ है : नीतीश

● बिहार में समाहित है मिथिला का आतिथ्य भाव

● नई दिल्ली में आयोजित हुआ इन्वेस्टमेंट मीट और बिहार पर्यटन रोड शो

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। बिहार पर्यटन के क्षेत्र में निवेश और व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में इन्वेस्टमेंट मीट और रोड शो शुक्रवार को संपन्न हुआ। चाणक्यपुरी स्थित अशोका होटल में यह कार्यक्रम सुबह 10.30 बजे से आयोजित किया गया। इन्वेस्टमेंट मीट को संबोधित करते हुए बिहार में विरासत भी है और उनका विकास भी हो रहा है। बिहार में आप निःसंकोच निवेश के लिए आइए, सरकार आपके साथ खड़ी रहेगी। हम देश भर में रोड शो के साथ निवेश सत्र आयोजित कर रहे हैं, अगले माह कोलकाता में आयोजित किया जाएगा। हमारे यहां ताज, हयात और सरोवर ग्रुप ने निवेश किया है। आप भी आएं, आपके लिए सीधी सब्सिडी सहित कई सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। मैं मिथिला से आता हूँ तो मिथिला का आतिथ्य भाव आपको मिलेगा, इसका भरोसा दिलाते हैं।

बिहार पर्यटन सचिव अभय कुमार सिंह ने कार्यक्रम में दिल्ली स्थित पर्यटन उद्योग से जुड़े व्यवसायी, ट्रैवल एजेंट, टूर ऑपरेटर्स, होटेलियर्स आदि को संबोधित करते हुए उनसे बिहार पर्यटन विभाग द्वारा संचालित किए जा रहे योजनाओं, कार्यक्रमों और नीतियों की जानकारी साझा की। पर्यटन सचिव ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार में पर्यटन के क्षेत्र में सभी सर्किट्स में आधारभूत संरचनाओं के साथ पॉलिसी के स्तर पर काफी काम किया जा रहा है, जिसमें पर्यटन उद्योग में सब्सिडी से लेकर कई सुविधाएं दी जा रही है। इसके सकारात्मक परिणाम दिखाई दे रहे हैं, इसे और बेहतर किया जा रहा है।

स्थानिक आयुक्त कुंदन कुमार ने कहा कि बिहार सरकार की नई उद्योग नीति में निवेशकों के लिए काफी अवसर सृजित हुए हैं। इसके कारण औद्योगिक निवेश में काफी वृद्धि हुई है। बिहार बिजनेस कनेक्ट 2023 में 50 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के एमओयू हुए हैं, इसके कारण सामान्य औद्योगिक गतिविधियों से लेकर पर्यटन के क्षेत्र में निवेश हो रहे हैं। इससे परिदृश्य में बेहतरी आ रही है। उन्होंने आगे कहा कि वह स्थानिक आयुक्त के साथ निवेश आयुक्त भी हैं तो यदि किन्हीं को कोई भी परेशानी है तो वह किसी भी समय उनसे संपर्क कर सकते हैं।

पर्यटन निगम के प्रबंध निदेशक नंद किशोर ने पर्यटन नीति की बारीकियों को सबके सामने रखा। उन्होंने कहा कि सभी राज्यों के टूर ऑपरेटर्स या होटेलियर्स को केवल बिहार में एक दफ्तर खोलना होगा और जीएसटी लेनी होगी। इसके बाद वह भी होटल निर्माण, थीम रेस्तरां व पार्क, मेडिटेशन सेंटर, गोल्फ कोर्स, रूरल विलेज आदि बनाने के लिए 25 करोड़ रुपये तक के अनुदान का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए बिहार पर्यटन निदेशक विनय कुमार राय ने कहा कि बिहार में 2023 में 8.21 करोड़ घरेलू और विदेशी पर्यटक बिहार पहुंचे हैं। हमें इस आंकड़े को और बेहतर करना है। कार्यक्रम में बिहार की नयी पर्यटन नीति, पर्यटकीय सुविधाओं के विकास की अद्यतन स्थिति को पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से बताया गया। इसके साथ ही सवाल-जवाब का सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें पर्यटन सचिव ने सभी हितधारकों के सवालों के जवाब दिए। धन्यवाद ज्ञापन पर्यटन निगम के जीएम अभिजीत कुमार ने किया।

संक्षिप्त खबरें

समाहरणालय परिसर में पालना घर का उद्घाटन

मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने आज समाहरणालय परिसर में निर्मित पालना घर का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस अव,र पर डीएम ने कहा कि महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा संचालित इस पालना घर में वैसे सरकारी अधिकारी एवं कर्मियों के बच्चों को कार्य अवधि के दौरान रखें जाने की व्यवस्था है,जिनकी घर पर देखभाल करने की व्यवस्था नहीं है।इस पालना घर की क्षमता 10 बच्चों की है जबकि इसमें अभी 11 बच्चे निबंधित हैं। पालना घर के मुख्य कक्ष में प्ले स्कूल की भांति बच्चों के मनोरंजन के लिए तरह तरह के खिलौने, झूला, पालना, कार आदि है। पालना घर के दीवारों पर रंग रोगन एवं चित्रकारी की गई है जो बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र है। इसमें बच्चों एवं वर्कर के लिए अलग-अलग सेल्फ बनाए गए हैं जिसमें आवश्यक सामग्री रखा जा सकता है।इसमें बच्चों के देखभाल के लिए क्रेच वर्कर एवं सहायक क्रेच वर्कर कार्यरत है। पालना घर में कर्मी अथवा बच्चों के विश्राम के लिए अलग से विश्राम कक्ष, रसोईघर एवं शौचालय है।महिला एवं बाल विकास निगम की ओर से पालना घर के नोडल पदाधिकारी के रूप में डीपीओ आईसीडीएस श्रीमती चांदनी सिंह कार्यरत हैं। जिले में वर्तमान में दो पालना घर कार्यरत है पहला, समाहरणालय परिसर में दूसरा मुजफ्फरपुर जेल परिसर में तथा तीसरा पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में प्रस्तावित है। इस अवसर अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था सुधीर कुमार सिन्हा, जिला गोपनीय प्रभारी विनीत कुमार ,डीपीओ आईसीडीएस चांदनी सिंह सहित कई अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

एआईडीएसओ की नीट -यूजी घोटाले की जांच की मांग

मुजफ्फरपुर।राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने ग्रेस मार्क्स दिए जाने वाले 1563 छात्रों की पुनः परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है।। इस मुद्दे पर एआईडीएसओ के महासचिव सौरव घोष ने जांच की मांग करते हुए एक बयान जारी किया है।बयान में कहा गया है कि नीट 2024 के परिणामों के प्रकाशन के बाद, भ्रष्टाचार का मुद्दा छात्रों और शिक्षाविदों के सभी हिस्सों द्वारा व्यक्त किया गया है। केवल 1563 छात्रों को ग्रेस मार्क्स दिए जाने से बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और रैंक में बढ़ोतरी को समझाया नहीं जा सकता। पटना और अन्य स्थानों से प्रश्न पत्र लीक होने के आरोप हैं। न तो सरकार और न ही राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने इन मामलों में कोई गंभीर जांच शुरू की है। बल्कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने क्लीन चिट दी है कि कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ है। हम उनके बयान की कड़ी निंदा करते हैं। कई याचिकाएं सर्वोच्च न्यायालय में दायर करने के बाद ही एनटीए और केंद्र सरकार को एक समिति गठित करने के लिए मजबूर होना पड़ा, जिसके बाद इस निर्णय को जारी किया गया है।हम इस मुद्दे से जुड़े सभी छात्रों के आंदोलन के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त करते हैं और मानते हैं कि 1563 छात्रों के ग्रेस मार्क्स को रद्द करने और उन्हें पुनः परीक्षा देने का आदेश पर्याप्त नहीं है। क्योंकि भ्रष्टाचार केवल इन 1563 छात्रों को ग्रेस मार्क्स देने तक सीमित नहीं है, भ्रष्टाचार की जड़ें और गहरी हैं। इस मामले में 1563 छात्रों की पुनः परीक्षा कोई समाधान नहीं है। इसलिए, हम सभी आरोपों की समय पर जांच की मांग करते हैं। यह भी ध्यान दिलाना चाहते हैं कि यदि उचित जांच के बिना काउंसलिंग जारी रहती है, तो छात्रों का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा।

जीविका की गतिविधियां देखने गायघाट पहुंची उत्तर प्रदेश की टीम

हुजूर।जीविका द्वारा बकरी,पशु पालन सहित कई अन्य गतिविधियों को प्रमुख रूप से देखने उत्तर प्रदेश आजीविका और नड्ज की टीम दो दिवसीय दौरे पर यहां पहुंची। इस दौरान गायघाट और मोतीपुर प्रखंड में जीविका समूह के साथ ही ग्राम संगठन और संकुल स्तरीय संघ की बैठक में शामिल होते हुए जीविका की गतिविधियों को जाना और कैसे जीविका से जुड़कर लगातार दीदियाँ आर्थिक तरक्की की राह पर अग्रसर है, इसकी बारीकियां से रूबरू हुए हुए। इस टीम का नेतृत्व राज्य परियोजना प्रबंधक रिसोर्स सेल विश्व विजय सिंह, राज्य परियोजना प्रबंधक पशुधन राकेश कुमार के साथ ही जिला परियोजना प्रबंधक अनीशा कर रही थी। नड्ज और उत्तर प्रदेश से आई आजीविका की टीम में जिला स्तरीय प्रबंधक और प्रखंड स्तरीय आजीविका के सदस्यों ने मुजफ्फरपुर के गायघाट प्रखंड में भी बकरी पालन और मुर्गी पालन की गतिविधियों को देखा। इस दौरान सभी ने जीविका की गतिविधियों की तारीफ की और कहा कि बिहार ग्रामीण स्तर पर काफी अच्छा काम कर रहा है। इस दौरान पशु धन प्रबंधन गुंजन कुमार, शोभा साव ,आनंद शंकर गायघाट के बीपीएम आलोक कुमार मोतीपुर के बीपीएम विशाल कुमार सहित सभी प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

छात्रा की मौत की उच्चस्तरीय जांच की मांग को लेकर धरना - प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । मुशहरी प्रखंड स्थित अंबेदकर बालिका आवासीय छात्रवास में 15 मई को महादलित छात्रा पूनम कुमारी की संदेहास्पद मौत की उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए भाकपा-माले, छात्र संगठन आइसा और महिला संगठन ऐपवा ने संयुक्त रूप से गुरुवार को जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व पश्चिम चंपारण के सिकटा से माले विधायक व पार्टी केन्द्रीय कमिटी सदस्य वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने किया। छात्रा पूनम पश्चिम चंपारण के डुमरी-गोवर्धना थाना के अंतर्गत एक गांव की थीं। धरना को संबोधित करते हुए माले ने विधायक ने कहा कि नीतीश-मोदी सरकार द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढाओ का नारा केवल छलावा है। नीतीश-मोदी राज में आवासीय विद्यालय में भी दलित-महादलित छात्राएं सुरक्षित नहीं है। छात्रा पूनम की मौत को प्रशासन द्वारा आत्महत्या बताया जा रहा है जबकि उसके पिता लालजी मांझी ने विद्यालय प्रशासन द्वारा एक साजिश के तहत उनकी बेटी की हत्या करवाने का बयान दिया है। धरना में मृतक छात्रा के मां-पिता और गांव से आये दर्जनों परिजन भी शामिल थे।माले विधायक के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी से मिल कर मांग-पत्र प्रस्तुत कर वार्ता की। नीतीश सरकार से छात्रा की मौत की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की गई। जिलाधिकारी से यह भी कहा गया कि सारे साक्ष्य और घटनाक्रम से स्पष्ट है कि विद्यालय प्रबंधक द्वारा हत्या की साजिश रची गई है और फर्जी कागज दिखा कर आत्महत्या बताया जा रहा है। पुलिस-प्रशासन भी मामले की लीपा-पोती में जुटा है। अतः विद्यालय प्रबंधक पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया जाए और पुलिस पर भी सख्त कारवाई की जाए। यह भी मांग की गई कि मृतक छात्रा के परिजन को 25 लाख रुपये मुआवजा दिया जाए। इसपर भी जोर दिया गया कि मुशहरी सहित जिला के सभी अंबेदकर व कस्तुरबा बालिका आवासीय विद्यालयों में समग्र सुरक्षा की व्यवस्था की गारंटी की जाए। बालिका आवासीय विद्यालयों रात्रि में रह रहे पुरुषकर्मियों को वहां से हटाया जाए।

धरना-प्रदर्शन में माले जिला सचिव कृष्णमोहन, नगर सचिव सूरज कुमार सिंह, किसान नेता जितेंद्र यादव, ग्रामीण मजदूर नेता होरिल राय, माले जिला कमिटी सदस्य रामबालक सहनी, रामबली मेहता, विजय गुप्ता, विनय कुमार वर्मा, शत्रुघ्न महतो, ऐपवा के जिला सचिव रानी प्रसाद, गीता देवी, छात्र संगठन आइसा के दीपक कुमार आदि शामिल थे।प्रदर्शन में विधायक वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि इस मामले को विधान सभा में भी जोरशोर से उठाया जायेगा और नीतीश सरकार की घेराबंदी की जायेगी ताकि न्याय के साथ दोषियों को सजा मिल सके। यह भी घोषणा की गई कि सरकार द्वारा छात्रा की मौत के मामले में अविलंब ठोस कारवाई नहीं की गई तो आंदोलन और तेज किया जायेगा।

जिलाधिकारी ने जिले भर से आए परिवादियों से मुलाकात कर उनकी शिकायतों को सुना

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जिले भर से आए परिवादियों से मुलाकात कर उनकी शिकायतों को सुना एवं सबंधित अधिकारियों को त्वरित निष्पादन का निर्देश भी दिया।बताते चलें कि प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को जनता के दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम के आयोजन के मौके पर जिलाधिकारी सभी परिवादियों से मुलाकात करते हैं और उनकी शिकायतों के निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी देते हैं। इस परिप्रेक्ष्य में आज कुल 75 परिवादी अपनी शिकायतों के साथ आए थे।भैरवस्थान थाना क्षेत्र के रैयाम निवासी रमन जी मिश्रा द्वारा जमीनी विवाद के संबंध में शिकायत की गई। केरवार, बिस्फी निवासी के शशिनाथ झा ने आवेदन देकर खरीददारी की गई जमीन से जबरन फलदार नींबू के पौधा आदि काट लेने की शिकायत की।लदनियां प्रखंड के नोनदरही, वार्ड नं-04, पंचायत-डलोखर की रहने वाली रीता देवी ने शिकायत कि है कि पड़ोस के लोगों द्वारा सरकारी रास्ता का अतिक्रमण कर घर बनाया जा रहा है। ग्राम-पतार, अंचल-मधवापुर के दिग्विजय कुमार ठाकुर ने बेनीपट्टी निबंधन कार्यालय में जमीन के हस्तांतरण करने पर लगी रोक को हटाने के संबंध में आवेदन दिया गया।करहिया पश्चिमी के बेचन कुमार झा एवं अन्य ने आवेदन देकर करहिया पश्चिमी पंचायत में विभिन्न कार्यों में अनियमितता की शिकायत की गई।धरहारा, थाना-अंधरामठ निवासी अरुण कुमार यादव ने छत ढ़लाई कार्य मे अनावश्यक अवरोध पैदा करने के उद्देश्य से धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा जारी करने की शिकायत की गयी। इसके अतिरिक्त पेंशन,आपसी विवाद,अतिक्रमण,आदि की भी कई शिकायत प्राप्त हुई।जिलाधिकारी द्वारा आए हुए सभी परिवादियों से बारी बारी सारी शिकायतें सुनी गई और उनके परिवाद के निवारण हेतु संबधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए।

खजौली प्रखंड़ सभागार में स्वच्छता कर्मी के साथ बीडीओ ने किया बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रखंड़ सभागार में शुक्रवार को बीडीओ लवली कुमारी के अध्यक्षता में प्रखंड़ क्षेत्र के 14 पंचायत के प्रखंड समन्वयक एव स्व्च्छता पर्यवेक्षक कर्मियों की बैठक बुलायी गयी.इस बैठक के दौरान बीडीओ लवली कुमारी ने उपस्थित स्व्च्छता पर्यवेक्षक को निर्देश दिया कि अपने पोषक क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीण इलाके में स्वच्छ रखने का निर्देश दिया गया. उन्होंने कहा कि सभी पंचायत के वार्ड में स्वच्छताग्राही द्वारा प्रत्येक घर से कचरा उठाव के एवज में शुल्क वसूलने का निर्देश दिया गया.उन्होंने कहा कि प्रखंड़ क्षेत्र में सभी पंचायत में नियमित रूप से कचरा उठाव करने का निर्देश दिया गया.उन्होंने कहा कि कचरा अवशिष्ट प्रबंधन में खाद निर्माण कर पंचायत के किसानों के हाथ बिक्री करने का निर्देश दिया गया.बीडीओ लवली कुमारी ने सभी स्व्च्छता पर्यवेक्षक को निर्देश दिया कि प्रखंड़ समन्वयक के साथ कोडीनेशन बनाकर सप्ताह में एक दिन बैठक करने का निर्देश दिया गया. वही पंचायत में बैठक के दौरान पंचायत सचिव को निर्देश दिया कि स्वच्छता कर्मी एव पर्यवेक्षक को मानदेय भुगतान करना सुनिश्चित करें. उन्होंने सभी प्रखंड़ समन्वयक एव स्व्च्छता पर्यवेक्षक को निर्देश दिया कि पर्यावरण संरक्षक हेतु नदी घाट, तालाब, स्कूल आदि जगहों पर वृक्षा रोपण कार्य करने का निर्देश दिया गया. इस मौके स्व्च्छता पर्यवेक्षक अमरेश कुमार सिंह , भोगी कुमार सहित सभी पर्यवेक्षक एव प्रखंड़ समन्वयक मौजूद थे।

व्यवसाई को लूट की योजना बना रहे आधा दर्जन अपराधी गिरफ्तार, हथियार बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। वैशाली पुलिस ने एक व्यवसाय को लूटने की योजना बनाकर घात लगाए बैठे आधा दर्जन अपराधियों को आग्नेयास्त्रों के साथ गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार अपराधियों में से दो कुछ दिन पहले ही जेल से छूटकर आया था। वैशाली के एसपी हरिकिशोर राय ने आज प्रेसवार्ता कर जानकारी दिया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि हाजीपुर सदर थाना क्षेत्र स्थित अंबेडकर महिला छात्रावास के पास कई अपराधी अवैध हथियार के साथ लूटपाट की घटना को अंजाम देने को लेकर योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही सदर थाना अध्यक्ष सशस्त्र बल के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंच गए। पुलिस वाहन को आता देख 7 अपराधी भागने लगे। भाग रहे 6 अपराधियों को पकड़ा गया।जबकि एक भाग निकला। पकड़े गए अपराधियों के पास से दो देसी कट्टा ,चार जिंदा कारतूस, दो चाकू ,चार मोबाइल फोन बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधियो में नगर थाना क्षेत्र के हथसारगंज निवासी मोहन पासवान का बेटा सुदीप कुमार उर्फ सुदीश, नगर थाना क्षेत्र के मालीपुर गांव निवासी रामानंद ठाकुर का बेटा विक्की आनंद, हथसारगंज गांव निवासी मणिलाल पासवान का पुत्र नीरज कुमार ,मालीपुर गांव निवासी विजय राय का पुत्र नीरज कुमार, बिदुपुर थाना क्षेत्र के नावानगर गांव निवासी विनोद ठाकुर का पुत्र विकास कुमार और देसरी थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव निवासी रामविलास सिंह के पुत्र सूरज कुमार है। गिरफ्तार अपराधियों ने पुलिस को बताया कि वे सभी हाजीपुर के चीनी व्यवसाय को लूटने के लिए एकत्रित हुए थे। गिरफ्तार अपराधियों ने अन्य कई घटनाओं में अपनी संलिप्त स्वीकार किया ।एसपी ने बतलाया कि घटनास्थल से भागे एक अपराधी की पहचान हो गई है और उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

वैशाली जिला में वन प्रमंडल द्वारा 5 लाख से अधिक पौधा किया गया रोपण

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। वैशाली जिला में बरैला आर्द्रभूमि (कुल क्षेत्रफल 1625.34 हे0) में से 197.91 हे0 क्षेत्र बरैला झील सलीम अली पक्षी आश्रयणी के रूप में अधिसूचित है। वैशाली वन प्रमंडल, हाजीपुर मुख्य रूप से रैखिक वृक्षारोपण, विशेष कर वर्षा एवं बसंत ऋतु, बरैला झील सलीम अली पक्षी आश्रयणी प्रबंधन तथा गंगा एवं गंडक नदी के जलीय जीव विविधता जैसे डॉल्फिन, मगरमच्छ, कछुआ, घड़ियाल आदि के संरक्षण के लिए कार्यरत है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 138090 पौधों (वषार्काल में 40750 पौधे एवं बसंतकाल में 97340 पौधे) का रोपण किया गया है। इसके अलावे अन्य एजेन्सियों / हितधारक यथा जीविका दीदी, मनरेगा, सरकारी/ गैर-सरकारी शिक्षण संस्थान, एन.जी.ओ. फ्रिज विलेज एवं कृषि वानिकी योजनान्तर्गत कुल 353673 पौधों का रोपण किया गया है। वैशाली के वन प्रमंडल पदाधिकारी ने बताया कि वैशाली जिले में कुल 06 पौधशाला संचालित है, जिसमें वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 1333404 पौधे उगाये गये है। इसके अतिरिक्त विभाग स्तर से संचालित योजना ह्यमुख्यमंत्री निजी पौधशाला अन्य प्रजाति एवं पॉप्लर प्रजातिह्न के तहत कुल 16 यूनिट पौधशालाओं का लक्ष्य निर्धारित है, जिसमें अन्य प्रजाति के तहत 09 यूनिट जीविका दीदी को एवं 06 यूनिट किसान को एवं पॉप्लर प्रजाति के तहत 01 यूनिट किसान को आवंटित कर संचालित है। संचालकों की कार्य-कुशलता बढ़ाने हेतु वृक्षारोपण एवं पौधशाला तकनीक पर एक दिवसीय कार्यशाला का भी आयोजन किया गया है। बरैला झील सलीम अली पक्षी आश्रयणी के संरक्षण, प्रबंधन एवं विकास हेतु झील के 25 एकड, के क्षेत्र से नरकट /खर-पतवार की साफ-सफाई करायी गयी है। आश्रयणी क्षेत्र के हाईलैंड्स का प्रबंधन एवं फाइकस प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया है तथा आश्रयणी के निकटतम ग्रामों में पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वित्तीय वर्ष में प्रवासी पक्षियों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। विभाग द्वारा समय-समय पर जन मानस एवं छात्र/छात्राओं में वृक्षों एवं वन्यप्राणियों के संरक्षण के संबंध में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजित किया गया है, जिसमें विश्व पर्यावरण दिवस, वन महोत्सव, विश्व व्याघ्र दिवस, बिहार पृथ्वी दिवस, वन्यप्राणी सप्ताह, विश्व आर्द्रभूमि दिवस, विश्व गोरैया दिवस इत्यादि प्रमुख है। उक्त आयोजित दिवसों में पौधारोपण, चित्रकला/लेखन/वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कर अव्वल आने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। वन्यप्राणियों के संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए प्रभात फेरी कार्यक्रम का आयोजन तथा साँप पर एक दिवसीय कार्यशाला (सॉप भ्रांतियाँ एवं तथ्य) एवं डॉल्फिन संरक्षण पर विशेषज्ञ वार्ता इत्यादि का भी आयोजन किया गया है।

डीएम ने किया बूढी गंडक के तटबंध का निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने जिले में बाढ़ की संभावना को देखते हुए बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण किया तथा स्थिति का जायजा लिया। साथ ही क्षेत्र के लोगों से भी आवश्यक फीडबैक प्राप्त किया। इसके क्रम में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को पूरी जवाबदेही एवं तत्परता से मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य करने तथा अलर्ट मोड में रहने , सजग एवं सावधान रहने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने अखाड़ा घाट पुल से ऊपर चंदवारा-कन्हौली- राजवाड़ा- महमदपुर होते हुए मुरौल प्रखंड अंतर्गत धर्मागतपुर तक बूढी गंडक नदी के दाएं तटबंध के संपूर्ण भाग का निरीक्षण किया। बाढ़ से बचाव एवं सुरक्षा तथा सुगम आवागमन हेतु दादर पुल से बड़की कोठिया तक कुल 10.8 किलोमीटर में बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल द्वारा बुढ़ी गंडक नदी के दाएं तटबंध की मरम्मती एवं उसके ऊपरी सतह पर बिटुमिनस का कार्य कराया जा रहा है। वर्तमान में उसे मोटरेबल बना दिया गया है तथा आगे का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, मुजफ्फरपुर ,को प्राक्कलन में सन्निहित मानक एवं गुणवत्ता के अनुरूप निर्धारित समय सीमा के अंदर सभी प्रकार के कार्य को पूर्ण कराने का निर्देश दिया। तटबंध की मरम्मती कार्य के दौरान बीच में कुछ विद्युत पोल आ गया है जिसे स्थानांतरित करने हेतु जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता ,बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, मुजफ्फरपुर को विद्युत कार्यपालक अभियंता से समन्वय स्थापित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया । जिलाधिकारी ने निरीक्षण के क्रम में राजवाड़ा, भगवान, महमदपुर, धर्मागतपुर, जंगाहीपुर के अलावा तटबंध के सभी संवेदनशील स्थलों पर बाढ़ सुरक्षा, बचाव एवं निरोधात्मक कार्य पूर्व से करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल मुजफ्फरपुर को दिया। जिलाधिकारी ने इन सभी स्थलों पर लोहे की जाली ,जियो बैग , बोरे एवं बालू पर्याप्त मात्रा में भंडारित करने का निर्देश दिया ताकि आकस्मिकता की स्थिति में उसका उपयोग किया जा सके।

श्रम विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन में मुजफ्फरपुर तीसरे स्थान पर

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले में श्रम विभाग के कल्याणकारी एवं विकासात्मक योजनाएं जनहित में प्रभावी रूप से क्रियान्वित की जा रही है ।इसके लिए जिले को तीसरा स्थान मिला है। श्रम अधीक्षक अजय कुमार को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर पटना के दशरथ मांझी नियोजन एवं अध्ययन संस्थान में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में श्रमायुक्त, बिहार , रंजिता के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। राज्य स्तर पर जिला का शानदार प्रदर्शन करने के कारण जिले के अधिकारियों एवं कर्मियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत वैसे श्रमिकों को लाभान्वित किया जाता है जो भवन एवं अन्य निर्माण कार्यों में जुड़े होते हैं जैसे राजमिस्त्री ,हेल्पर ,पेंटर, बढ़ई, रेजा- मजदूर आदि। ऐसे निर्माण श्रमिकों के लिए समय-समय पर अनेक कल्याणकारी योजनाओं का प्रावधान श्रम विभाग द्वारा किया गया है जैसे मातृत्व अनुदान योजना, विवाह सहायता राशि, मृत्यु हितलाभ, दाह संस्कार ,नगद पुरस्कार योजना आदि।पिछले वित्तीय वर्ष 2023 -24 में कुल 8743 निबंधित निर्माण श्रमिकों को लाभान्वित किया जा चुका है । वर्तमान में 1लाख 25 हजार निर्माण श्रमिकों का निबंधन पूरे मुजफ्फरपुर जिला में किया जा चुका है तथा इसमें और तेजी लाई जा रही है।

वेता डीह गांव निवासी आर्थिक तंगी को लेकर किया आत्महत्या

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली थाना क्षेत्र के वेता डीह गांव निवासी शंकर मंडल की पत्नी गुंजन देवी उम्र - 35 वर्ष ने आर्थिक तंगी को लेकर बीती रात नशीला पदार्थ खाकर आत्म हत्या कर ली. प्राप्त जानकारी अनुसार मृतिका गुंजन देवी की पति दूसरे राज्य में मजदूरी का काम करता था. मृतिका गुरुवार को फुलचनिया हटिया से सब्जी खरीदारी करके अपने घर पहुँचा. मृतिका ने आर्थिक तंगी एव कर्ज में डूबे रहने से गुरुवार को रात्रि में नशीला पदार्थ दवा खाकर आत्म हत्या कर ली.इस घटना की सूचना मृतिका की परिजन ने खजौली थानाध्यक्ष को दी.थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने तत्वरित करवाई करते हुए गश्ती पुलिस पदाधिकारी एसआई मदन उरांव की सूचना दिया गया.एसआई मदन उरांव ने घटना स्थल पर पहुँच कर लास को कब्जे में लेकर लास की पंचनामा बनाकर थाना पर लाया गया. थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने यूडी कांड दर्ज कर लास को पोस्टमार्टम के लिए सदर हास्पिटल मधुबनी भेज दिया गया.

अगले 3-4 दिनों में उत्तर बिहार में मानसून के आने की सम्भावना

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। अनुकूल मौसमीय परिस्थिति बनने के प्रभाव से अगले 3--4दिनों में उत्तर बिहार में मानसून के पहुंचने की सम्भावना है। इस अवधि में उत्तर बिहार के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। अगले 18-19जून को कुछ स्थानों पर भारी बर्षा हो सकती है। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा , डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 15से 19जून तक के लिए जारी मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान में आज यह जानकारी दी है। अगले दो दिनों में तापमान में गिरावट के कारण लूं की स्थिति सामान्य होने का अनुमान व्यक्त किया गया है।मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 37.2 एवं 27.7 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 91 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 65 प्रतिशत, हवा की औसत गति 7.8 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 5.8 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 6.8 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 32.7 एवं दोपहर में 39.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में मौसम शुष्क रहा। किसानों को सलाह दी गई है कि मानसून के आगमन तथा अच्छी वर्षा की सम्भावना को देखते हुए, धान का बीज नर्सरी में प्राथमिकता से गिरावें। मध्यम अवधि के लिए संतोष, सीता, सरोज, राजश्री, प्रभात, राजेन्द्र सुवासनी, राजेन्द्र कस्तुरी, राजेन्द्र भगवती, कामिनी, सुगंधा किस्में अनुशंसित है। एक हेक्टेयर क्षेत्रफल में रोपाई हेतु 800-1000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बीज गिरावें। नर्सरी में क्यारी की चौड़ाई 1.25-1.5 मीटर तथा लम्बाई सुविधानुसार रखें। बीज को बविस्टिन 2 ग्राम प्रति किलोग्राम की दर से मिलाकर बीजोपचार करें। 10 से 12 दिनो के बीचड़े वाली नर्सरी से खर-पतवार निकालें

पप्पू सिंह ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कों किया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।लोकसभा चुनाव के दौरान जबरदस्त प्रदर्शन करने के उपरांत अलीनगर विधानसभा के संयोजक और दरभंगा जिला किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने बिहार के उपमुख्यमंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी से उनके पटना स्थित आवास पर मुलाकात कर मिथिला परंपरानुसार पाग और चादर से अभिनंदन किया। मुलाकात के दौरान सम्राट चौधरी ने संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह को बधाई देते हुए कहा कि चुनाव के दौरान आप लोगों ने जो मेहनत किया वह काबिले तारीफ है। आप लोगों ने दिन देखा ना रात बस मेहनत करते गए और इसी का परिणाम है कि अलीनगर विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार गोपाल जी ठाकुर को जबरदस्त बढ़त प्राप्त हुआ। इस जीत में भारतीय जनता पार्टी के एक-एक कार्यकताओं का महत्वपूर्ण योगदान है। श्री चौधरी ने गोपाल जी ठाकुर को वोट देने वाले हर एक मतदाताओं को भी धन्यवाद दिया और कहा कि पहले की तुलना में और अधिक विकास कार्यों पर जोर दिया जाएगा।भेट वार्ता के उपरांत संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने बताया कि आज प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी से मुलाकात के दौरान अलीनगर विधानसभा क्षेत्र को लेकर काफी विचार विमर्श किया। हम लोगों ने लोकसभा चुनाव के दौरान गजब का प्रदर्शन किया है. इस प्रदर्शन को बरकरार रखते हुए आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर अभी से भारतीय जनता पार्टी के हर कार्यकताओं को लग जाना है ताकि आगामी चुनाव में भी हम अपने प्रदर्शन को बरकरार रख सके।

सीएम साइंस कॉलेज में बीसीए में नामांकन शुरू

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। सीएम साइंस कॉलेज में स्वयं वित्त पोषित योजना के अंतर्गत संचालित किए जा रहे तीन वर्षीय बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए) पाठ्यक्रम सत्रः 2024-27 में लिखित एवं मौखिकी परीक्षा के आधार पर तैयार की गई मेधा सूची के प्रकाशन के साथ ही नामांकन शुक्रवार से शुरू हो गया। जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य प्रो दिलीप कुमार चौधरी ने बताया कि लिखित एवं मौखिकी परीक्षा के आधार पर तैयार मेधा सूची शुक्रवार को प्रकाशित कर दिया गया। अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों का नामांकन 14 से 21 जून के बीच ऑफलाइन मोड में एआईसीटीई के गाइडलाइन के अनुसार लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आरक्षण नीति का पालन करते हुए बीसीए में कुल 60 छात्रों को प्रवेश दिया जायेगा। चयनित अभ्यर्थी बीसीए काउंटर पर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

अनुसूचित जाति व जनजाति अधिनियम को लेकर हुई बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। जिला पदाधिकारी दरभंगा राजीव रौशन की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति एवं अनुसूजित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 नियम 1995 के अन्तर्गत गठित जिला स्तरीय सर्तकता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गयी। आज बैठक में 36 थाना कांडों के 56 पीड़ित पर भुगतान की गई राशि मो 25 लाख 70 हजार 750 रुपये तथा 13 (तेरह) पेंशनर के पेंशन भुगतान पर मो 01 लाख 78 हजार रुपये मात्र की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी, वरीय पदाधिकारी सह अपर समाहर्त्ता (विभागीय जाँच), प्रभारी नोडल, विशेष लोक अभियोजक, जिला कल्याण पदाधिकारी, अनुमण्डल कल्याण पदाधिकारी, माननीय सदस्य विजय पासवान, अमर राम, सुभाष महतो, थानाध्यक्ष, एस.सी.,एस.टी थाना एवं अन्य उपस्थित थे।

आरएसएसडीआई का तीन दिवसीय सम्मेलन का हुआ समारोह पूर्वक शुभारम्भ

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।रिसर्च सोसाइटी फॉर स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया, बिहार चैप्टर के त्रिदिवसीय छठे वार्षिक सम्मेलन के पहले दिन की शुभारम्भ आज डॉ. एचएन यादव सभागार, डीएमसीएच में स्नातकोत्तर छात्रों के पोस्टर और पेपर प्रेजेंटेशन से किया गया। बिहार के अलग-अलग मेडिकल कॉलेज के तकरीबन दर्जनो छात्रों ने अपने शोध के पेपर को प्रस्तुत किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. एस. सी. झा ने उपस्थित अतिथियों, चिकित्सकों व छात्रों को सम्बोधित करते हुए सत्र की शुरूआत की। कार्यक्रम में डॉ बी के सिंह,डॉ सुप्रियो मुखर्जी और डॉ अमित कुमार दास अध्यक्ष के रूप में शामिल हुए। दूसरे सत्र में क्विज प्रतियोगिता का संचालन डॉ अमित कुमार दास ने किया, जिस्मे 72 छात्र की सहभागिता रही। समारोह में डॉ. यूसी झा, डॉ. केएन मिश्रा, डॉ. अलका झा, डॉ. रितेश कमल, डॉ. प्रवीण कुमार झा, डॉ. एसडी सिंह, डॉ. स्नेह कुमार झा डॉ. अमित कुमार प्रसाद आदि चिकित्सकों ने छात्रों को प्रोत्साहित किया। मंच का संचालन डॉ. दीपक कुमार, डॉ. अभिलोक व डॉ. सिद्धार्थ ने सफल रूप से किया।वही आयोजन समिति के डॉ. श्वेताभ वर्मा, डॉ. देवार्घ कुमार, डॉ. अमित अंबस्ता, डॉ. भरत कुमार, डॉ. ब्रजेश कुमार, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. मिलिंद झा ने बखूबी कर्तव्य के सफल निर्वाह किया।आयोजन सचिव डॉ. मनीष कुमार प्रसाद ने सत्र के अंत में उपस्थित सभी को धन्यवाद ज्ञापन किया।

संक्षिप्त खबरें

मां बेटी के साथ मुहल्ले की महिलाओं ने कि मारपीट

जमुई [झाझा] थानाक्षेत्र के बरमसिया गांव में बच्चों के विवाद पर मुहल्ले की तीन-चार महिला ने एक मां- बेटी के साथ डंडा से मारपीट करते हुए घायल कर दिया। मारपीट में घायल हुई दोनो महिला का इलाज रेफरल अस्पताल झाझा में किया गया। घायल की पहचान चुन्नी खातुन और उसकी बेटी चांदनी के रूप में हुई है। घायल महिला ने बताया कि बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर मुहल्ले के रहने वाली नसीमा, जयनी, रूकसाना अन्य महिला ने हमदोनो के साथ विवाद करते हुए डंडा से मारपीट करते हुए घायल कर दिया। घायल महिला ने बताया कि मारपीट की घटना की जानकारी पुलिस को भी दि गई है।

कुव्यवस्था-गिद्धौर रोड़ एनएच 333 मुख्य मार्ग पर नाला निर्माण के काटी गई मिट्टी बेतरतीब ढंग से सड़क पर फैला दी गई

- सड़क पर मिट्टी जमा होने से बढ़ी सड़क हादसे का खतरा

प्रात: किरण, संवाददाता

गिद्धौर। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गिद्धौर जमुई रोड़ एनएच 333 ए गिद्धौर से लेकर गैस एजेंसी तक सड़क चौड़ीकरण होने के उपरांत पंचायत प्रतिनिधि द्वारा सड़क के किनारे नाली का निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। जहां सड़क के किनारे नाले निर्माण करने को लेकर मिट्टी की कटाई की गई है।

इसी क्रम में गिद्धौर-जमुई के मुख्य सड़क से गैस एजेंसी तक हो रहे नाली का निर्माण के लिए मिट्टी की खुदाई कर सड़क के किनारे छोड़ दी गई है। जिससे ग्रामीणों,राहगीरों व व्यापारियों और दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही मिट्टी कटाई करने से दुकानदारों सहित व्यापारियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है।जिसके कारण जाम की स्थिति भी बनी रहती है। सुरक्षा की कोई इंतजाम नहीं,हादसे की आशंका नाली निर्माण को लेकर सड़क के किनारे किसी भी प्रकार के सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए गए हैं। इसको लेकर निर्माण अभिकर्ता बेफिक्र है। बता दे की सुरक्षा के लिहाज से नाली के आसपास कोई व्यवस्था नहीं की गई है,ना पट्टी और ना ही किसी भी प्रकार की बैरिकेडिंग की व्यवस्था है। मिट्टी की खुदाई के कारण किसी को भी गड्ढे में गिरने की शंका बनी रहती है।

वही निर्माण को लेकर रखे ईट कभी भी किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकते हैं।वहीं दूसरी ओर रात्रि के समय ये जगह और भी खतरनाक हो जाती है।साथ ही सड़क किनारे मिट्टी रख देने के कारण बाइक व अन्य वाहने भी फिसल रही है। जिससे वाहनों पर सवार लोगों को दुर्घटना की आशंका बनी रह रही है।

मिट्टी की कटाई कर रोड के किनारे लगाया,लोग परेशान बता दे की गिद्धौर-जमुई मुख्य मार्ग पर नाली निर्माण का कार्य पंचायत के द्धारा किया जा रहा है।जहां अभिकर्ता के द्धारा जेसीबी से मिट्टी की कटाई कर मुख्य सड़क में विभिन्न दुकानों के व घरों के सामने रख दी गई है। जिससे दुकान मिट्टी की आड़ में मिट्टी के पीछे हो जा रहे हैं।जिससे व्यवसायियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही मिट्टी कटाई से दुकान व घर के इस तरफ से उसे तरफ जाने में भी परेशानी हो रही है।

गाली गलौज करने का विरोध करने पर एक युवक के साथ हुई मारपीट

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई [झाझा] थानाक्षेत्र के खलासी मुहल्ला रेलवे लाइन के पार अंबेडकर नगर में गाली गलौज दिए जाने का विरोध करने पर एक युवक के साथ दो लोगों ने मारपीट करते हुए घायल कर दिया। घायल युवक की पहचान दीपक कुमार पासवान के रूप में हुई है जिसे इलाज के लिए परिजनों की मदद से रेफरल अस्पताल झाझा लाया गया जहां डॉक्टर के द्वारा घायल युवक का इलाज किया गया। घायल युवक ने बताया कि मै अपने घर पर बैठा था कि तभी मधुकर पासवान और अनुप पासवान मेरे घर के बगल में गाली गलौज कर रहा था जिसपर मैने गाली गलौज देने का कारण पूछा तो उनदोनो ने मेरे साथ मारपीट करने लगा और मेरे सिर पर लाठी से मारकर घायल कर दिया। घायल युवक ने बताया कि पूर्व में भी मेरे घर पर आकर उनदोनो ने गाली गलौज करते हुए मेरे भाई के साथ मारपीट कि घटना को अंजाम दिया था।

मानव सेवा संघ और स्टेशन फुट ट्रैक की ओर से लोगों के बीच चलाया गया निःशुल्क लंगर

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई [झाझा] शुक्रवार को रेलवे स्टेशन के समीप ई रिक्शा स्टैंड के पास मानव सेवा संघ की ओर से जरूरतमंद लोगों के बीच झाझा फुट ट्रैक में कार्यरत उप प्रबंधक सुरेश सिंह के श्राद्धजली के मौके पर फुट ट्रैक के प्रबंधक संजय सिन्हा , एवं स्टाफ के द्वारा लोगों के बीच निःशुल्क लंगर चलाया गया। लंगर में पहुँचने वाले रिक्शा, ठेला चालक, असहाय, दैनिक मजदूरी करने वालों लोगों को भोजन के रूप में पुड़ी , सब्जी , बुन्दिया , रसगुल्ला , दही का वितरण किया गया। मौके पर आरपीएफ सहायक कमांडेंट ने पहुंच कर पुष्प अर्पित किया उन्होंने बताया कि बहुत दुख होता है जब कोई इंसान हमारे बीच से चला जाता है चाहे वह व्यक्ति कोई भी हो हम उस व्यक्ति के साथ बिताये पल और उसके प्यार को नहीं भूल सकते ऐसे में अगर आप अपनी भावनाओं को सिर्फ अपने समान के जरिए ही नहीं बल्कि शब्दों के जरिए भी जगह देना चाहते हैं । लेकिन जब अपने प्रिय कोई इस दुनिया को छोड़कर चले जाते हैं तो उनकी कमी जिंदगी भर रह जाती है यह एक दुख की घड़ी होती है जिसमें परिवार और खुद पर धीरज रखने की आवश्यकता होती है । मौके पर जाप नेता घनश्याम गुप्ता, पूर्व कल्याण पदाधिकारी राजेश कुमार अशोक रावत , अर्जुन साब , विनय यादव , रामविलास पासवान , भीम यादव , महेश मरांडी , सुबोध शर्मा , प्रमोद यादव , संजय यादव , प्रदीप मंडल , अविनाश मंडल , सदानंद रावत आदि ने असहाय लोगों को भोजन करवाते हुये उनके बीच भाईचारा का पैगाम दिया। लंगर के संचालको ने कहा कि जिस तरह से लंगर का संचालन किया जा रहा है आगे भी लोगों की सहयोग से यह चलते रहेगा ताकि असहाय लोगों की मदद हो सके।

भीषण गर्मी में एसी, कुलर व पंखों की डिमांड पांच गुना बढ़ी

प्रात: किरण, संवाददाता

गिद्धौर। प्रखंड क्षेत्र में प्रचंड गर्मी की वजह से इस साल गांव से शहर के बाजारों में एवं ब्रांड कंपनियों की कूलर आउट ऑफ स्टॉक हो गया है।यहां तक कि ग्राहकों की अधिकता के वजह से लोकल कूलर की भी ज्यादा डिमांड हो गया है। भीषण गर्मी के कारण के बीच इलेक्ट्रॉनिक दुकान एवं फाइव स्टार एसी ब्रांड कंपनी कूलर ऑन डिमांड नहीं मिल रहे हैं।गर्मी के निजात दिलाने वाले उपकरणों की मांग 5 गुना तक बढ़ गई है।कारोबारी माने तो प्रति वर्ष बाजार में मूल्यों फिर भी बढ़ता है पर बीते साल इस साल उपकरणों की बिक्री 5 गुना उछाल दर्ज हुआ है।इस बार अप्रैल की शुरूआत से ही गर्मी तपने लगी है ऐसी,कूलर,पंखा,फ्रिज,वाटर कूलर की मांग पाँच गुना से बढ़ गई है।वही तापमान 40 से 47 डिग्री पर पहुंचा तो उपकरणों की बिक्री इस कदर बड़ी है कि परेशानियों ऐसी,कूलर स्टॉक खत्म हो गया है।कंपनी 7 से 10 दिन बाद स्टॉक उपलब्ध कराने का आश्वासन दे रही है।लिहाजा अब तक लोगों ने खरीदारी से पहले आर्डर बुक करने पर दुकानदार अरविंद सिंह रिवती शॉप ने बताया कि गत वर्ष गर्मियों के दौरान इस बार तापमान ज्यादा होने से हर वर्ष की अपेक्षा इस बार भी दुकानदार सीमित मंगवाया था। प्रखंड में गर्मी बढ़ने से कूलर,ऐसी,फ्रिज जबरदस्त डिमांड है। गर्मी बढ़ते इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के विक्रेता मुताबिक पुराने वर्ष सभी उपकरणों बिक गए।जिसमें तकनीकी खामी थी उसको भी खुद दुरुस्त करने के उपरांत महंगा या कंपनी का यह कैसा भी हो बाद में देख रहे हैं पहले कूलर खरीद रहे हैं। इस वजह से बाजार में उपकरणों की मांग बढ़ी हुई है।

राज्य के 20 पारा मेडिकल संस्थानों में शिक्षक ही नहीं

पारा मेडिकल एसोसिएशन ऑफ बिहार के प्रदेश अध्यक्ष ने दी आंदोलन की चेतावनी

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई/गिद्धौर।राज्य के सभी 20 सरकारी पारा मेडिकल संस्थानों में शिक्षक- व्याख्याताओं की नियुक्ति नहीं हो पाई है।पिछले चार सत्रों से यहां बिना ट्यूटर और लेक्चरर के पढ़ाई हो रही है।लेकिन,शिक्षकों की कमी से ये पढ़ाई सिर्फ डिग्री लेने तक सीमित है।ट्यूटर-लेक्चरर की बहाली का मांग पर पारा मेडिकल छात्रों ने कई बार आंदोलन भी किए हैं।विधानसभा में भी आवाज उठी।बावजूद इसके इन संस्थानों में बहाली नहीं हुई। उनके बदले यहां की पढ़ाई किसी मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक,नर्सिंग कॉलेज की वार्डन आदि के माध्यम से कराई जा रही है।राज्य के पारा मेडिकल कॉलेज में ट्यूटर डिमॉन्स्ट्रेटर के लगभग 252 पद व लेक्चरर के 456 पद सृजित है। वेतन मद की राशि भी स्वीकृत है।4 साल पहले 2020 में मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के दूसरे चरण में राज्यभर में 20 पारा मेडिकल संस्थान खोले गए। इसके पीछे उद्देश्य था रोजगारपरक शिक्षा से युवाओं को रोजगार के साथ ही अस्पतालों में प्रशिक्षित नर्सिंग सहायकों,मेडिकल स्टाफ उपलब्ध कराना शामिल है। अस्पतालों के लिए महत्वपूर्ण होता है कोर्स इन पारा मेडिकल संस्थानों में जिन डिप्लोमा कोर्स की पढ़ाई होती है वे मेडिकल संस्थानों व मरीजों के लिए काफी महत्वपूर्ण होते हैं।इनमें ओटी असिस्टेंट,रेडियोलॉजी टेक्निशियन, ब्लड बैंक टेक्नीशियन,फिजियोथैरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी,ड्रेसर,ऑप्थात्मिक असिस्टेंट, एनेस्थीसिया टेक्नीशियन,हॉस्पिटल डोमिसिलिअरी असिस्टेंट,प्लास्टर टेक्नीशियन,ऑथोपेडिक टेक्नीशियन, ईसीजी टेक्नीशियन,लैब टेक्नीशियन, एक्स-रे टेक्नीशियन आदि। आंदोलन की चेतावनी पारा मेडिकल एसोसिएशन ऑफ बिहार के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण ने जल्द ट्यूटर,लेक्चरर की नियुक्ति करने की मांग की अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी है।

चिराग पासवान को केंद्रीय मंत्री बनाए जाने पर किया हर्ष व खुशी जाहिर

प्रात: किरण संवाददाता

आलमनगर (मधेपुरा) लोजपा रामविलास के युवा नेता प्रशांत कुमार ने कहा कि लोजपा रामविलास ने लोकसभा की पांच सीटों पर प्रचंड बहुमत से जीत हासिल की है। खासकर खगड़िया लोकसभा में जिस तरह से एनडीए के तमाम घटक दल के नेता और कार्यकताओं ने तपती धूप में भी कड़ी मेहनत कर प्रचंड बहुमत से खगड़िया लोकसभा चुनाव में एनडीए समर्थित लोजपा राम विलास के प्रत्याशी राजेश वर्मा को रिकॉर्ड वोट से जीत दिला कर सांसद बनते हुए लोकसभा भेजने का कार्य किया। यह लोकसभा जीत स्वर्गीय रामविलास पासवान जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को केंद्र मंत्री बनने पर उन्होंने बधाई दी। वही इस दौरान लोजपा युवा नेता प्रशांत कुमार ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में मधेपुरा के सभी विधानसभा में एनडीए की परचम लहराएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर हार्दिक बधाई दी। वही इस दौरान युवा नेता प्रशांत कुमार ने बताया कि बिहार फर्स्ट बिहार फर्स्ट का मिशन कामयाब रहा अब बिहार में विकास की रफ्तार तेजी से बढ़ेगी।

गिद्धौर अंचल में नहीं हुई सुनवाई,तो लोक शिकायत से लगाई न्याय गुहार

प्रात: किरण, संवाददाता



- मापी शुल्क जमा करने के बावजूद भी नहीं हुई मापी
- 10 जून को होना था जमीन की मापी

जमुई/गिद्धौर। सरकारी जमीन व निजी जमीनों में हो रहे अतिक्रमण और अवैध कब्जा हटाने को लेकर बिहार सरकार व राजस्व विभाग के अधिकारी के निर्देश के बावजूद भी प्रखंड स्तर के कर्मचारी गंभीर नजर नहीं आ रहे है। शिकायतों को कागजों पर ही निस्तारित कर कोरम पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। आलम है कि, पीड़ित के आवेदन पर भी विचार नहीं किया जा रहा। इसकी बानगी गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत रतनपुर गांव में देखने को मिली,जिसमे रतनपुर निवासी शंकर साह पिता सिंघेश्वर साह ने गिद्धौर अंचल अधिकारी को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। उक्त आवेदन में आवेदक ने शिकायत किया है कि मेरे गांव का पुस्तैनी भूमस्वामित्व की भूमि खाता नंबर 116 खसरा नंबर 1042 रकवा 24 डिसमिल जमीन मेरे दादा छोटू तेली के नाम से पंजी 2 में दर्ज है । मैं उसका बिहार सरकार के माल गुजरी देकर रसीद भी प्राप्त कर रहा हूं। उसके बावजूद गांव के हैं कुछ दबंगों के द्वारा उक्त जमीन पर बलपूर्वक कब्जा कर लिया गया है। जिसकी फरियाद पीड़ित द्वारा गिद्धौर अंचल से किया गया। उसके उपरांत मापी शुल्क जमा करने के उपरांत 10 जून का मापी का तारीख तय रखा गया। लेकिन उक्त तारीख में मापी नहीं कराया गया।इसके बाद थक हार कर पीड़ित जिला लोक शिकायत में फरियाद लेकर चला गया। इधर,अंचलाधिकारी आरती भूषण ने पुछे जाने पर बताया कि,आवेदक के जमीन पर आपत्ति है। दो खतियान दिखाया जा रहा है।जिसके सत्यापन के लिए अभिलेखागार भेजा गया है। सत्यापन के बाद इस मामले की अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

24 घंटे का शुरू हुआ अष्टयाम सह हरिकीर्तन, निकली कलश शोभायात्रा

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई [झाझा] प्रखंड क्षेत्र के बैजला पंचायत अंतर्गत कुसौना गांव में शुक्रवार से 24 घंटे का अष्टयाम सह हरिकीर्तन का शुभारंभ किया गया। अष्टयाम को लेकर कुंवारीकन्या और युवतियों के द्वारा यज्ञ स्थल से कलश शोभायात्रा निकाली गई। गाजे बाजे के साथ यज्ञ स्थल से निकली कलश शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और हाथों में ध्वज लिए जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए गांव के समीप डैम पहुंचा जहां पंडितों के द्वारा माता गंगा का स्मरण करते हुए कलश में पूजापाठ करने के बाद जल भरा और उसके बाद कलश शोभायात्रा यज्ञ स्थल के आसपास भ्रमण करते हुए पुनः यज्ञ स्थल पहुंचा जहां यजमान की भूमिका सहदेव यादव उनकी धर्मपत्नी जनकवा देवी ने प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश का नाम लेते हुए अष्टयाम प्रारंभ किया। सहदेव यादव ने बताया कि धर्म को बढ़ावा देने के साथ साथ लोगों में सबुद्धि और गांव सहित आसपास के क्षेत्रा में सुख समृद्धि बना रहे इसको लेकर अष्टयाम प्रारंभ किया गया। उन्होनें आगे बताया कि अष्टयाम का समापन शनिवार को हवन पूजन के साथ संपन्न किया जाएगा। अष्टयाम प्रारंभ होते ही कुसौना सहित आसपास के लोग यज्ञ स्थल पर श्रद्धापूर्वक पूजा अर्चना के लिए पहुंच रहे है तो वही पूरा वातावरण भी भक्तिमय बना हुआ है।

आतंकवादी हमले में मृतकों को श्रद्धांजलि और घायल तीर्थयात्रियों के लिए कामना

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई [झाझा] 9 जून को जम्मू के रियासी जिले में आतंकियों द्वारा तीर्थयात्रियों से भरी बस पर घात लगाकर हमला किया गया, जिसमें 10 लोगों की मृत्यु हो गई और 33 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दुखद घटना के बाद, 13 जून को झाझा बड़ी दुर्गा मंदिर चौक पर हिंदू स्वाभिमान के कार्यकताओं ने दिवंगत आत्माओं को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और घायल हुए श्रद्धालुओं के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।इस अवसर पर हिंदू स्वाभिमान कार्यकर्ता राहुल ठाकुर ने हिंदू समाज में जातिवाद की आलोचना करते हुए कहा, ह्लआतंकवादियों ने किसी की जाति नहीं देखी, उन्होंने हमारे धर्म को निशाना बनाया।ह्व उन्होंने भारत सरकार से अपील की कि सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक की तर्ज पर पाकिस्तान को हर महीने ऐसा एंटीडोज दिया जाना चाहिए, जिससे वह अपनी औकात में रहे। श्री ठाकुर ने बिहार सरकार से भी राज्य के भीतर पल रहे आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने का आग्रह किया। उन्होंने जनरल बिपिन रावत के बयान का उल्लेख करते हुए कहा कि हमें ढाई मोर्चों पर लड़ाई लड़नी होगी - एक पाकिस्तान, दूसरा चीन, और आधा मोर्चा भारत के भीतर बैठे आतंकवाद के समर्थकों से एबीवीपी के हरिनंदन प्रजापति ने कहा, ह्लजिस प्रकार से धर्म देखकर नरसंहार किया जा रहा है, वह निंदनीय है। जो लोग कहते हैं कि आतंकवाद का कोई मजहब नहीं होता, वे बताएं कि हज यात्रियों पर हमले क्यों नहीं होते? योग शिक्षक धर्मेंद्र सर ने कहा, अब शांति के प्रतीक कबूतर नहीं उड़ाए जा सकते। पूरे भारतवासी को एकजुट होकर आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देने की आवश्यकता है। हम भारत सरकार, राज्य सरकार और सभी नागरिकों से अपील करते हैं कि वे आतंकवाद के खतरे को समझें और इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

सेना की वाहन खाई में गिरने से सैनिक शहीद

प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा घैलाढ़: प्रखंड क्षेत्र के झिटकिया पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 8 पथराहा गांव निवासी बिंदेश्वरी यादव उर्फ कोको यादव के छोटे पुत्र फौजी पवन कुमार का गुरुवार को शाम लगभग साढ़े चार बजे जम्मू कश्मीर के राजौरी जिला अंतर्गत नौशेरा सबडिवीजन के भवानी इलाके में नियंत्रण रेखा के पास पेट्रोलिंग वाहन में सवार सेना की वाहन अनियंत्रित होकर 70 फीट खाई में गिर गया। जिससे घटनास्थल पर ही सेना पोस्ट में हवलदार के पद पर कार्यरत पवन कुमार शहीद हो गई।

जानकारी के मुताबिक बता दे की शहीद फौजी पवन कुमार घैलाढ़ प्रखंड क्षेत्र के झिटकिया पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 8 पथराहा गांव निवासी बिंदेश्वरी यादव उर्फ कोको यादव के छोटे पुत्र हैं शहीद फौजी दो भाई और एक बहन थी। शहीद फौजी भाई- बहन में सबसे छोटा था।

शहीद फौजी दोनों भाई सेना में हवलदार पोस्ट पर कार्यरत थे। शहीद फौजी पवन कुमार 2005 में सेना में भर्ती हुए थे। शहीद फौजी पवन कुमार जम्मू कश्मीर में 3 साल से कार्यरत थे। शहीद फौजी पवन कुमार अपने गांव में ही शिक्षा ग्रहण करके अपने मेहनत से अपने माता-पिता का नाम रोशन करते हुए भारत मां की रक्षा करने के लिए फौजी की भर्ती परीक्षा पास कर सेना में भर्ती हुए थे। शहीद फौजी पवन कुमार की शादी घैलाढ़ प्रखंड क्षेत्र के झिटकिया पंचायत के लक्ष्मीनिया गांव में 2009 में आशा देवी से हुई थी। जहां शहीद को दो लड़का और दो लड़की है। 10 साल पहले शहीद की मां की मौत हो गई थी। पिता एक साधारण सा किसान है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में शोक की लहर दौड़ गया। परिवार के सभी सदस्यों का रो-रो कर बुरा हाल है खासकर पत्नी और उनके बच्चे लगातार उनको याद करते हुए रोते-रोते बेहोश हो जाती है। वही भाभी अंजू देवी भाई फौजी रामदेव यादव व पिताजी सहित आसपास के ग्रामीणों का भी रो-रो कर बुरा हाल है। शहीद अपने पीछे पत्नी, दो बेटा ,दो बेटी एवं बुजुर्ग पिताजी को छोड़कर शहीद हो गए।

वही शहीद फौजी की पत्नी आशा देवी रो रो कर विलाप करती हुई कह रही है अब हम लोगों का भरण पोषण कैसे होगा। अब हम किसके सहारे अपने बच्चों का भरण पोषण करेंगे। कौन मेरे बच्चे का सहारा बनेगा और लगातार रोती हुई बेहोश हो जाती है। अभी फिलहाल शहीद फौजी पवन कुमार का शब गांव नहीं पहुंचा है।

वाहन चेकिंग के दौरान हथियार के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा घैलाढ़ : ओपी के पुलिस ने ओपी अध्यक्ष अवधेश प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक संदीप सिंह के निर्देश पर अपराध नियंत्रण को लेकर लगातार चलाए जा रहे वाहन जांच अभियान के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर मिली जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार की शाम त्वरित कार्यवाही करते हुए विशेष टीम गठित कर वाहन चेकिंग अभियान की शुरूआत की गई । जानकारी के अनुसार ओपी अध्यक्ष अवधेश प्रसाद को गुप्त सूचना के आधार पर जानकारी मिली कि बैजनाथपुर के तरफ से लाल रंग की अपाची मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक हथियार और गोली से लेस होकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में है इसी आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए ओपी क्षेत्र अंतर्गत लक्ष्मीनिया मोड़ के पास वाहन जांच अभियान की शुरूआत की। इसी दौरान बैजनाथपुर की ओर से आ रहे बाइक सवार तीनों युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। तब तक पुलिस ने खदेड़कर दो युवक को गिरफ्तार करने में सफल हो पाए। लेकिन एक युवक भागने में कामयाब हो गया। वही दोनों युवक की तलाशी लेने पर एक देसी कट्टा, एक मिसफायर कारतूस एवं एक जिंदा कारतूस सहित मोटरसाइकिल बरामद किया गया। वही गिरफ्तार एक युवक सहरसा जिला के बिहरा थाना अंतर्गत पदमपुर गांव निवासी सिकंदर यादव का पुत्र रणवीर कुमार के रूप में पहचान की गई है वही दूसरा युवक सहरसा जिला के सौर बाजार थाना अंतर्गत सपहा गांव निवासी महेश शाह का पुत्र शशिभूषण कुमार के रूप में पहचान की गई है। दोनों के खिलाफ मधेपुरा घैलाढ़ ओपी कांड संख्या 651/24 दर्ज करते हुए जेल भेज दिया।

विश्व रक्तदाता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

रक्तदान का महत्व लाभ पर किया गया विस्तृत चर्चा, रक्तदान सामाजिक दायित्व

- रक्तदान महादान महाकल्याण, जरूरतमंदों को करें रक्तदान, बढ़ जाएगा तेरा मान, बचे जरूरतमंदों का जान - किरण देव यादव

प्रात: किरण संवाददाता

रौन अलौली। फरकिया मिशन देश बचाओ अभियान के तत्वाधान में विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम रौन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर रक्तदाताओं को बधाई दिया गया एवं रक्तदान महादान महाकल्याण, करो रक्तदान - बढ़ जाएगा तेरा मान, करें रक्तदान - बचाएं जरूरतमंदों का जान, नारों को बुलंद किया गया। तथा रक्तदात्री रंजू देवी को सम्मानित किया गया। जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि 14 जून 1868 को ब्लड ग्रुप का आविष्कारक, रक्तजनक कार्ल लैंडस्टेनर के जयंती दिवस को विश्व रक्तदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। डब्ल्यू एच ओ, ब्लड डोनर ऑर्गेनाइजेशन, रेड क्रॉस, ब्लड ट्रांसफ्यूजन संगठनों ने ब्लड ग्रुप रक्त कोष ब्लड बैंक का स्थापना सुरक्षित स्वच्छ रक्त उत्पादन को विकसित किया। 1942 में द्वितीय विश्व युद्ध में घायलों को रक्त आपूर्ति हेतु कोलकाता में रक्त अधिकोष का स्थापना किया गया। विश्व रक्तदाता दिवस मनाने का उद्देश्य रक्तदाताओं को प्रेरित करना, रक्तदाता को धन्यवाद आभार व्यक्त करना, रक्तदाता का समर्थन सराहना सम्मान करना एवं सहभागिता हेतु कर्तव्यबोध करना लक्ष्य है।

श्री यादव ने कहा कि वयस्क मनुष्य के शरीर में साढे चार पांच लीटर खून होता है। एक यूनिट 350 मिलीग्राम रक्तदान करने पर पौष्टिक आहार लेकर 24 घंटे में पूर्ति होती है। स्वस्थ युवा व्यक्ति को बेहतर स्वस्थ रहने हेतु रक्तदान करना मानवीय कर्तव्य है। रक्त का निर्माण संघनन विघटन निरंतर होते रहता है। रक्त की सफाई हेतु रक्तदान आवश्यक है ताकि नव रक्त निर्माण हो सके। आपका रक्त किन्हीं को नई जिंदगी दे सकती है, किन्ही के नवजीवन का वजह बनना सराहनीय पूण्यकार्य है। रक्तदान करना सामाजिक दायित्व है। रक्तदाता सर्वोत्तम व्यक्तित्व सदैव सम्माननीय है। रक्तदाता जागरूकता कार्यक्रम में आशा कार्यकर्ता, जीविका कर्मी, आंगनबाड़ी सेविका, स्थानीय प्रतिनिधि मीरा देवी, रंजू देवी, सुलेखा देवी, मीना देवी, सिंधु देवी, पोयम देवी, विंदा देवी, रोशन देवी, माला देवी, सरिता देवी, तेतरी देवी, रिंकू देवी, अमेरिका देवी, पल्लवी देवी, महेश्वर यादव, बृजनंदन यादव, फरकिया मिशन के लालमणि सदा आदि ने भाग लिया। सबों ने रक्तदान के महत्व लाभ पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। अंत में शुंभा की आशा कार्यकर्ता डिंपल देवी को ट्रेन दुर्घटना में हुई मौत पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई तथा आश्रितों को 5 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग किया।

विचार मंथन

सम्पादकीय

हर जगह मुठभेड़

सियासत की पहलवानी ने कई तंबू उखाड़ दिए, लेकिन आसमान को फिर भी तसल्ली नहीं। युद्ध के माहौल में हो रही राजनीति का असर यह कि जनता को भरोसा नहीं कि वह चुन किसे रही। सोलन नगर निगम के ढाई साल के बाद मेयर के चुनाव ने कांग्रेस के आधिकारिक उम्मीदवार को शिकस्त देकर जो खेल किया, उसके जख्म अब हरे हो गए। नगर निगम के मेयर व पूर्व मेयर की हस्ती अब सरकार की कार्रवाई ने छीन ली, नतीजतन उपचुनाव का खाका कई बड़े सवालों को खाक नहीं कर पाएगा। अस्थिरता के दामन में मतदाता की आशाएं और कसूरवार होते विकास के नैन नक्श। हर मुठभेड़ में लुट रहा है सिंहासन, चलो फिर से कोई नया फामूर्ला बनाएं। जाहिर है नगर निगम सोलन की पताका बदलेगी और कुछ इसी तरह की सुगबुगाहट धर्मशाला नगर निगम के मोहल्ले में है। ऐसे में प्रश्न यह कि स्थानीय निकायों में भी अगर अस्थिरता के बीज बोने के लिए राजनीतिक महत्त्वाकांक्षा ही जिम्मेदार है, तो जनता की अभिलाषा बचेगी कहां। आश्चर्य यह कि जिस जरूरत का नाम नगर निगम है, उसकी जरूरत में राजनीति की जरूरतें पूरी हो रही हैं और यह खेल तब तक जारी रहेगा जब तक मेयर पद के लिए प्रत्यक्ष चुनाव नहीं होते। अप्रत्यक्ष कंधों पर चढ़ रहे मेयर यूं ही चढ़ते और उतरते रहेंगे। सियासत ने जिस घड़ी में कांग्रेस को गच्चा देकर मेयर चुना, कमोबेश वही परिस्थितियां अब नए हालात में नियंत्रण करेंगी। ये नजारे शर्मनाक हैं और धीरे-धीरे हिमाचल को घोर अस्थिरता के जंगल में धकेल रहे हैं। कब हम सोलन शहर के भविष्य के लिए नगर निगम के पार्षद और पार्षदों के पार्षद यानी मेयर को इस नीयत से चुन पाएंगे कि पूरा नागरिक समाज आगे बढ़ पाए। कहना न होगा कि हिमाचल के पांचों नगर निगम केवल रस्म अदायगी की तरह राजनीति का सामान तो बन गए, मगर हिमाचल के शहरीकरण संबोधित नहीं हुआ। वित्तीय संसाधनों के अभाव में सारे नगर निगम केवल कागजी शेर हैं, जबकि शहर को बसाने की परिकल्पना के लिए मेयर और पार्षदों का निर्वाचन सौ फीसदी तौर पर पारदर्शी व वास्तविक होना चाहिए। हिमाचल में राजनीतिक अस्थिरता के प्रमाण अब तहरीर बनने लगे हैं, चुनावी मोहल्ले के वकील अब सडक पर लडे लगे हैं। अभी फाइलों के टकराव, घटनाक्रम के उन्माद और हस्तियों के प्रकार दिखने लगे हैं। राज्यसभा चुनाव के अंकगणित से सियासत का बिगड़ा मूड, सत्ता के सबूत से प्रमाणित होगा। उपचुनावों से पहले नाव दरिया में डूबी या चुनावी कसरतों ने शह और मात को अब बुलंद किया। जो भी हो, सोलन में मेयर और डिप्टी मेयर का अयोग्य होना साधारण घटना तो नहीं है और न ही अब क्रॉस वोटिंग के घाव कभी सहज होंगे। इसलिए अब मुकाबले के परिदृश्य में कभी राज्य की जांच भारी पड़ेगी, तो कभी अदालत के नोटिस पर मानहानि के मामले अशांत दिखेंगे। जो भी हो, लेकिन यह तय है कि जो गुजर गया, वह भी अपने पीछे बारूद छोड़ गया और जो होना है, उसके लिए बारूद खोजा जा रहा है। फिर तीन निर्दलीयों के उपचुनाव सियासत की वीरभूमि खोजेंगे तो सीपीएस मामलों की परछाई में सत्ता के चिराग खुद को बचाएंगे। कांग्रेस से भाजपा में जा मिले नेताओं का शोर एक उपचुनाव में तो पूरी तरह सफल नहीं हुआ, फिर निर्दलीयों की अमानत पर निशाने करीब से लगेंगे। इसी तरह नगर निगम सोलन अब एक अद्भुत प्रसंग में पुनः अपना मेयर देखेगा, तो जब बारात निकलेगी तो खबर यह भी आएगी कि किस अन्य नगर निगम में मेयर के खिलाफ अविश्वास का

विपक्ष हार कर भी जीत गई

विनोद ताकियावाला

18वीं लोक सभा चुनाव में विपक्ष कर्ण की तरह लड़ी। विश्व के सबसें बड़े लोकतंत्र भारत ने एक पुनः साबित कर भारत ही सचमुच में प्रजातंत्र की जननी है। 18वें लोक सभा चुनाव जो कि विषम परिस्थितियों में सबसे लम्बी अविधि चलने के समाप्त हो चुकी है। इस लोक सभा के साधारण चुनाव के परिणाम नें यह एक बार पुनः साबित कर प्रजातंत्र में जनता ही जनार्दन है। जनता जनार्दन ने विपक्षी दलों को अपना समर्थन दिया है। भले ही विपक्ष जीता न हो लेकिन उसने भाजपा व प्रधानमंत्री मोदी का घमंड जरूर तोड़ दिया है। जिसका सबसे बड़ा प्रमाण मोदी की गारंटी व तुष्ट्रीकरण वाली एजेडें का नकारते हुए भाजपा को करारा जबाब दिया है। यही कारण भाजपा बहुमत के आंकड़े से पीछे रह गई है। सता के लोभ में अपनी नीति को ताख पर रखते हुए गठबन्धन करते हुए अपने घुटने टेक दिए। वे जिस नेहरू को पानी पी पी कर दस साल गाली देते रहे उन्हीं के रिकॅार्ड की बराबरी करने के लिए लगातार तीसरी बार शपथ जरूर लेने जा रहे हैं लेकिन सरकार चलाने के लिए उन्हें चन्द्र बाबु नायडू और नीतीश कुमार सता सिंघासन पर आशीन होने के गठबन्धन करना पड़ा है वही विपक्ष चुनावी समर क्षेत्र महा भारत के कर्ण की तरह लोक सभा चुनाव लड़ी है। जैसा कि सर्वविदित सन 2024 का चुनावी महाभारत समाप्त हो गया है। इस बार चुनावी समर क्षेत्र को देखने के बाद मुझे महाभारत का एक प्रसंग याद आ रहा है। जब अर्जुन और कर्ण के बीच धर्म युद्ध हो रहा था। कुरुक्षेत्र के मैदान में अर्जुन जब वाण चलाते थे तो बाणों के वेग से कर्ण का रथ मीलों पीछे चला जाता था, लेकिन जब कर्ण वाण चलाता था तो अर्जुन का रथ महज तीन कदम पीछे जाता था। इसके बाबूजूद अर्जुन के सारथी बने स्वयं भगवान कृष्ण के मुंह से निकल पड़ता था-वाह कर्ण वाह.... अर्जुन को कृष्ण के मुंह से कर्ण की तारीफ सुनकर अच्छा नहीं लगता था। वे दुखी हो रहे थे। आखिर में ऊर्जून नेअपनी नाराजगी जताते हुए श्री कृष्ण से पूछा- हे वासुदेव मैं जब तीर चलाता हूं तो कर्ण का रथ मीलों पीछे चला जाता है और वह जब वाण चलाता है तो मेरा रथ सिर्फ तीन कदम पीछे हटता है। फिर भी आप मेरी बजाय कर्ण की तारीफ करते हैं। तब कृष्ण ने अर्जुन को सच्चाई बताई। कृष्ण ने अर्जुन कहा कि वे स्वयं उनके रथ पर तीनों लोकों का भार लेकर बैठे हैं। इसके अलावा रथ पर फहरा रही पताका पर हनुमान जी रोम-रोम में पहाड़ बांधकर सवार थे। इतना वजन होने के बावजूद कर्ण अपने बाणों से अर्जुन के रथ को तीन कदम पीछे ढकेल देता था। *18 वीं लोक सभा चुनाव में विपक्ष कर्ण की तरह लड़ी। विश्व के सबसें बड़े लोकतंत्र भारत ने एक पुनः साबित कर भारत ही सचमुच में प्रजातंत्र की जननी है।

मुझे भी इस लोक सभा चुनाव में भी वही सब देखने को मिला। एक तरफ स्वयं भीष्म पितामह की तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उनके चाणक्य अमित शाह और योगी आदित्यनाथ तथा राजनाथ सिंह समेत भाजपा सासित प्रदेशों के मुख्य मंत्री उनके दर्जनों सहयोगी थे। 10 वर्ष तक केंद्र सरकार-सरकारी तंत्र थे, दूसरी राहुल गांधी व थे व उसके सहयोगियों में अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, स्टालिन आदि कम नामधारी क्षेत्रीय दलों के नेता थे आखिर में पश्चिमी बंगाल के योद्धा ममता बनर्जी नें इस लड़ाई में साथ नहीं ही आईं। वे विपक्ष के खेमे में जरूर थीं लेकिन उन्होंने अपना डेरा अलग से जमा रखा था। इसके अलावा मोदी जी के पास तमाम .संसाधन व सरकारी तंत्र थे। सता में रहने के कारण घन के देवता कुबेर का चुनावी चन्दा रूप बांड से उगाहे गए हजारों करोड़ रुपये, चुनाव आयोग और दूसरी सरकारी एजेंसियों, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), सीबीआई और इनकम टैक्स विभाग, गोदी मीडिया और सर्वे करनी वाली मायावी राक्षसी प्रवृत्ति वाली एजेंसियों की ताकत थी जो आखिरी समय तक विपक्षी नेताओं को परेशान करती रही। इसके बावजूद विपक्षी नेताओं ने मोदी जी के दांत खट्टे कर दिये। सम्पूर्ण देश में मोदी की गारंटी, राम मन्दिर ह्यमंगल सुत्र हिन्दु खतरे में के सहारे 400 पार की गगन भेदी घोषणा करने वाले की टीम थी। भारतीय मतदाताओ नें मोदी जी के विजय रथ को 240 सीटो व सहयोगी दलों एन डी ए 290 में ही जबरदस्त ब्रेक लगा दिया है। बीजेपी को उन्होंने पूर्ण बहुमत नहीं पाने दिया। 18वें लोक सभा चुनाव जो कि विषम परिस्थितियों में सबसे लम्बी अविधि चलने के समाप्त हो चुकी है। इस लोक सभा के साधारण चुनाव के परिणाम नें यह एक बार पुनः साबित कर प्रजातंत्र में जनता ही जनार्दन है। नरेन्द्र मोदी जी प्रधानमंत्री पद पाने के लिए गठबन्धन कर लिया। परिणाम स्वरूप राजनीति पंडितओं में चर्चा व चिन्तन का दौर शुरू हो गया है कि मोदी जी जो कल तक विश्वगुरु भारत को बना रहा था ह्यअच्छे दिन का राग अलाप रहे ह्य हिन्दु राष्ट्र बनाने का सपना देख रहे है। हमने राम को लाये है। राम को लाने वाले को जनता लायेगी। इसी बल पर अबकी बार 400 पार का गर्जना करते थक नही रहें थें-उन्हे केन्द्र में सता के सिंघासन पर आसीन होने के लिए चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार के हाथ थाम कर वैसाखी लेने को मोदी मजबुर हो गई है। राजनीतिक पंडितओ के माने तो मोदी जी के 36 के आंकड़े न भी हों तो मधुर संबंध तो नहीं ही हैं। इस चुनाव की सबसे खास और बीजेपी के लिए सबसे खतरनाक बात यह है कि भारत के उत्तर और पश्चिम उसके अभेद्य किले को विपक्ष ने भेद दिया है। कहीं ध्वस्त किया है तो कहीं बड़ा नुकसान पहुंचाया है। दिल्ली की सता के द्वारा देश के सबसे बड़े और महत्वपूर्ण राज्य उत्तर प्रदेश में उन्होंने बीजेपी को धूल चटा दी है। आप को बता दे कि पिछले लोक सभा चुनाव में 62 सीट जीतने वाली बीजेपी को इस बार 33 सीटों पर समेट दिया है। राजस्थान मे बराबरी से मुकाबला किया है।

संतानों के दुर्व्यवहार एवं उत्पीड़न से जटिल होती वृद्धावस्था

यही पीड़ा वृद्धजन को पल-पल की घुटन, तनाव एवं उपेक्षा से निकलकर वृद्धाश्रम जाने के लिए विवश करती है। संतान द्वारा बुजुर्गों की आवश्यकताओं को पूरा न करना गरिमा के साथ स्वतंत्र जीवन जीने जैसे मानवाधिकारों का हनन है। संयुक्त परिवारों के विघटन और एकल परिवारों के बढ़ते चलन ने इस स्थिति को नियंत्रण से बाहर कर दिया है। एक बड़ा प्रश्न है कि वृद्धों की उपेक्षा एवं दुर्व्यवहार के इस गलत प्रवाह को किस तरह से रोके? क्योंकि सोच के गलत प्रवाह ने न केवल वृद्धों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है। वृद्धों के जीवन से जुड़ी इस विकट समस्या के समाधान के लिये ही विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस हर साल 15 जून को मनाया जाता है। इस दिन की शुरूआत सबसे पहले 2011 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा बुजुर्गों द्वारा अनुभव किए जाने वाले दुर्व्यवहार के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए की गई थी। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार को ह्यएकल, या बार-बार की गई हरकत, या उचित कार्रवाई की कमी के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, जो किसी भी रिश्ते में घटित होती है, जहाँ विश्वास की उम्मीद होती है, जो किसी बुजुर्ग व्यक्ति को नुकसान या परेशानी पहुँचाती हैह्ल। यह एक वैश्विक सामाजिक एवं पारिवारिक मुद्दा है जो दुनिया भर में लाखों बुजुर्गों के स्वास्थ्य और मानवाधिकारों को प्रभावित करता है और एक ऐसा मुद्दा है जिस पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को ध्यान देने की आवश्यकता है।

ललित गर्ग
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

देश ही नहीं, दुनिया में वृद्धों के साथ दुर्व्यवहार, प्रताड़ना, हिंसा बढ़ती जा रही है, जो जीवन को नरक बनाये हुए है। बच्चे अपने माता-पिता के साथ बिल्कुल नहीं रहना चाहते। यही पीड़ा वृद्धजन को पल-पल की घुटन, तनाव एवं उपेक्षा से निकलकर वृद्धाश्रम जाने के लिए विवश करती है। संतान द्वारा बुजुर्गों की आवश्यकताओं को पूरा न करना गरिमा के साथ स्वतंत्र जीवन जीने जैसे मानवाधिकारों का हनन है। संयुक्त परिवारों के विघटन और एकल परिवारों के बढ़ते चलन ने इस स्थिति को नियंत्रण से बाहर कर दिया है। एक बड़ा प्रश्न है कि वृद्धों की उपेक्षा एवं दुर्व्यवहार के इस गलत प्रवाह को किस तरह से रोके? क्योंकि सोच के गलत प्रवाह ने न केवल वृद्धों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है। वृद्धों के जीवन से जुड़ी इस विकट समस्या के समाधान के लिये ही विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस हर साल 15 जून को मनाया जाता है। इस दिन की शुरूआत सबसे पहले 2011 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा बुजुर्गों द्वारा अनुभव किए जाने वाले दुर्व्यवहार के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए की गई थी। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार को ह्यएकल, या बार-बार की गई हरकत, या उचित कार्रवाई की कमी के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, जो किसी भी रिश्ते में घटित होती है, जहाँ विश्वास की उम्मीद होती है, जो किसी बुजुर्ग व्यक्ति को नुकसान या परेशानी पहुँचाती हैह्ल। यह एक वैश्विक सामाजिक एवं पारिवारिक मुद्दा है जो दुनिया भर में लाखों बुजुर्गों के स्वास्थ्य और मानवाधिकारों को प्रभावित करता है और एक ऐसा मुद्दा है जिस पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को ध्यान देने की आवश्यकता है। विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस 2024 की थीम ह्यसभी पहचानों की बुजुर्ग पीड़ितों के लिए सम्मान, सुरक्षा और कल्याण को प्राथमिकता देनाह्ल है। याद रखें, बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार को रोकने में छोटी-छोटी कदम भी अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन लोगों की आवाज बनें जो खुद के लिए बोलने में सक्षम नहीं हैं, दूसरों को शिक्षित करें और बुजुर्गों की सुरक्षा के लिए काम करने वाले संगठनों का समर्थन करें। साथ मिलकर, हम एक ऐसी दुनिया बना सकते हैं जहाँ हर बुजुर्ग अपने बुढ़ापे को गरिमा, आत्मसम्मान, सुरक्षा और स्वस्थता के साथ जी सके।

विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस एक प्रयोजनात्मक अवसर एवं उत्सव है। यह दिन उन तरीकों को खोजने के लिए भी मनाया जाता है कि कैसे समाज में बुजुर्ग लोगों की उपेक्षा, दुर्व्यवहार एवं उनके प्रति बरती जा रही उदासीनता की त्रासदी से उन्हें मुक्ति देकर उन्हें सुरक्षा कवच मानने की सोच को विकसित किया जाये ताकि वृद्धों के स्वास्थ्य, निष्कंटक एवं कुंठारहित जीवन को प्रबंधित किया जा सकता है। वृद्धों को बंधन नहीं, आत्म-गौरव के रूप में स्वीकार करने की अपेक्षा है। वृद्धों को लेकर जो गंभीर समस्याएं आज पैदा हुई हैं, वह अचानक ही नहीं हुई, बल्कि उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के तहत बदलते सामाजिक मूल्यों, नई पीढ़ी की सोच में परिवर्तन आने, महंगाई के बढ़ने और व्यक्ति के अपने बच्चों और पत्नी तक सीमित हो जाने की प्रवृत्ति के कारण बड़े-बूढ़ों के लिए अनेक समस्याएं आ खड़ी हुई हैं। चिन्तन का महत्वपूर्ण पक्ष है कि वृद्धों की उपेक्षा एवं दुर्व्यवहार का कारण क्या है? वृद्ध व्यक्ति अक्सर गतिशीलता संबंधी समस्याओं, पुरानी स्वास्थ्य स्थितियों या सामाजिक अलगाव का सामना करते हैं। इसके अतिरिक्त, आपात स्थितियों का तनाव और अराजकता शारीरिक, भावनात्मक, वित्तीय या उपेक्षा सहित बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार के जोखिम को बढ़ा सकती है। आपातकालीन स्थितियों में वृद्ध व्यक्तियों द्वारा सामना की जाने वाली विशिष्ट चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाकर, हम अधिक समावेशी और सुरक्षात्मक वातावरण को बढ़ावा दे सकते हैं।

बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार एक ऐसी वैश्विक समस्या है जो विकासशील और विकसित दोनों देशों में मौजूद है, हालाँकि बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार की सीमा अज्ञात है, लेकिन इसका सामाजिक और नैतिक महत्व स्पष्ट है। नये विश्व की उन्नत एवं आदर्श संरचना बिना वृद्धों की सम्मानजनक स्थिति के संभव नहीं है। वर्किंग बहुओं के ताने, बच्चों को टहलाने-घुमाने की जिम्मेदारी की फिक्र में प्रायः जहां पुरुष वृद्धों की सुबह-शाम खप जाती है, वहीं महिला वृद्ध एक नौकरानी से अधिक हैसियत नहीं रखती। यदि परिवार के वृद्ध कष्टपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे हैं, रुग्णावस्था में बिस्तर पर पड़े कराह रहे हैं, भरण-पोषण को तरस रहे हैं तो यह हमारे लिए वास्तव में लज्जा एवं शर्म का विषय है। वर्तमान युग की बड़ी विडम्बना एवं विसंगति है कि वृद्ध अपने ही घर की दहलीज पर सहमा-सहमा खड़ा है, वृद्धों की उपेक्षा स्वस्थ एवं सुसंस्कृत परिवार परम्परा पर काला दाग है। हम सुविधावादी एकांगी एवं संकीर्ण सोच की तंग गलियों में भटक रहे हैं तभी वृद्धों की आंखों में भविष्य को लेकर भय है, असुरक्षा और दहशत है, दिल में अन्तहीन दर्द है। इन त्रासद एवं डरावनी स्थितियों से वृद्धों को मुक्ति दिलानी होगी। इसके लिये आज विचारक्रांति ही नहीं, बल्कि व्यक्तिक्रांति एवं परिवार-क्रांति की जरूरत है। हमारा भारत तो बुजुर्गों को भगवान के रूप में मानता है। इतिहास में अनेकों ऐसे उदाहरण है कि माता-पिता की आज्ञा से भगवान श्रीराम जैसे अवतारी पुरुषों ने राजपाट त्याग कर वनों में विचरण किया, मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार ने अपने अन्धे माता-पिता को काँवड़ में बैठाकर चारधाम की यात्रा कराई। फिर क्यों आधुनिक समाज में वृद्ध माता-पिता और उनकी संतान के बीच दूरियां बढ़ती जा रही है। आज वृद्धों को अकेलापन, परिवार के सदस्यों द्वारा उपेक्षा, दुर्व्यवहार, तिरस्कार, कटुक्तियां, घर से निकाले जाने का भय या एक छत की तलाश में इधर-उधर भटकने का गम हरदम सालता रहता। वृद्ध समाज इतना कुंठित एवं उपेक्षित क्यों है, एक अहम प्रश्न है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार अनेक स्वस्थ एवं आदर्श समाज-निर्माण की योजनाओं को आकार देने में जुटी है, उन्हें वृद्धों को लेकर भी चिन्तन करते हुए वृद्ध-कल्याण योजनाओं को लागू करना चाहिए, ताकि वृद्धों की प्रतिभा, कौशल एवं अनुभवों का नये भारत-सशक्त भारत के निर्माण में समुचित उपयोग हो सके एवं आजादी के अमृतकाल को वास्तविक रूप में अमृतमय बना सके। संयुक्त राष्ट्र ने विश्व में बुजुर्गों के प्रति हो रहे दुर्व्यवहार और अन्याय को समाप्त करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय है। बड़े बूढ़ों के साथ दुर्व्यवहार देखकर लगता है जैसे हमारे संस्कार ही मर गए हैं। बुजुर्गों के साथ होने वाले अन्याय के पीछे एक मुख्य वजह सामाजिक प्रतिष्ठा मानी जाती है। तथाकथित व्यक्तिवादी एवं सुविधावादी सोच ने समाज की संरचना को बदसूरत बना दिया है। आज बन रहा समाज का सच डरावना एवं संवेदनहीन है। आदमी जीवनमूल्यों को खोकर आखिर कब तक धैर्य रखेगा और क्यों रखेगा जब जीवन के आसपास सबकुछ बिखरता हो, खोता हो, मिटता हो और संवेदनाशून्य होता हो।

आओ गंगा नहाएं हम और आप भी

हम गंगा का पुत्र होने में अपने आपको गौरवान्वित महसूस करते हैं। गंगा की सौगंध खाते हैं, अपनी सच्चाई को प्रमाणित करने के लिए गंगाजल उठाते है। पाप निवारण के लिए गंगा स्नान करते हैं। और जब कोई बड़ा काम सम्पन्न करने में कामयाब हो जाते हैं तो राहत की सांस लेते हुए कहते हैं - चलिए हमने तो गंगा नहा ली। गंगा के बारे में हर भारतीय जानता है। पूरब का हो, चाहे पश्चिम का, उत्तर का हो या दक्षिण का, सबके लिए गंगा का महत्व है। ये बात अलग है कि सबकी गंगा अलग-अलग है। गंगा दरअसल प्रयाग या हरिद्वार में ही नहीं बहती, बल्कि हर व्यक्ति के मन में बहती है। समस्या ये है कि इन तमाम गंगाओं का मिलन होना सुनिश्चित नहीं है। आपने राजकपूर की फिल्म संगम तो देखी ही होगी। इस फिल्म का शीर्षक गीत है ये सवाल खड़े करता है कि तेरे मन की और मेरे मन की गंगा का मिलन होगा या नहीं ? गीतकार शैलेन्द्र ने जब ये गीत लिखा और शंकर -जयकिशन ने इसे संगीतबद्ध कर मुकेश से गवाया था तब ये सोचा भी न होगा कि गंगा एक समय में यक्ष -प्रश्न बन जाएगी और कोई भी इस सवाल का जबाब नहीं दे पायेगा कि हमारे-आपके मन की गंगा का मिलन आज की सियासत होने देगी या नहीं ? ईश्वर के वजूद को लेकर अक्सर मेरे मन में प्रश्न रहते हैं किन्तु गंगा को लेकर मेरे मन में कभी कोई दुविधा नहीं रही। मैंने जब से होश सम्हाला है गंगा को विभिन्न रूपों में देखा है। गंगा के प्रति अपने पूर्वजों के मन में अगाध श्रृद्धा देखी है। हम भारतीयों में से बहुत से आज भी किसी कानून से, किसी अदालत से भले ही न डरते हों लेकिन गंगा से डरते हैं।

राकेश अचल
सेवा निवृत्त उप महाप्रबंधक,

राजनीति से हटकर आइये आज गंगा की बात करते हैं। गंगा हमारे लिए केवल एक नदी नहीं है बल्कि संस्कृति का एक जीवंत प्रतीक है। हम गंगा का पुत्र होने में अपने आपको गौरवान्वित महसूस करते हैं। गंगा की सौगंध खाते हैं, अपनी सच्चाई को प्रमाणित करने के लिए गंगाजल उठाते है। पाप निवारण के लिए गंगा स्नान करते हैं। और जब कोई बड़ा काम सम्पन्न करने में कामयाब हो जाते हैं तो राहत की सांस लेते हुए कहते हैं - चलिए हमने तो गंगा नहा ली।

गंगा के बारे में हर भारतीय जानता है। पूरब का हो, चाहे पश्चिम का, उत्तर का हो या दक्षिण का, सबके लिए गंगा का महत्व है। ये बात अलग है कि सबकी गंगा अलग-अलग है। गंगा दरअसल प्रयाग या हरिद्वार में ही नहीं बहती, बल्कि हर व्यक्ति के मन में बहती है। समस्या ये है कि इन तमाम गंगाओं का मिलन होना सुनिश्चित नहीं है। आपने राजकपूर की फिल्म संगम तो देखी ही होगी। इस फिल्म का शीर्षक गीत है ये सवाल खड़े करता है कि तेरे मन की और मेरे मन की गंगा का मिलन होगा या नहीं ? गीतकार शैलेन्द्र ने जब ये गीत लिखा और शंकर -जयकिशन ने इसे संगीतबद्ध कर मुकेश से गवाया था तब ये सोचा भी न होगा कि गंगा एक समय में यक्ष -प्रश्न बन जाएगी और कोई भी इस सवाल का जबाब नहीं दे पायेगा कि हमारे-आपके मन की गंगा का मिलन आज की सियासत होने देगी या नहीं ?

ईश्वर के वजूद को लेकर अक्सर मेरे मन में प्रश्न रहते हैं किन्तु गंगा को लेकर मेरे मन में कभी कोई दुविधा नहीं रही। मैंने जब से होश सम्हाला है गंगा को विभिन्न रूपों में देखा है। गंगा के प्रति अपने पूर्वजों के मन में अगाध श्रृद्धा देखी है। हम भारतीयों में से बहुत से आज भी किसी कानून से, किसी अदालत से भले ही न डरते हों लेकिन गंगा से डरते हैं। उनका डर सम्मान की वजह से है। हर भारतीय आज भी गंगा को पाप-नाशिनी मानता है। पतित-पावन मानता है। और ये मान्यता कोई एक दिन में या 2014 के बाद नहीं बनी। ये सदियों, युगों और कल्पों के बाद बनी है। हर भारतीय के घर में गंगा मौजूद मिलेगी। शीशी में, कंटेनर में। आखिरी वक्त में सभी को मोक्ष पाने के लिए गंगाजल की दरकार होती है, भले ही उसने जीवन में कभी गंगा स्नान किया हो या न किया हो।

भगवान शिव को किसी ने नहीं देखा, भगीरथ को किसी ने नहीं देखा लेकिन गंगा को सबने देखा है। सबको गंगावतरण की पौराणिक कथा का ज्ञान है। सब मानते हैं कि यदि रघुवंशी भगीरथ हठ न करते तो गंगा भूलोक में शायद न आती। शिव यदि गंगा को अपनी जटाओं में धारण करने का साहस न दिखाते तो गंगा धरती पर या तो आती ही नहीं और यदि आ भी जाती तो समूची सृष्टि को अपने आवेग के साथ बहा ले जाती। गंगा दुनिया कि किसी दूसरे देश में नहीं है। अमेरिका में नहीं, चीन में नहीं, जापान में नहीं, रूस में नहीं। गंगा सिर्फ भारत में है और हम शान से गर्व से कहते हैं कि - हम उस देश कि वासी हैं जिस देश में गंगा बहती है। यानि गंगा हमारा आइडेंटिटी कार्ड है, परिचय पत्र है। दुनिया में शायद ही कोई ऐसा देश हो जहाँ कि नागरिक अपने परिचय कि तौर पर अपने देश की किसी नदी का इस्तेमाल करते हैं।

चूंकि 16 जून को गंगा दशहरा है, इसलिए मै आपके सामने गंगा -पुराण लेकर बैठ गया। वरना किसे फुरसत है गंगा पर बात करने की। गंगा को लेकर हम आम भारतीय ही नहीं बल्कि हमारी सरकारें भी बहुत संवेदनशील दिखाई देतीं हैं लेकिन असल में होती नहीं हैं। वे दुनिया कि पाप धोने वाली गंगा कि शुद्धिकरण और उसके पुनर्जीवन कि लिए नमामि गंगे प्रोजेक्ट तो बना लेते हैं किन्तु उसे भी सियासत के रंग में रंग देते है। भ्ष्टार्चार की भेंट चढ़ा देते हैं। भारत कि भाग्यविधाता चूंकि खुद को गंगा पुत्र कहते हैं इसलिए देश में नमामि गंगे प्रोजेक्ट को उनका दिव्यस्वप्न माना जाता है। भाग्यविधाता को गंगा ने तीसरा अवसर दे दिया लेकिन इस प्रोजेक्ट को आज तक पूरा नहीं किया जा सका मुमकिन है कोई मजबूरी रही हो। इस परियोजना पर हम भी बात नहीं करना चाहते, अन्यथा कहा जाएगा की हम फिर सियासत पर आ गए !

हम और आप साधारण इंसान हैं इसलिए हम और आप ऐसी कोई बात नहीं कर सकते जो असाधारण हो। असाधारण बात करने का हक असाधारण लोगों को ही है। बल्कि असाधारण बातें आजकल केवल अविनाशी लोगों का एकाधिकार माना जाता है। साधारण बात ये है कि हम गंगा को पूजते हैं लेकिन उसकी फिक्र नहीं करते। हमें गंगा कि प्रति फिक्रमंद होने कि लिए उन देशों से सीखना होगा जिनके पास गंगा तो नहीं है लेकिन उनकी नदियाँ गंगा से सौ गुना ज्यादा स्वच्छ हैं। विदेशी अपनी नदियों कि लिए किसी सरकार पर निर्भर नहीं होते। वे ये कामखुद करते हैं, लेकिन हम ये सब नहीं करते। हम गंगा दशहरे पर गंगा को पूजेंगे, उसकी आरती उतारेंगे, दान-पुण्य करेंगे लेकिन उसकी कोख को गंदगी से भर आएंगे।

हमारी नब्बे साल की दादी फूलकुंवर अनपढ़ थीं लेकिन जानतीं थीं कि ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि पर गंगा दशहरा मनाया जाता है। इस दिन गंगा जी की पूजा, गंगाजल से स्नान जरुर करना चाहिए. मान्यता है इससे व्यक्ति के कई जन्मों के पाप धुल जाते है। वे गांव के पास बहने वाली बेतवा को ही गंगा मानकर उसमें डुबकी लगा लेतीं थी। उनके मायके कि पास भी गंगा नहीं थी, वहां जमुना थी। वे उसे भी गंगा मानतीं थीं। हमारे पास भी गंगा नहीं बल्कि चंबल है। हम चंबल को ही अपनी गंगा मानते हैं। गंगा को बचाने का मतलब हर नदी को बचाने से होना चाहिए तब तो गंगा को पूजने का, उसमें नहाने का कोई अर्थ सार्थक हो सकता है।

हमने संविधान , भाईचारा, मंगलसूत्र, मुजरा, आरक्षण आदि मुद्दों पर हाल ही में चुनाव देखा है। हमारे राजनितिक दलों और नेताओं ने तो चुनाव कराकर गंगा नहा ली, लेकिन गंगा का जिक्र एक बार भी नहीं किया। कोई सत्ता पक्ष में पहुँच गया तो कोई प्रतिपक्ष में। जो कहीं नहीं पहुंचा वो निर्दलीय है, जहाँ ज्यादा चारा मिलेगा , वहां पहुँच जायेगा। लेकिन आप तो अपनी सोचिये। अपनी गंगा की सोचिये। आप गंगा दशहरा के दिन तुलसी के पत्तों को गंगाजल से धोकर, फिर इन्हें एक लाल कपड़े में बाधकर तिजोरी में रख कर अपनी दरिद्रता दूर करने और घर में लक्ष्मी रोकने कि फेर में न पड़ें। तुलसी में जल अर्पित कर श्री तुलसी स्तोत्रम् का पाठ करें या न करें , इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला गंगा की सेहत पर। अंत में भले ही गंगा जू मां गंगा धरती पर सागर के 60 हजार पुत्रों को मोक्ष देने के लिए आई थी, लेकिन वे देश कि करोड़ों हिन्दू -मुसलमानों को मोक्ष दिला सकतीं है। शर्त एक ही है कि आप देश की गंगा-जमुनी संस्कृति के खिलाफ खड़े लोगों को पहचानकर उनके खिलाफ खड़े हो जाएँ। आपका गंगा स्नान हुआ मान लिया जाएगा। आपकी गंगा दशहरे की पूजा को गंगा जी स्वीकार कर लेंगी। गंगा ने आजतक हिंदू - मुसलमान नहीं किया। तब भी जब मुगलों ने उसका नाम अल्लाहाबाद रख दिया था और आज भी जब उसे दोबारा प्रयाग कहा जाने लगा है। शुभकामनाओं सहित।

छात्र परीक्षा के परिणाम से निराश न हों

संजय गोस्वामी

आईआईटी जेईई एडवांस के परीक्षा परिणाम(2024) से कई छात्रों में खुशी मिली और उससे भी ज्यादा छात्रों को निराशा हाथ लगी कई छात्रों को फपक फपक कर रोते देखा हुँ जीससे उनके उम्मिदों पर पानी फिर गया लेकिन चिंता करने से क्या होगा संकट में भी निराश न हों और विश्वास रखें कि प्रभु के हाथ असंख्य हैं। एक छोटा द्वार हमारे लिए बंद हो गया है, तो कोई बड़ा-सा द्वार अवश्य मिलेगा। ईश्वर हमारा श्रेष्ट मित्र एवं बन्धु है। न देवा दण्डमादाय रक्षन्ति पशुपालवत्। यं तू रक्षितुमिच्छन्ति बुद्धया संयोजयन्ति तम्। ईश्वर ग्वाले की भाँति लाठी लेकर सहायता नहीं करता है, बल्कि समयोजित बुद्धि प्रदान कर रक्षा करता है। जहाँ उद्यम (पुरुषार्थ), साहस, धैर्य, विवेक, शक्ति और पराक्रम हैं, वहाँ ईश्वर भी सहायता करता है। उद्यम, साहसं धैर्य बुद्धिः शक्तिः पराक्रमः। षडेते यत्र वर्तन्ते तत्र देवो सहायकः। । एक प्रसिद्ध कहावत है- हिम्मते मरदां मददे खुदा। जब मनुष्य हिम्मत से काम लेता है, तब ईश्वर भी उसकी सहायता करता है। साहसे श्री प्रतिवसति। साहस में श्री रहती है। हम जरा साहस करके उठें और दृढ़तापूर्वक आगे बढ़ें, प्रभु अवश्य हमें सहारा देंगे। जीवन की समस्याएँ एक चुनौती हैं, जिसे स्वीकार कर मनोबल, नीतिबल और पुरुषार्थ द्वारा हम इन पर विजयी हो सकते हैं। जीवन-यात्रा के अनजाने मोड़ आने पर विवेक और धैर्य से काम लें, कहीं भी कुछ कठिन नहीं रहेगा। आशा और विश्वास रखों कि फिर प्रभात होगा, अँधेरा मिटेगा और प्रकाश आयेगा। इच्छा-शक्ति से निराशा की जड़ता को समाप्त कर दें। निराश न हों जिंदगी हिम्मत का सौदा है। प्रयत्न करने पर भी बार-बार विफल होने के कारण जब दिल टूट रहा हो, तब भी गिर-गिरकर अपने को संभालकर उठ खड़ा होना चाहिए और संकट की चुनौती को स्वीकार करके आगे बढ़ते रहना चाहिए। हिम्मत हारकर मनुष्य संतुलन और विवेक खो बैठता है तथा विषय परिस्थित को अधिक विषय बना देता है। साहस, संतुलन और विवेक द्वारा ही गंभीर संकट का दृढ़तापूर्वक सामना किया जा सकता है। वज्र संकल्प लेकर उठे और हिम्मत से आगे बढ़े। जीवन का प्रवाह सदैव गतिमान रहता है तथा व्यक्ति एवं स्थिति स्थिर नहीं रह सकते हैं। जो आगे नहीं बढ़ रहा है, वह पीछे या इधर-उधर हट रहा है तथा पतन के समीप जा रहा है। इन्सान को हिम्मत से आगे ही आगे बढ़ते रहना चाहिए। जीवन में साहस और धैर्य ज्ञान की अपेक्षा अधिक उपयोगी सिद्ध होते हैं। धैर्य का अर्थ है, शान्तिपूर्वक कष्ट सहन करना तथा पुनः प्रयत्न करना। अपनी मंजिल तय करते हुए लक्ष्य की ओर हौसले से आगे बढ़ते रहने में ही जीवन का सुख छिपा पड़ा है। मंजिल पै जिन्हें जाना है, शिकवे नहीं करते, शिकवों में जो उलझे हैं, पहुँचा नहीं करते। अपने आपको गाली देना, अपने भाग्य को कोसना तुरंत छोड़ दें-यदि आपने जीवन में सुख की ओर बढ़ने का संकल्प किया है। प्रत्येक स्थिति में प्रसन्न रहना मानों दुर्भाग्य को भी चुनौती देना है। वह इन्सान क्या जो ठोकरें नसीब की न सह सके। परीक्षा के परिणाम को देखकर निराश होना अथवा रोने लगना कायरता है। जैसी आशा करोगे, जैसे विचार करोगे, वैसे बन जाओगे। हमें वही मिलता है, जिसके हम अधिकारी होते हैं। उज्ज्वल भविष्य की आशा करो, उज्ज्वल भविष्य की कल्पना करो, भविष्य उज्ज्वल हो जायगा। निरुत्साही, संशयात्मा एवं अनिश्चयी द्विविधा में पड़ा रहता है तथा संकल्पवान् आगे बढ़ जाता है। जीवन में सुख की समुज्ज्वल कल्पना करो, आशा और विश्वास के साथ आगे बढ़े चलो। एक दिन तुम अवश्य सफल होगे।

संक्षिप्त खबरें

स्वयंसेवकों ने किया रक्तदान

छपरा कार्यालय। राष्ट्रीय सेवा योजना राजेंद्र कॉलेज के छात्र ने विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान किया।रक्तदान महादान के मूल मंत्र पर कार्य करने वाला स्वयं सेवक रूपेश कुमार निषाद प्रत्येक वर्ष चार बार रक्तदान करते हैं। इस के लिए प्राचार्य सुशील श्रीवास्तव ने हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा की ऐसे युवा ही हमारी धरोहर हैं, जो सामाजिक गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेकर अपनी सच्ची शिक्षा का परिचय देते हैं। कार्यक्रम पदाधिकारी ने सभी स्वयंसेवकों को रक्तदान के महत्व बारे में बताते हुए छात्रों को रक्तदान हेतु बताया।

चोरी की बिजली जलाने के मामले मे जेई से दर्ज कराई प्राथमिकी

बनियापुर । चोरी से बिजली का उपभोग करने के मामले मे विद्युत विभाग के जेई ने दो लाख रुपया जुमार्ना लगाते प्राथमिकी दर कराया है जिसमे इब्राहिमपुर गाव निवसी आदित्य प्रसाद पिता रामप्रवेश प्रसाद द्वारा बाईपास मीटर लगाकर बिजली चोरी से उपयोग करने का मामला दर्ज कराया है। प्राथमिकी मे सहायक अभियंता अमरजीत कुमार ने की उक्त व्यक्ति द्वारा गलत ढंग से बिजली की चोरी कर रहा था जिससे विद्युत राजस्व का बड़ा नुकसान हुआ वही उक्त उपभोक्ता के यहां पूर्व का भी बकाया है जिसका मीटर जप्त करते उसके विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया है।

शादी की नियत से युवती का अपहरण का मामला दर्ज

बनियापुर। बनियापुर के पूछरी गाव से एक युवती की शादी की नियत से अपहरण के मामले मे माता के व्यान पर प्राथमिकी दर कराकर गाव के चार लोगो को नामजद किया गया है। घटना मे पीड़िता ने बताई है की पुत्री शाम को शौच के लिए गयी थी,जब काफी देर तक घर वापस नही आई तो आसपास तथा रिस्ते नाते मे काफी खोजबीन की गयी कही पता नही चला,सूत्रों से पता चला की गाव के ही चार लोगो द्वारा शादी की नियत से अपहरण कर लिया गया है,पीड़िता ने कुशल बरामदगी के लिए पुलिस आग्रह किया है।

बिहार में अपराधियों से जानता है त्रस्त एनडीए की सरकार है मस्तः संजय कुमार

छपरा कार्यालय।युवा राजद जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि दिन पर दिन अपराधी घटनाएं घटित होता रहता है। लेकिन एनडीए के नेताओं को अब दिखाई नहीं देता केवल जंगल राज की बात करके सुर्खियां बटोरना चाहते हैं। क्या अब मंगल रात चल रहा है। खुलेआम सारण जिले में अधिवक्ताओं की दिनदहाड़े गोलियों से मौत की घाट उतार दिया जाता है। भाजपा के उपमुख्यमंत्री कहते हैं कि अपराधियों को किसी भी क्षण में बक्सा नहीं जाएगा। लेकिन एक माह का सर्वे कर लिया जाए। इसी पता चल जाएगा की बिहार की आम-आवाम का क्या हालत है । इस पर यहां के एनडीए नेताओं की खामोशी से स्पष्ट हो रहा है कि बिहार में अपराधी मस्त है। पुलिस प्रश्न है और सरकार में बैठे लोग मलाई काटने में व्यस्त है। अपराधिक मामले पर छपी क्यों शादी हुए हैं माननीय मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री आज जिस तरह से हत्याओं का सिलसिला और महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ रही है। इस पर आप लोग भूल क्यों नहीं रहे हैं। इस मामले पर अपनी स्थिति स्पष्ट करें।

युवती को पुलिस ने सिवान से किया गिरफ्तार

एकमा। स्थानीय थाना पुलिस ने शादी कि नियत से एक माह पुर्व घर से अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई थी। जिसकी शिकायत युवती के परिजनों ने थाने में एक लिखित आवेदन देकर किया था। जहां थाना पुलिस ने दोनों कि गिरफ्तारी के लिए हाथ पांव मार रही थी । लेकिन सफलता हासिल नहीं हो रही थी । जहां शुक्रवार के दिन थाना पुलिस ने सिवान रेलवे जंक्शन से प्रेमी प्रेमिका को गिरफ्तार कर थाना लाकर पूछताछ किया । गिरफ्तार प्रेमी की पहचान थाना क्षेत्र के ब्लांक रोड़ गिरि कालोनी निवासी स्वर्गीय गाया प्रसाद का पुत्र मन्नु माहाकाल उर्फ मन्नु कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया।वहीं युवती को 164 के बयान हेतु अपने हिरासत में रखा है ।

परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि घोषित

छपरा सदर। जयप्रकाश विश्वविद्यालय स्नातक सेमेस्टर-1 सीबीसीएस परीक्षा 2023 (सत्र 2023-27) के परीक्षा प्रपत्र भरने की तिथि घोषित कर दी गई है। माननीय कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई के निर्देश पर परीक्षा नियंत्रक डॉ दिलीप कुमार द्वारा एतत्संबंधी पत्र जारी कर दी गई है। विश्वविद्यालय क्षेत्रान्तर्गत सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य को प्रेषित पत्र के मुताबिक बिना विलंब शुल्क के परीक्षा प्रपत्र भरने की तिथि 15 जून 2024 से 20 जून 2024 निर्धारित की गई है। परीक्षा प्रपत्र भरने का शुल्क 600 रुपये है। वहीं, 200 रुपया विलंब शुल्क के साथ परीक्षा प्रपत्र जमा करने की तिथि 21 जून 2024 से 24 जून 2024 तक निर्धारित की गई है।

मीना बाजार क्षेत्र को जल जमाव मुक्त बनाने के लिए बरसात पूर्व सफाई में गुणवत्ता जरूरी:गरिमा

मुख्य नाले की जारी मैनुअल सफाई उड़ाही का महापौर ने किया दल बल सहित औचक निरीक्षण

- दर्जनों दुकानदारों ने लगाया साफ सफाई में भारी लापरवाही और गंदगी और सड़ांध की अनदेखी का आरोप,
- बोलीं महापौर केवल मीना बाजार के फुटपाथी दुकानों को छोड़ कर अन्य प्रतिबंधित क्षेत्र में हो रही कौड़ी वसूली पूर्णतया अवैध

प्रातः किरण, संवाददाता

बेतिया(मोहन सिंह)। मीना बाजार क्षेत्र में नगर निगम से जारी मुख्य नाले की तल से उड़ाही का महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि नगर के ऐतिहासिक मीना बाजार क्षेत्र को जल जमाव मुक्त बनाये रखने के लिए करीब 15 दिनों से जारी बरसात पूर्व विशेष साफ सफाई में गुणवत्ता सबसे जरूरी है। मौके पर नाला सफाई में कार्यरत दस मैन्युअल मजदूर ही पाए गए।इस दौरान वार्ड 14 स्थित मीना बाजार मे पहुंचे दर्जनों दुकानदारों ने मीना बाजार क्षेत्र में दैनिक साफ सफाई व्यवस्था कभी नहीं होने की शिकायत की। दुकानदारों ने यहां तक बताया कि यहां की साफ सफाई हम लोग आपस में चंदा लगाकर करवाते हैं। तब मौके पर मौजूद रहे वार्ड नंबर 14 के वार्ड जमादार, सिटी मैनेजर अरविंद कुमार, घारी प्रभारी तबरेज आलम, सफाई निरीक्षक जुलुम साह को महापौर ने इस स्थिति में तत्काल सुधार की चेतावनी दी। औचक निरीक्षण में पहुंचीं महापौर से स्थानीय फुटपाथी दुकानदारों ने मीना बाजार के अतिरिक्त छोटा रमना, सोआ बाबू चौक, शीतला माता मंदिर रोड, जीएमसीएच रोड और स्टेडियम रोड से खादिम चौक आदि सभी गैर बंदोबस्त क्षेत्र (इन क्षेत्रों में दैनिक कौड़ी नहीं वसूलना है) में भी मीना बाजार के संवेदक के गुर्गों द्वारा रोज रंगदारी के तर्ज पर निर्धारित दर दस रुपया प्रति फुटकर विक्रेता की जगह 70 - 70 रुपया तक बिना रसीद दिए अवैध राशि वसूलने की शिकायत की। उपरोक्त सभी क्षेत्र के दर्जनों फुटपाथी दुकानदारों ने अपनी व्यथा कथा सुनाते हुए कहा कि हम गरीब दुकानदारों का रोज ठेकेदार द्वारा शोषण किया जा रहा है। गैर आवंटित क्षेत्र में बिना दस्तखत मोहर और रकम लिखे ही सादे रसीद पर जैसे रंगदारी की वसूली की जा रही है। कहीं भी मूल्य तालिका का बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। ऐसी मनमानी राशि वसूली के बावजूद भी उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। सबको सुनने के बाद महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि मीना बाजार के फुटपाथी दुकानों को छोड़ सोवा बाबू चौक पार्किंग स्टैंड, छोटा रमना से आलोक भारती पुल होते हुए खादिम शोरूम होते हुए सोवा बाबू चौक, शीतला माई मंदिर चौक, अवंतिका चौक से खुदाबक्स चौक भाया सोवा बाबू चौक एवं होटल स्वराज तक की दैनिक कौड़ी वसूली के इन चारों सैरातों की बंदोबस्ती पूर्व में नहीं की गई है। इन क्षेत्र में हो रही कौड़ी वसूली पूर्णतया अवैध है। मीना बाजार के बाहर के गैरआबंटित फुटपाथी दुकानदारों से उन्होंने किसी को भी एक रुपया भी कौड़ी के रूप में नहीं देने की अपील की।

बगहा में घास काटने गई 2 बच्चियों में 1 की मौत 1 लापता

प्रातः किरण, संवाददाता

बेतिया(मोहन सिंह)।बगहा थाना क्षेत्र अंतर्गत घास काटने के लिए घर से निकले दो बच्ची की मौत हो गई है. एक बच्ची का शव गंडक नदी से मिला है, जबकि दूसरे की खोज की जा रही है. पूरा मामला बगहा के शस्त्रीनगर मोहल्ले की है, जहाँ गुरुवार को दोपहर सूखई चौधरी की पुत्री नीलम कुमारी (12) और राजेश खटीक की पुत्री संजना (7) घास काटने के लिए घर से निकली थी,लेकिन शाम तक नहीं लौटी तो रात्रि में नदी के किनारे देखा गया। आसपास में पता किया गया लेकिन लड़कियों का पता नहीं चला वहीं शुक्रवार की सुबह कुछ लोगों के द्वारा शव को गंडक नदी में देखा गया। जिसकी सूचना पर पहुंचे तो पता चला कि नीलम कुमारी का शव है। वहीं संजना केशव की खोजबीन अभी भी जारी है. बताते चलें कि हाल के दिनों में इसी इलाके में डूबने की वजह से आठ लोगों की जान जा चुकी है. विगत 10 जून को सोंखर निवासी जगदीश राय की मौत नहर में नहाने के क्रम में हो गई। जिनका शव 11 जून को बरामद किया गया। जबकि 8 जून को वाल्मीकि नगर थाना क्षेत्र के कदमहिया कंपार्ट के निकट दोन नहर में नहाने के क्रम में एक 12 वर्षीय बालक भोला चौहान की दोन नहर में डूबने से मौत हो गई। 3 जून को बगहा में नहाने के क्रम में गोडियापट्टी के रहने वाले दो चचेरे भाई-बहन गोडियापट्टी निवासी सबरु चौधरी के पुत्र सुनील कुमार (10) व विजय चौधरी की पुत्री पायल कुमारी (12) की मौत डूबने के कारण हो गई। जबकि 3 जून को ही पुअर हाउस के समीप नदी में नहाने के दौरान पुअरहाउस निवासी राजेश गोंड की पुत्री प्रतिमा कुमारी (10) और अवध बिहारी की पुत्री तकली कुमारी (11) की डूबने से मौत हो गई।

जनसुराज पार्टी के तत्वावधान में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ आगाज

प्रातः किरण, संवाददाता

चनपटिया(ए के सिंह)।प्रखंड क्षेत्र के सिरिसिया विश्वास खेल के मैदान में बृहस्पतिवार को चार दिवसीय वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसका शुभारंभ जन सुराज के जिला महासचिव राघवेंद्र पाठक चनपटिया के पूर्व प्रखंड प्रमुख सह जनसुराज जिला उपाध्यक्ष कमलेश कुमार ने संयुक्त रूप से फिता काटकर खेल का शुभारंभ किया। खेल का पहला दिन वॉलीबॉल यूथ क्लब बरहरवा बनाम जय हिंद वॉलीबॉल क्लब बगही बघम्मरपुर एवं, बरदाहा बनाम शिकारपुर जबकि बगहा और योगियाटोलाके बीच खेला गया। वही कमलेश कुमार ने , खिलाड़ियों को हौसला बढ़ाते हुए कहा कि, खेल को खेल के भावना से खेलनी चाहिए ।खेल में हार जीत एक सिक्के के दो पहलू होता है। श्री पाठक ने कहा कि खेल कूद से शारीरिक व मानसिक विकास के साथ साथ समाज तथा राज्य स्तर पर एक अलग पहचान बनाया जा सकता है। जन सुराज अंबेडकर क्लब की ओर से चार दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के आयोजन में प्रथम दिन जिला के चार टीमों ने भाग लिया, इस खेल का फाइनल मुकाबला 16 जून दिन रविवार को होगा, जिसमें विजेता एवं उपविजेता के खिलाड़ियों को उपहार देकर सम्मानित किया जाएगा। मौके पर जन स्वराज के जिला महासचिव राघवेंद्र पाठक चनपटिया पुर्व प्रखंड प्रमुख सह जनसुराज के जिला उपाध्यक्ष कमलेश कुमार पूर्व प्रखंड प्रमुख राजकिशोर चौधरी, जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव सच्चिदानंद ठाकुर जदयू के अखिलेश आजाद, व्यवस्थापक दिनेश सिंह, मनोज साह, चन्द्र किशोर सिंह सहित, सैकड़ो की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

विश्व रक्तदाता दिवस पर युवाओं ने किया रक्तदान

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर फेस ऑफ फ्यूचर इंडिया जिला इकाई द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन सदर अस्पताल छपरा के ब्लड बैंक में किया गया । मौके पर मौजूद ब्लड बैंक के अधिकारी डॉ किरण ओझा ने कहा कि शिविर में रक्त दान कर रहे फेस ऑफ फ्यूचर इंडिया के द्वारा यह काफी प्रशंसनीय एवं प्रेरणादाई कार्य हो रहा है जिसमें युवाओं को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए ताकि मानवता का कल्याण हो सके। वही आजाद यादव ने पहली बार ब्लड डोनेट करते हुए कहा कि रक्तदान करने से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं होती है युवाओं को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए ताकि ब्लड बैंक में ब्लड भरा रहे,वही टीम के सक्रिय सदस्य सिद्धांत कुमार ने रक्तदान कर कहा कि हमें किसी जरूरतमंद की सच्ची सेवा करने का मौका देता है रक्तदान जिससे लोगों का बचता है जान । शिविर में रक्तदान करने वाले युवाओं में प्रकर्ष त्रिवेदी , राहुल कुमार सिंह, सिद्धांत कुमार, आजाद कुमार यादव , रूपेश कुमार निषाद एवम् यश राज आदि। युवाओं ने रक्तदान किया।वही संस्था के अध्यक्ष राष्ट्रपति से सम्मानित मंटू कुमार यादव ने कहा कि रक्तदान रक्तदान करने वाले ईश्वर के साक्षात सेवा करते हैं , वही सारण जिला संयोजक मकेशर पंडित उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमें रक्तदान के लिए धन की नहीं बल्कि स्वस्थ तन-मन की जरूरत होती है तथा ब्लड बैंक इंचार्ज धर्मवीर कुमार जी ने फेस ऑफ फ्यूचर इंडिया के द्वारा किए जा रहे लगातार रक्तदान क्षेत्र में योगदान को सराहा और युवाओं को धन्यवाद ज्ञापित किया जिनके कारण सदर अस्पताल में हमेशा रक्त की मौजूदगी बनी रहती है।

आम तोड़ने के विवाद में दो पक्षो में जमकर हुई मारपीट, आधा दर्जन घायल

प्रातः किरण, संवाददाता

दिघवारा नगर।दिघवारा थाना क्षेत्र के मानूपुर पंचायत के मानूपुर गांव में बगीचा में आम तुड़वाने के विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए जिसमें दोनों पक्षों के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए और कई वाहनों के शीशे फोड़ उसे क्षतिग्रस्त कर दिया गया।इस संबंध में दोनों पक्ष के बयान पर दिघवारा थाने में अलग अलग प्राथमिकी दर्ज हुई है जिसमें 26 लोगों को नामजद किया गया है।पहली प्राथमिकी में मानूपुर निवासी स्व.कामेश्वर प्रसाद सिंह की बेटी नीतू सिंह ने बताया कि वह अपने पिता द्वारा खरीदी गई जमीन पर लगे आम के बगीचे से गुरुवार को अपने हिस्से का आम तुड़वा रही थी तभी साजिश के तहत पट्टीदार के चाचा अखिलेश सिंह राइफल से लैस होकर धनेश्वर सिंह, सुधु सिंह,हरेंद्र राय,जितेंद्र राय,सुनील राय,मोहन सिंह,बैरिस्टर राय,गणेश महतो,राहुल कुमार,चंदन कुमार,सियाराम राय,दारोगा सिंह,संतोष भगत,विवेक दूबे, जोधी सिंह,अक्षय सिंह,मंटू महतो,मनीष महतो, छठ्ठु महतो,गणेश सिंह,सुजीत कुमार व विश्वजीत कुमार समेत सैकड़ों लोगों के साथ आए और मेरे आदमियों पर हमला बोलते हुए वाहनों के शीशे फोड़ दिए।इस घटना में मेरे तीन लोगों के पैरों की हड्डियां टूट गई और सात लोग घायल हो गए।घायलों की पहचान श्याम कुमार, विनय चौधरी, अजय साह, संतोष कुमार मंटू, मो. शाकिर, राजन कुमार व राकेश कुमार यादव के रूप में हुई है।घटना में तीन वाहनों को क्षतिग्रस्त किया गया है।इस संबंध में थाने में कांड संख्या 200/ 24 के तहत प्राथमिक दर्ज की गई है वहीं दूसरी तरफ पूर्व मुखिया अखिलेश सिंह द्वारा दर्ज प्राथमिकी में श्री सिंह ने बताया कि सतीश कुमार सिंह, कोमल कामिनी, नीतू सिंह एवं मनीष कुमार सिंह द्वारा उनको बराबर हत्या करने और अपहरण करने की धमकी दी जाती है एवं वे लोग रंगदारी स्वरूप अज्ञात अपराधियों से पैसों की मांग करते हैं।उक्त व्यक्तियों द्वारा उन पर पूर्व में कई बार हमला किया जा चुका है।इसी बीच बीते गुरुवार को नामजद सभी चार लोग अपने हाथों में पिस्तौल लेकर 60 से 70 अज्ञात अपराधियों के साथ आए एवं पांच लाख की रंगदारी की मांग की और ऐसा करने से मना करने पर मेरे साथ मारपीट किया और बागवानी के आम को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया गया।इसी बीच ग्रामीणों में गांव में अपराधियों के आने का हल्ला हुआ तो सभी ग्रामीण जुट गए जिसके बाद सभी अपराधी अपनी व मेरी गाड़ी का शीशा तोड़ते हुए भाग खड़े हुए और दहशत फैलाने के लिए झूठा फायर भी किया।प्रथम पक्ष के घायलों का उपचार सदर अस्पताल छपरा व द्वितीय पक्ष के घायलों का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दिघवारा में किया गया।इस बाबत पूछे जाने पर थानाध्यक्ष रविशंकर कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा दोनों पक्षों के द्वारा दिए गए आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि जमीनी विवाद को लेकर उक्त घटना को अंजाम दिया गया है।

छापेमारी करते हुए 3 बाल श्रमिकों को धावा दल ने किया रेस्क्यू, दोषियों पर होगी कार्रवाई

प्रातः किरण, संवाददाता

मोतिहारी। श्रम संसाधन विभाग बिहार के निर्देश के आलोक में एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, कल्याणपुर के नेतृत्व में कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विशेष धावा दल के द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन जाँच अभियान चलाया गया। जाँच के क्रम में कल्याणपुर प्रखंड के कुल-02 प्रतिष्ठानों क्रमशः अंश कुमार पूजा का होटल से 02 बाल श्रमिक एवं प्रमोद किराना स्टोर से 01 बाल श्रमिक अर्थात कुल-03 बाल श्रमिकों को धावा दल की टीम के द्वारा विमुक्त कराया गया। साथ ही श्रम अधीक्षक सत्य प्रकाश द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि यह अभियान पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत लगातार क्रियाशील रहेगा! बाल एवं किशोर श्रम, प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम, 1986 के तहत सभी नियोजकों के विरूद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है, जबकि सभी विमुक्त बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के समक्ष उपस्थापित कर उन्हें बाल गृह में रखा गया है। श्रम अधीक्षक सत्य प्रकाश द्वारा बताया कि बच्चों से प्रतिष्ठान में कार्य कराना बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन के अंतर्गत गैर कानूनी है। बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अतर्गत बाल श्रमिकों से कार्य कराने वाले व्यक्तियों को 20 हजार रुपए से 50 हजार रुपए तक का जुमार्ना और 2 वर्षों तक का कारावास का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निदेश के आलोक में सभी नियोजकों से 20,000/प्रति बाल श्रमिक की दर से राशि की वसूली की जाएगी। इस विशेष धावा दल की टीम में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, कल्याणपुर सरफराज अहमद खान, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, सुगौली दिवाकर प्रसाद, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, आदापुर राजीव रंजन प्रसाद गोंड, प्रयास संस्था से विजय कुमार शर्मा एवं कल्याणपुर थाना से 05 पुलिस कर्मी एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम शामिल थी।

वाहन चालकों की खैर नहीं,चौतरवा पुलिस ने वाहन जांच में वसुला 26 हजार रुपयें की जुमार्ना

प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा। बगहा पुलिस जिला के चौतरवा थाना पुलिस असमाजिक तत्वो, शराब धंधेबाजों के साथ ही बाईक चोरी की घटना पर लगाम लगाने के लिए वाहन जांच अभियान तेज कर दिया है। ताकि असमाजिक तत्वों, शराब धंधेबाजों के विरुद्ध नकेल कसी जा सकें। वाहन जांच अभियान को तेज करते हुए चौतरवा पुलिस ने शुक्रवार एन एच 727 मुख्य मार्ग के इंगलिसिया परसौनी व रतवल चौक समेत विभिन्न जगहों पर धंटों वाहन जांच अभियान चला कर 26 हजार रुपये की जुमार्ना वसुल किया है। अपर थानाध्यक्ष चौतरवा ज्योति पूंज ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेश के आलोक में नियमित व सुचारू रुप से वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सब इन्स्पेक्टर मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में धंटों वाहन जांच अभियान चलाई गई। तथा असमाजिक तत्वों के विरुद्ध लगाम लगाने, शराब धंधेबाजों के विरुद्ध नकेल कसने के लिए लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। ताकि बाईक चोरी की घटना पर लगाम लगाते हुए असमाजिक तत्वों व शराब धंधेबाजों के विरुद्ध नकेल कसी जा कसें।उन्होंने बताया कि वाहन जांच के क्रम में असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखते हुए शराब धंधेबाजों के विरुद्ध चौतरवा थाना पुलिस मुहिम छेड़ रखी है। ताकि असमाजिक तत्वों के विरुद्ध लगाम लगाई जा सकें। अपर थानाध्यक्ष ने बताया कि वाहन जांच के दौरान हेलमेट, इंशोरेंश, लाईसेंस समेत विभिन्न प्रकार की कागजातों की सत्यापन की गई। तथा बाईक की कागजात नहीं होने पर चालकों से जुमार्ना वसुल की गई। उन्होंने बताया कि वाहन जांच से चोरी पर लगाम लगेगी, तथा बाईक चोर भी पुलिस की गिरप्त में रहेंगे। उन्होंने सड़क सुरक्षा व परिवहन विभाग के नियमों की पालन करने की अपील वाहन चालकों से की। चौतरवा पुलिस की वाहन जांच अभियान चलाने से वाहन चालकों में हडकंप मच गया है।

अंकों के आधार पर तैयार मेरिट लिस्ट से होंगे चार वर्षीय स्नातक में नामांकन

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा सदर। जयप्रकाश विश्वविद्यालय में नामांकन हेतु आवेदन की प्रक्रिया अब तेज गति से चल रही है। इस बीच नामांकन के लिए आवेदन की तिथि विस्तारित किए जाने के बाद प्रतिदिन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या में वृद्धि दर्ज की जा रही है। उल्लेखनीय है कि सत्र- 2024-28 में स्नातक में नामांकन सीबीसीएस के तहत चार वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए किया जा रहा है। इसके लिए राजभवन द्वारा पूर्व में ही ऑर्डिनेंस को मंजूरी प्रदान की जा चुकी है। यह नामांकन अभ्यर्थियों द्वारा प्लस टू या समकक्ष परीक्षा में प्राप्त किए गए अंकों के आधार पर तैयार किए गए मेरिट लिस्ट के आधार पर किया जाएगा। चार वर्षीय स्नातक (विज्ञान) पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए अभ्यर्थी को आईएससी/बिहार विद्यालय परीक्षा समिति या फिर राष्ट्रीय या राज्य बोर्ड के मान्यता प्राप्त संस्थान से विज्ञान संकाय में प्लस टू या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। वहीं, चार वर्षीय स्नातक (वाणिज्य) पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए अभ्यर्थी कोबिहार विद्यालय परीक्षा समिति या फिर राष्ट्रीय या राज्य बोर्ड के मान्यता प्राप्त संस्थान से आइ.ए/आई.कॉम/आई.एस.सी/प्लस टू या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। जबकि चार वर्षीय स्नातक (कला) पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए अभ्यर्थी को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति या फिर राष्ट्रीय या राज्य बोर्ड के मान्यता प्राप्त संस्थान से आइ.ए/आई.कॉम/आई.एस.सी/प्लस टू या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। खास बात यह है कि सीबीसीएस के तहत स्नातक चार वर्षीय पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु आवेदन करने के लिए अभ्यर्थियों को सिर्फ उपर्युक्त परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक होगा। इसमें आवेदन हेतु प्राप्तांकों की अन्य कोई बाध्यता नहीं है।

12 अभियुक्त गिरफ्तार, देशी शराब, 02 मोटरसाईकिल 3,670 रूपया नगद एवं अन्य कागजात बरामद

बगहा पुलिस द्वारा वाहन जांच के दौरान 1,37,000 रुपए का लगाया जुमार्ना

- बगहा पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए रखने हेतु दिवा गस्ती के दौरान विभिन्न थाना अंतर्गत वाहनों और विभिन्न बैंको की चेकिंग की गई

प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा।बगहा पुलिस जिला में गुरुवार को विगत 24 घंटा में 12 अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है। कुल 15 वारंट का निष्पादन किया गया है जमानतीय 01 अजमानतीय 14 है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक,बगहा सुशांत कुमार सरोज ने प्रेस रिलीज जारी करके दिया।उन्होंने बताया कि चौतरवा थाना,वाल्मीकिनगर थाना, भैरोगंज थाना,रामनगर थाना,पिपरासी थाना,धनहा थाना,बगहा थाना,चिउटांहा थाना द्वारा शराब के काण्ड,वारंट तथा अन्य काण्ड में कुल 12 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया साथ ही 55 लीटर देशी शराब, 02 मोटरसाईकिल नगद 3,670 रूपया एवं अन्य कागजात बरामद किया गया।इस संबंध में अग्रतर कार्रवाई की जा रही हैं एसपी एसके सरोज ने बताया कि बगहा पुलिस द्वारा को अपराध नियंत्रण हेतु वाहन जॉच किया गया। जॉच के क्रम में यातायात थाना द्वारा 65,000, चौतरवा थाना द्वारा-26,000,धनहाँ थाना द्वारा-14,000, पटखौली थाना द्वारा-12,000, रामनगर थाना द्वारा-10,000, बगहा थाना द्वारा-10,000 इस प्रकार कुल-01,37,000 रुपए का जुमार्ना लगाया गया। शुक्रवार को एसपी के निर्देश के आलोक में बगहा पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए रखने हेतु दिवा गस्ती के दौरान विभिन्न थाना अंतर्गत वाहनो की संघन जांच की गई और दिवा गस्ती के द्वारा बगहा पुलिस जिला के विभिन्न थाना अंतर्गत बैंको की चेकिंग की गई ।

रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं, लोगों को रक्तदान करने को आगे आने की है जरूरत : डॉ पासवान

प्रातः किरण, संवाददाता

मोतिहारी। विश्व रक्तदान दिवस के मौके पर जिले के सदर अस्पताल मोतिहारी में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसीएमओ सह प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. श्रवण कुमार पासवान ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। उन्होंने कहा कि युवाओं व आम लोगों को रक्तदान हेतु आगे आने की है जरूरत है। डॉ. पासवान ने बताया कि स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष में एकबार जरूर रक्तदान करना चाहिए। एक यूनिट रक्तदान करने से किसी प्रकार की कोई तकलीफ या कमजोरी नहीं होती है। लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करते हुए दुनिया भर में हर साल 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है, ताकि लोग ब्लड डोनेशन के प्रति जागरूक होकर रक्त की कमी से जूझ रहें लोगों को रक्त आसानी से उपलब्ध हो सकें, उन्होंने समाजिक संगठनों, युवाओं व आम लोगों से रक्तदान करने की अपील की। वहीं डीएस डॉ अवधेश कुमार ने कहा कि डिलीवरी, दुर्घटनाग्रस्त, गंभीर एनीमिया ग्रस्त या गंभीर बीमारियों से ग्रस्त लोगों को रक्त चढ़ाने की जरूरत पड़ती है। मोतिहारी सदर अस्पताल में जरूरत के हिसाब से मरीज को रक्त निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है।मौके पर कई लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ब्लड बैंक नोडल अधिकारी डॉ. जी.डी. तिवारी ने बताया कि जो लोग स्वस्थ हैं। कोई गंभीर समस्या नहीं है वे रक्तदान कर सकते हैं। स्वस्थ लोगों को एक बार में एक यूनिट रक्तदान करने से कमजोरी नहीं होती है। वहीं बीपी, हृदय, मोटापा व अन्य रोगों से रक्षा होती है। पीलिया से ग्रस्त, खासकर हेपेटाइटिस बी या सी या फिर एनीमिया से ग्रस्त रह चुके लोगों को रक्तदान से बचना चाहिए। उन्होंने बताया कि एक बार में एक यूनिट लगभग 300-350 मिली. रक्त दिया जा सकता है। मानव शरीर में इतनी क्षमता होती है कि अगर एक यूनिट रक्तदान कर रहे हैं तो अगले दो-तीन दिनों में बैन मैरो उसकी भरपाई करना शुरू कर देता है। दोपहर 2 बजे तक 10 यूनिट रक्तदान किया जा चूका था। रक्तदान से पहले हाइड्रेट रहने के लिए कहा जाता है।

बकरीद का पर्व आपसी भाईचारे के माहौल में मनाए : सीओ

एकमा। बकरीद पर्व को लेकर स्थानीय थाना परिसर में सीओ राहुल शंकर की अध्यक्षता में समाजसेवी जनप्रतिनिधियों सहित दोनों समुदाय के लोगों के बीच बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए सीओ ने कहा कि आगामी 17 जून को बकरीद का पर्व वापसी भाईचारे के माहौल में मनाए । कहीं भी कोई अगर गड़बड़ी फैलाने का प्रयास करता है तो इसकी सूचना अभिलंब प्रशासन को दे । इस मौके पर थाना अध्यक्ष उदय कुमार मुखिया प्रतिनिधि श्याम किशोर तिवारी बच्चा सिंह पवन कुमार अहमद अली उर्फ नेताजी भाजपा जिला उपाध्यक्ष चैतेन्दर नाथ सिंह वार्ड पार्षद जितेंद्र सिंह शैलेंद्र सिंह जयप्रकाश शर्मा मूलजी मांसाहारी सुरेश राय विजय सिंह चितरंजन सिंह प्रमोद सिंह मोहम्मद इकबाल हुसैन कुरान दिन अंसारी आदि काफी संख्या हम लोग उपस्थित थे ।

संक्षिप्त खबरें

वैश्य समाज शोकसभा का आयोजन

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में वैश्य समाज के कार्यालय में वैश्य समाज के सक्रिय कार्यकर्ता, विष्णु धाम महोत्सव के सदस्य विजय जायसवाल के आकस्मिक निधन पर एक शोकसभा का आयोजन किया गया। वैश्य समाज जम्होर के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता के नेतृत्व में उपस्थित लोगों ने 2 मिनट का मौन रखा एवं मृतक की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। कहा कि विजय जायसवाल एक सामाजिक एवं कर्तव्य परायण व्यक्ति थे। धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया करते थे। वैश्य समाज के सभी कार्यों में वे योगदान देते थे साथ ही साथ वैश्य एकता को सुदृढ़ करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। उनका असमय चला जाने से वैश्य समाज को अपूर्णीय क्षति हुई है। अश्रुपूरित नेत्रों से श्रद्धांजलि देते हुए संतोष प्रसाद गुप्ता, जितेंद्र प्रसाद गुप्ता, घनश्याम प्रसाद खत्री, पन्ना प्रसाद गुप्ता, पंकज कुमार, राम ध्यान प्रसाद, संजय कुमार गुप्ता प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि विजय प्रसाद जायसवाल जम्होर वैश्य समाज के एक महत्वपूर्ण अंग थे।

जिप उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक पीड़ित को दिलाएंगे न्याय

गया। गया के टेकारी प्रखंड महादलित परिवार पर भूमि विवाद घायल लोगों से मिलने पहुंचे अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में पीड़ित परिवार से मुलाकात की पुरी घटना की जानकारी ली, राजद नेताओ ने अस्पताल अधीक्षक से पीड़ित परिवार के अच्छे इलाज के लिए बातचीत की पूर्व विधायक बाराचट्टी समता देवी के साथ जिला परिषद उपाध्यक्ष शीतल यादव इनके साथ राजद टेकारी प्रखंड अध्यक्ष बंटी यादव, शोरेश यादव, राजद के काफी कार्यकर्ता थे। पूर्व विधायक बाराचट्टी समता देवी के साथ मोहनपुर प्रखंड पूर्व प्रमुख राजद नेता सुदेश्वर यादव, भी आकय मिले, जिला प्रशासन से पूर्व विधायक बाराचट्टी समता देवी जिला परिषद उपाध्यक्ष शितल यादव ने मिलकर मांग किया कि जो इसमें अपराधी तत्वों के व्यक्ति शामिल हैं। उसपर कठोर करवाई की जाए, गया जिला पदाधिकारी से अत्यंत ही गरिब परिवार है इसका छोटा छोटा बच्चे हैं इनका पालन पोषण के लिए समुचित व्यवस्था किया जाए बिहार सरकार से मांग किया यह व्यक्ति काम करने योग्य नहीं है।

दो महिला सहित आठ अभियुक्त दोषी करार

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एसीजेएम तीन कोर्ट डा दिवान फहद खान ने दो महिला सहित आठ अभियुक्तों को भादवि के विभिन्न धाराओं में दोषी ठहराया। अभियोजन पदाधिकारी नवीन कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि अभियुक्त विजय कुमार, कर्मचंद बैठा, पिंटू लाल, मनोज बैठा, धर्मेंद्र बैठा, राम बदन बैठा, सरिता देवी, फुलवा देवी पिपरा बगाही कुटुम्बा को भादवि धारा -147, 149, 323, 341तथा 504 में दोषी ठहराए और परिवीक्षा का लाभ देते हुए डांट फटकार कर छोड़ दिया और घटना के पुनरावृति नहीं करने की आश्वासन लिया। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक रंजू देवी पिपरा बगाही कुटुम्बा ने 19 नवम्बर 10 को अभियुक्तों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें कहा था कि उसके पिता रामचंद्र, डीजल इंजन से धान पटाने 11 बजे दिन में खेत गए थे अभियुक्तों ने खेत में आकर डीजल इंजन बंद कर सुचक के पिता और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट किया यह घटना 14 साल पूर्व की है।

भारतीय महावाणिज्य दूतावास बीरगंज द्वारा रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

रक्सौल। भारतीय महावाणिज्य दूतावास, बीरगंज नेपाल ने रेडियो बीरगंज, नेपाल रेड क्रॉस सोसाइटी, बीरगंज साइक्लिंग क्लब और ग्रीन सिटी प्रहरी सामुदायिक सेवा केंद्र के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन भारत के महावाणिज्य दूत, बीरगंज डी एस मीना ने किया। रक्तदान शिविर, रक्त बैंकों में रक्त की कमी को दूर करने में समाज की मदद करने के लिए भारतीय महावाणिज्य दूतावास की एक महत्वपूर्ण पहल थी। रक्तदान शिविर में विभिन्न संगठनों और नागरिक समाज के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 42 यूनिट रक्त का दान किया। महावाणिज्य दूत डी.एस. मीना ने उद्घाटन के बाद मीडियाकर्मियों से बात की और जीवन बचाने में रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने रेडियो बीरगंज, बीरगंज साइक्लिंग क्लब, नेपाल रेड क्रॉस, ग्रीन सिटी प्रहरी सामुदायिक सेवा केंद्र की भी उनके सहयोग और समर्थन के लिए सराहना की।

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रेड क्रॉस ब्लड बैंक सेंटर में रक्तदाताओं के लिए किया गया सम्मान समारोह का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी भोजपुर जिला इकाई के द्वारा संचालित रेड क्रॉस ब्लड बैंक सेंटर में रक्तदाताओं के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन भोजपुर के द्वारा एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया। आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता डा विवेकानंद यादव ने की। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलंकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई, तत्पश्चात रक्तदान का शुभारंभ हुआ। डॉ राजेश सिंह प्रेसिडेंट इंडियन मेडिकल एसोसिएशन भोजपुर एवं डॉ संगीता सिंह सेक्रेटरी इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की देखरेख में कुल 45 यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान किए गए। इसअवसर पर अपने उद्गार व्यक्त करते हुए इस हुए डॉक्टर बी एन यादव ने कहा कि एक डॉक्टर का काम मरीज की जान बचाना है और रक्त की कमी के कारण मरीज को जितनी परेशानी होती है उसे एक डॉक्टर ही समझ सकते हैं, इसलिए आई एम ए के द्वारा आज का यह रक्तदान शिविर लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करने के लिए किया गयाहै। आई एम ए प्रेसिडेंट डॉक्टर राजेश सिंह ने कहा की डॉक्टर का काम लोगों की सेवा है और बिना जागरूकता के रक्तदान करना बहुत ही मुश्किल है इसलिए डॉक्टर आज स्वयं अपने स्टाफ के साथ यहां रक्तदान करने आए हैं जिससे अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिल सके। इस अवसर पर डॉक्टर एस के रूंगटा ने 14 जून 2024 से 13 जुलाई 2024 तक लगातार रक्तदान शिविर का आयोजन करने के कार्यक्रमों का विस्तार से वर्णन किया और बताया कि रक्तदान शिविर की इस कड़ी में 22 जून को रुंगटा क्लीनिक की तरफ से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। संयोजक ब्लड डोनेशन समिति डॉक्टर दिनेश प्रसाद सिन्हा ने रक्तदान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रक्तदान करने वाला व्यक्ति न सिर्फ दूसरे की जान बचाता है बल्कि वह स्वयं भी स्वस्थ रहता है। कार्यक्रम को उप संरक्षक माननीय श्री लाल दास राय एवं पूर्व वाइस चेयरमैन डॉक्टर निर्मल कुमार सिंह ने भी संबोधित किया।

आज के कार्यक्रम में रक्तदाता सम्मान के अंतर्गत बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति पटना के द्वारा वर्ष 20 23 -20 24 में चार बार स्वैच्छिक रक्तदान करने वाले आरा भोजपुर जिले के रक्तदाता श्री हंसराज केसरी को सम्मानित करने के लिए प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो भेजा गया था जिसे अध्यक्ष डॉक्टर बी एन यादव ने श्री हंसराज केसरी को देकर सम्मानित किया। रेड क्रॉस ब्लड बैंक सेंटर के ऐसे रक्तदाता जिन्होंने वर्ष 2023-2024 में चार बार, तीन बार, और दो बार स्वैच्छिक रक्तदान किया है उन्हें भी रेड क्रॉस ब्लड सेंटर आरा का प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। आज के कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसाइटी तथा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन भोजपुर के सभी पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग शामिल रहे। आज के स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में कुल 45 यूनिट रक्तदान हुए जिसे क्रियान्वित करने में डॉक्टर पी सिंह, डॉक्टर एस के रुंगटा, डॉ संगीता सिंह, डॉक्टर कन्हैया सिंह, डॉक्टर मनीष सिंह, आदि की भूमिका बहुत ही प्रभावशाली रही। कार्यक्रम का सफल आयोजन करने में ब्लड डोनेशन समिति के संयोजक डॉ दिनेश प्रसाद सिन्हा एवं अन्य सहयोगियों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण रही। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर विभा कुमारी सचिव भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी भोजपुर जिला इकाई ने किया।

भोजपुर महिला कला केंद्र आरा में ऑक्सीजन कंसेंटरेटर मशीन का वितरण

प्रात : किरण संवाददाता

आरा: भोजपुर महिला कला केंद्र आरा के सभागार में, बिंदी इंटरनेशनल फाउंडेशन, राजस्थान के सहयोग से भोजपुर जिले के सदर अस्पताल, सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और रेफरल स्वास्थ्य केंद्र में कुल 37 ऑक्सीजन कंसेंटरेटर मशीन, ऑक्सी मीटर और थर्मोगन का वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित और भोजपुर महिला कला केंद्र की सचिव श्रीमती अनिता गुप्ता ने कहा, "हमारा मुख्य उद्देश्य ऑक्सीजन कंसेंटरेटर मशीन, ऑक्सी मीटर, थर्मोगन का वितरण करके ग्रामीण क्षेत्र के दलित, महादलित और वंचित समुदाय के परिवारों को आपातकालीन स्थिति में सुलभ स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना है।" कार्यक्रम में डॉ. विजय गुप्ता ने ऑक्सीजन कंसेंटरेटर मशीन के उपयोग के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया। सदर अस्पताल आरा से आये प्रभारी डॉ. प्रतीक ने बताया कि यह ऑक्सीजन कंसेंटरेटर मशीन ग्रामीण क्षेत्र के वंचित समुदाय के परिवारों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होगी। भोजपुर महिला कला केंद्र के कार्यकारिणी निदेशक संतोष कुमार ने बताया कि पिछले 31 वर्षों से संस्था भोजपुर जिले में महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास के लिए कार्यरत है। परियोजना प्रबंधक रंजीत कुमार ने संस्था के कार्य और कार्यक्षेत्र के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के कार्यकर्ता सरकारी योजना क्रियान्वयन समन्वयक अतुल कुमार, परियोजना समन्वयक रणवीर कुमार, उत्प्रेरक पुनम देवी, गीता देवी, सोनू कुमार, सामुदायिक शिक्षक पुष्पा देवी, शिवानी कुमारी, निकहत प्रवीण, कुसुम देवी, रीता देवी, और सुनीता देवी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

लधु उधोग मंत्री ने गया के लोगों को किया आभार प्रकट

गया। गया सांसद जीतन राम मांझी मंत्री बनने पर गया स्टेशन पर हम के नेता ने जोरदार स्वागत किया गया।वही गया के अतिथि भवन में कार्यकर्ता ने फुल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया है। सांसद के बाद लधु उधौग एवं सूक्ष्म लधु मंत्री बनाया गया है।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय सदस्य इंद्रेश के बयान पर बिहार मे सियासत तेज हो गई है।आज दिल्ली से गया आए केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने मिडिया से कहा की सबका अपना अपना नजरिया है रोक कहा दिया है हमको भी काम करने का मोका मिला है।गया शहर होने वाला बिहार को पहला मुख्यमंत्री का सोभाग्य मिला था।इसी तरह गया शहर को पहला केबिनेट मंत्री बनने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो विभाग दिया है तो कहा है कि हमने आपको विजन दिया है।इस विभाग की समिक्षा किया तो पता चला की यह बहुत बढा विभाग है और इसको बेहतर करके मुझे दिखाना है इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हैं गया के विकास ज्यादा से ज्यादा हो लोगों को सरकार की योजना का लाभ मिले इसके लिए मेरा पुरा प्रयास करते रहेंगे ।तिन सो से उपर नंबर चला जा गया है।दो बार से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो काम किया है उससे भी बढ़कर इस बार काम करने का प्रतिज्ञा लिया गया है।2029 तक भारत की अर्थव्यवस्था देश के तीसरे पायदान पर आ चुकी है। इसमें कही रुकावट की बात नही है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार अल्पमत की नही बहुमत की सरकार है कुछ विपक्षी लोग अलग अलग कयास लगा रहे हैं।जिनके पास कोई काम बचा नही है वही यह लोगों के बिच भ्रम पैदा कर रहे हैं।जिसकी जैसी भावना रहती है प्रभु मूरत देखी तिन तैसी,देश की जनता हमलोगो को काम करने के लिए बहुमत दिया है।

केंद्र सरकार कि महत्वकांक्षी पीएम विश्वकर्मा योजना का प्रशिक्षण जिला में होना सुविधाजनक : गोपाल पटवा

प्रात : किरण संवाददाता

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के चयनित लाभार्थियों को जांच उपरांत प्रशिक्षण के लिए गया जिला में नहीं बल्कि नवादा जिला में बगैर मैसेज , पत्राचार के दूरभाष पर बुलाया गया। नवादा जाने पर एक दर्जन प्रशिक्षण लेने गए चयनित लाभार्थियों को बैरन वापस लौटना पड़ा। दूरभाष पर सूचना देकर बुलाने के बावजूद सूची से नाम कट गया है ऐसी जानकारी दी गई और भविष्य में उन्हें प्रशिक्षण से वंचित होने के बाद बताई गई।

प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना के क्रियान्वयन में दूसरे जिलों में भेज कर प्रशिक्षण दिलाने के कुप्रबंधन को लेकर गोपाल प्रसाद पटवा अध्यक्ष बिहार प्रदेश बुनकर कल्याण संघ ने जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक सुश्री वंदना जी को दूरभाष पर जानकारी दी। जन शिक्षण संस्थान नवादा के प्रबंधक पर गैर-इरादतन लाभार्थियों को परेशान करने को लेकर अभिलंब अग्रेतर आवश्यक कार्रवाई की मांग की। बताते चलें कि मानपुर शहरी क्षेत्र गया नगर निगम क्षेत्र और प्रखंड के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में पी.एम. विश्वकर्म योजना के लिए आवेदन किया गया था जिसकी जांच भी हो चुका है उनको प्रमाण पत्र भी आ चुका है।

चयनित लाभुक प्रशिक्षण के इंतजार में बैठे हुए हैं ताकि प्रशिक्षण प्राप्त कर आगे की कार्रवाई हो और वह योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। जन शिक्षण संस्थान नवादा के प्रबंधक के रवैए से लाभार्थियों में आक्रोश है और इसको लेकर के गोपाल प्रसाद पटवा ने जिला प्रशासन और एमएसएमई मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री श्री जीतन राम मांझी से हस्तक्षेप करते हुए लाभार्थियों के परेशानी से निजात दिलाते हुए प्रखंड स्तर अथवा गया जिले में ही अभिलंब प्रशिक्षण का व्यवस्था करते हुए लाभ दिलाने की मांग की है। पीएम विश्वकर्मा योजना में चयनित लाभार्थियों का प्रशिक्षण गया जिला से बाहर कराने का प्रबंधन समझ से परे हैं।

रक्त की क्रांति अलख जगाने वाले एवं रक्त वाहन लाने वाले हैं अनंत धीश अमन

प्रात : किरण संवाददाता

गया। गया मगध की धरती मे रक्त क्रांति कि अलख जगाने वाले रक्त के लिए लोगों को जागरुक करने वाले आगे से नही पिछे रहते हुए भी रक्त दान कि अलख जगाने वाले अनंत धीश अमन है। अनंत धीश अमन के पहल पर बिहार सरकार ने गया जिला को ब्लड बैक वाहन उपलब्ध करवाई गयी,जो पुरी पहल अनंत धीश अमन को जाती है।आज रक्तदान दिवस पर अनंत धीश अमन ने कहा कि रक्तदान महादान है मानवता का भाव इसमे निहित है इससे यह प्रेरित होता है की हम मनुष्य के अंदर संवेदना है।किसी की जीवन बचाकर रक्तदान करने वाले को क्या संतुष्टि मिलती है यह दुसरा नही समझ सकता है यह एक क्रांति अलख जगाने वाले ही समझ सकता है। अनंत धीश अमन पिछले कई वर्षो से रक्तदान करते आ रहे हैं और लोगों के अंदर रक्तदान करने के लिए जागरुकता का काम करते आ रहे हैं।

शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित जम्होर थाना के प्रांगण में मुस्लिम भाइयों का महान पर्व बकरीद के निमित शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी नितिन कुमार ने किया।थाना प्रभारी ने पर्व मनाने वाले धर्मावलंबियों से अपील किया कि शांतिपूर्ण माहौल में पर्व को मनाए। सौहाद्रपूर्ण एवं भाईचारे के साथ आपस में मिल जुल कर पर्व मनाने की कृपा करें। जम्होर थाना क्षेत्र शुरू से सामाजिक सौहाद्र का प्रतीक रहा है। इसकी निरंतरता को कायम रखा जाए। अफवाहों से दूर रहें एवं किसी तरह की कोई सूचना प्राप्त हो तो उसे तुरंत पुलिस को दें। यह भी कहा कि विभिन्न जगहों पर दंडाधिकारी एवं पर्याप्त आरक्षी बल की तैनाती रहेगी। बैठक में विधायक प्रतिनिधि सह मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह, सरपंच पप्पू ज्वाला सिंह,डॉ नेहाल अहमद,मुर्शीद आलम, सोहेल अहमद,जितेंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

विनोद कुमार मिश्र के सातवीं पुण्यतिथि पर काव्य संध्या का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद के सर्वोदय नगर में प्रख्यात कवि एवं लेखक विनय मामूली बुद्धि के आवास पर उनके पिता समाजसेवी विनोद कुमार मिश्र की 7 वीं पुण्यतिथि पर काव्य संध्या का आयोजन किया गया। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक सहित उपस्थित सभी कवियों ने दीप प्रज्वलित कर उन्हें पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का संचालन कवि अनिल कुमार अनल ने किया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में संबोधन के क्रम में अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विनोद मिश्र जी सत्य निष्ठा के प्रतीक व्यक्ति थे।

वे हमेशा लोगों को सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते थे।उनकी कथनी और करनी में एकरुपता थी।दूसरे सत्र में काव्य संध्या का प्रारंभ कवि नागेंद्र केसरी ने गणेश वंदना के साथ किया।अनुज बेचैन ने वर्तमान समाज में घटित घटनाओं को प्रेरित काव्य पाठ किया।तो वहीं मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी ने विनोद मिश्रा थे सत्य प्रेरणा के अनुयाई, कभी नहीं झुके चाहे कितनी विपदा आई काव्य पाठ किया।अधिवक्ता योगेश मिश्रा ने भगवान श्री राम को संपोषित काव्य पाठ किया।शिक्षक एवं मगही के प्रख्यात कवि डॉ हेरम्ब मिश्रा ने काव्य पाठ्य के क्रम में उन्हें श्रद्धांजलि दी और सत्यनारायण कथा पर विशिष्ट काव्य प्रस्तुति दी।जनार्दन मिश्र जलज ने चिलचिलाती धूप है लू का असर है,जाना है प्रियतम संग मुश्किल सफर है काव्य पाठ किया तो महामंत्री धनंजय जयपुरी ने पिता को समर्पित काव्य पाठ करते हुए कहा कि हे पिताश्री बिन तुम्हारे जिंदगी बेकार है,क्या करूं कैसे जीऊं सुना सब संसार है।विनय मामूली बुद्धि ने अपने पिता को समर्पित सारगर्भित काव्य पाठ किया और पिता की विशेषता का बखान किया। विनोद कुमार मिश्र के सगे संबंधी विकास कुमार मिश्रा,बंसल कुमार मिश्र,वेदांत दत्त,विमला देवी, रेणु पाठक वंदना मिश्रा,श्रीधर पाठक ने भी उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वे एक कर्तव्य परायण व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे।

सोभाग्य गया के लोगों का पहला मुख्यमंत्री फिर केबिनेट मंत्री मिला : जीतन राम मांझी

गया। गया सांसद जीतन राम मांझी मंत्री बनने पर गया स्टेशन पर हम के नेता ने जोरदार स्वागत किया गया।वही गया के अतिथि भवन में कार्यकर्ता ने फुल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया है। सांसद के बाद लधु उधौग एवं सूक्ष्म लधु मंत्री बनाया गया है।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय सदस्य इंद्रेश के बयान पर बिहार मे सियासत तेज हो गई है।आज दिल्ली से गया आए केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने मिडिया से कहा की सबका अपना अपना नजरिया है रोक कहा दिया है हमको भी काम करने का मोका मिला है।गया शहर होने वाला बिहार को पहला मुख्यमंत्री का सोभाग्य मिला था।इसी तरह गया शहर को पहला केबिनेट मंत्री बनने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो विभाग दिया है तो कहा है कि हमने आपको विजन दिया है।इस विभाग की समिक्षा किया तो पता चला की यह बहुत बढा विभाग है और इसको बेहतर करके मुझे दिखाना है इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हैं गया के विकास ज्यादा से ज्यादा हो लोगों को सरकार की योजना का लाभ मिले इसके लिए मेरा पुरा प्रयास करते रहेंगे ।तिन सो से उपर नंबर चला जा गया है।दो बार से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो काम किया है उससे भी बढ़कर इस बार काम करने का प्रतिज्ञा लिया गया है।2029 तक भारत की अर्थव्यवस्था देश के तीसरे पायदान पर आ चुकी है। इसमें कही रुकावट की बात नही है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार अल्पमत की नही बहुमत की सरकार है कुछ विपक्षी लोग अलग अलग कयास लगा रहे हैं।जिनके पास कोई काम बचा नही है वही यह लोगों के बिच भ्रम पैदा कर रहे हैं।जिसकी जैसी भावना रहती है प्रभु मूरत देखी तिन तैसी,देश की जनता हमलोगो को काम करने के लिए बहुमत दिया है।

पुलिस अपना काम करेगी, अपराधी बक्शे नही जाएंगे : पार्टी प्रवक्ता

प्रात : किरण संवाददाता

गया।हम पार्टी के द्वारा द्वारा टेकारी में हुए कांड की जांच के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल गई और विस्तृत रूप से घटना की जानकारी ली जिससे प्रतीत होता है कि कुछ लोग जानबूझकर इस घटना को जातीय रंग देना चाहते हैं और सामाजिक सौहार्द को दूषित करने का प्रयास कर रहे हैं।

पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ई .नंदलाल मांझी के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल अस्पताल में संजय मांझी व उनके परिजनों से मिला और उसके बेहतर इलाज के लिए अस्पताल अधीक्षक से मुलाकात किया। साथ ही पीड़ित को हम पार्टी की ओर से आर्थिक सहायता की गई है। मालूम हो कि चिरौली गांव के रहने वाले संजय मांझी को बगल के ही बाली पांडे पिंटू पांडे,टिंकू पांडे और अन्य ने धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे दोनों हाथ काट गया है । पूरी तरीके से एक हाथ काट दिया । इस घटना के पीछे भूमि विवाद उभर कर सामने आ रहा है।

साथ ही पार्टी के प्रवक्ता ने कहा कि इस तरह के कांड को कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है समाज के सबसे अंतिम पायदान पर रहने वाले गरीब मांझी मुसहर भुइया परिवार को अगर इस तरह का अत्याचार किया जाएगा तो ये नाकाबिले बर्दाश्त है । सभ्य समाज में इस तरह की घटना माफ नही किया जा सकता।हम लोगों ने इसके लिए संबंधित पुलिस पदाधिकारी से बात किया है और कांड में शामिल सभी व्यक्तियों की गिरफ्तार सुनिश्चित की गई है इस तरह के कृत में शामिल सभी लोगों को कठोर से कठोर सजा मिलनी चाहिए साथ ही उनके आश्रित को सरकारी मुआवजा व सरकारी प्रावधान के अनुसार उचित सहायता की जाएगी पार्टी इसके लिए तत्पर है। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता शिक्षा सेवक संघ के जिला अध्यक्ष सुरेश राम मांझी पवन कुमार मांझी पंकज मांझी पार्टी पंकज मांझी प्रखड उपाध्यक्ष कंचन मांझी अरविंद शर्मा संजय मांझी सावित्री देवी निरंजन मांझी सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे वह उचित न्याय की मांग की है।

जिलाधिकारी ने हिट वेब में जनता की समस्या सुनी

गया।जिला पदाधिकारी के जनता दरबार हीट वेब, लू के कारण स्थगित रहने के बावजूद भी समाहरणालय परिसर में में आये हुए लगभग 150 से अधिक व्यक्तियों को आये देख, डीएम डॉ० त्यागराजन एसएम ने उपस्थित व्यक्तियों के मामले को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को जांच यथाशीघ्र कराते हुए जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

आवेदकों के कई मामलों में जिला पदाधिकारी द्वारा जिले के वरीय पदाधिकारी यथा उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी संबंधित प्रखंड के नामित जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि द्वारा मामले को जांच करने का भी जिम्मा दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास , मुख्यमंत्री आवास योजना से संबंधित आए मामलों को जिला पदाधिकारी ने उप विकास आयुक्त को संबंधित आवेदनों को यथाशीघ्र जांच करते हुए पात्रता रखने वाले व्यक्तियों को प्रधानमंत्री,मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ देने हेतु अग्रेतर कार्य करने का निर्देश दिया गया है।कई व्यक्तियों ने भूमि विवाद, आपसी बटवारा, अतिक्रमण, जमीन संबंधी दिक्कते आदि से संबंधित आवेदन दिए हैं। उन सभी आवेदन के आलोक में जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी तथा थानाध्यक्ष एवं अनुमंडल पदाधिकारी तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अध्यक्षता में थाना स्तर एवं अनुमंडल स्तर पर हर शनिवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में दोनों पक्षों के व्यक्तियों को बुलाकर संबधित मामलों को प्राथमिकता देते हुए निराकरण कराने का निर्देश दिए हैं। जमीन से संबंधित अत्यधिक मामले को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने आए आवेदनों को सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता को निर्देश दिया कि अच्छे तरीके से आए आवेदनों को जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमानुसार उचित कार्रवाई करने हेतु आदेशित करें। इसके साथ ही प्राप्त कई आवेदनों के विरुद्ध वरीय पदाधिकारी नामित कर जांच हेतु निर्देशित किया है। साथ ही जांच पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि प्राप्त आवेदन को अधिकतम 7 दिनों में जांच करते हुए दोषी कर्मी, पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई हेतु प्रेषित करे।

जनता दरबार में कई व्यक्ति परिमार्जन के संबंध में आवेदन दिए जिसपर जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी एवं राजस्व पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया कि परिमार्जन हेतु लंबित आवेदनों को तेजी से निष्पादन करें। जनता दरबार में जमीन से संबंधित आये मामलों में डीएम ने सभी अंचलाधिकारी को कहा कि ये आम जनता ज्यादातर गाँव के ही होते हैं और किसान होते है, इन्हें सरकारी कागजी प्रक्रिया के बारे में हर तरह से मदद करे। जरूरत पड़े तो ग्रामीणों की जो उनकी समस्या है, उसके आलोक में उन्हें आवेदन लिखवाने में मदद करे, किसी को बेवजह दौड़ना न पड़े इसका पूरा ख्याल रखें। जनता दरबार कुछ शिकायतें अवैध नरसिंग होंम संचालन के संबंध में आने पर डीएम ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया है कि मजिस्ट्रेट फोर्स के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम संयुक्त रूप से छापेमारी करते हुए सील करे एव प्रार्थमिकी भी दर्ज करे। हाल के दिनों में बिना निबंधन वाले प्राइवेट नर्सिंग होंम में कई मरीजो के साथ गलत इलाज की मामला पाया गया है, उन सभी संबंधित नर्सिंग होम को तुरंत सील करवाने को कहा है। बाराचट्टी से आये आवेदक ने बताया कि 1 साल से दाखिल खारिज लंबित है, डीएम ने अपर समाहर्ता राजस्व को निर्देश दिया कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करे।

वजीरगंज के करजरा पंचायत निवासी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मिलने वाली राशि किसी दुशरे व्यक्ति के बैंक खाते में जाने के कारण अब तक मकान नही बना पाया हैं। डीएम ने निदेशक डीआरडीए को निर्देश दिया है कि उक्त मामले की विस्तार से जांच करते हुए राशि वसूल करें एव सही लाभुक को राशि उपलब्ध करवाए।

भाईचारे व शांतिपूर्ण माहौल में मनाए बकरीद : प्रखंड विकास पदाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

घैलाढ़ (मधेपुरा)। परमानंदपुर थाना परिसर में गुरुवार को बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता वीडियो अशोक कुमार, सीओ वंदना कुमारी व थाना अध्यक्ष रंजन कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से की गई। वीडियो अशोक कुमार ने कहा कि हर पर्व हमें शांति का संदेश देता है उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारा व सौहार्दपूर्ण वातावरण के साथ बकरीद पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी तरह के अफवाह पर ध्यान नहीं देना है अफवाह की जानकारी मिलने पर तुरंत इसकी सूचना प्रशासन को दे, ताकि उस पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। वही सीओ बंदना कुमारी ने कहा कि परमानंदपुर थाना क्षेत्र के सभी संवेदनशील जगहों पर बकरीद पर्व को लेकर पुलिस की तैनाती की जाएगी। वहीं थाना अध्यक्ष रंजन कुमार ने कहा कि जनप्रतिनिधि एवं समाज सेवियों से सभ्य समाज निर्माण करने की दिशा में नशेड़ियों को पकड़ने में मदद करने की अपील किए। वही सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वाले पर पुलिस की करी नजर रहेगी। अफवाह और हुड़दुंग मचाने वाले व्यक्ति किसी भी सूरत में बक्से नहीं जाएंगे। मौके पर मुखिया राजीव रंजन, मनीष कुमार, अशोक यादव, त्रिभुवन यादव, पंचायत समिति प्रतिनिधि सिकंदर यादव, वार्ड सदस्य चंद्रकिशोर यादव व अन्य लोग उपस्थित थे।

बलयाडीह पंचायत के नारगंजो में चापाकल की मरम्मत : कार्तिक कुसुम

जमुई। एबीवीपी के छात्र नेता कार्तिक कुसुम की पहल पर बलयाडीह पंचायत के नरगंजो गांव, वार्ड नं 12 के आदिवासी टोला में वर्षो से खराब पड़े चापाकल की मरम्मत की गई। भीषण गर्मी के कारण पेयजल की भारी कमी से जूझ रहे ग्रामीणों के लिए यह एक बड़ी राहत लेकर आया है। कार्तिक कुसुम ने पीएचईडी विभाग के एसडीओ से संपर्क कर चापाकल को ठीक करवाने का आग्रह किया। एसडीओ की तत्परता और कार्तिक कुसुम की मेहनत से चापाकल को ठीक किया गया, जिससे ग्रामीणों को पेयजल की सुविधा मिल सकी। चापाकल से पानी निकलने पर गांव में खुशी की लहर दौड़ गई और ग्रामीणों ने कार्तिक कुसुम और पीएचईडी विभाग का आभार व्यक्त किया। ग्रामीण मनोहर सोरेन ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, "हम वर्षो से पेयजल की समस्या से परेशान थे। इस चिलचिलाती गर्मी में पानी की भारी कमी हो गई थी। कार्तिक जी की इस पहल से हमें बड़ी राहत मिली है।" कार्तिक कुसुम ने इस अवसर पर कहा, "समुदाय की समस्याओं को हल करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यह सिर्फ एक शुरूआत है, हम आगे भी ऐसे प्रयास जारी रखेंगे।" इस पहल ने दशार्या कि सामुदायिक समस्याओं को सुलझाने में सही इरादे और मेहनत से कोई भी चुनौती पार की जा सकती है। ग्रामीणों ने आशा व्यक्त की कि कार्तिक कुसुम भविष्य में भी समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय रहेंगे।

संक्षिप्त खबरें

भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद

छपरा कार्यालय। सारण जिला उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर जिले के भेल्दी थाना अंतर्गत सोनहो चौक पर लग्जरी कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया है. इस बात की जानकारी देते हुए उत्पाद अधीक्षक रजनीश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि जिले में विदेशी शराब की खेप मंगाई जा रही है. जिसके बाद उनके द्वारा भेल्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनहो चौक पर विशेष अभियान चलाया गया. उस दौरान वाहन जांच के क्रम में होंडा सिटी लग्जरी कार को रोक कर जब तलाशी ली गई थी. उसके डिक्की से कुल 264 बोतल विदेशी शराब बरामद किया गया. जिसके बाद कारोबारी को भी गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार शराब कारोबारी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिला अंतर्गत गुल्हरिया थाना क्षेत्र के महाराजगंज चौराहा निवासी राजेंद्र वर्मा का पुत्र अंत्योदय कुमार वर्मा बताया गया है. जिसे गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

विद्युत तार के चपेट में आने से युवक की मौत

छपरा कार्यालय।

मढौरा थाना अंतर्गत मिजार्पुर गांव में टूटकर गिरे बिजली तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत सदर अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में हो गई. मृत युवक की पहचान जिले के मढ़ौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मिजार्पुर गांव निवासी मदन प्रसाद के 24 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार प्रसाद के रूप में की गई है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि वह खेत की तरफ जा रहा था, जहां टूट कर गिरे धारा प्रवाहित बिजली तार की चपेट में आ गया. जिसके कारण वह अचेत हो गया. यह देखकर ग्रामीणों के द्वारा उसे मढ़ौरा अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया,जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए छपरा सदर अस्पताल रेफर किया गया. जहां, सदर अस्पताल पहुंचने के दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई. चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित किए जाने के साथ ही बूढ़े पिता और घर परिवार में कोहराम मच गया. इस घटना के संबंध में गांव वालों को बताया कि टूट कर गिरे विद्युत तार में उसका पैर सट गया, जिसके कारण उसे करंट का तेज झटका लगा और अस्पताल लेकर पहुंचे तब तक उसकी मौत हुई है।

हैंडपम्प विवाद मे मारपीट कर किया जख्मी

बनियापुर। निजी जमीन मे जबरन चप्पा कल लगाने के विवाद को लेकर इट पत्थर चलाकर मारने तथा सपरिवार को जख्मी करने को जख्मी करने का प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। घटना के संबंध मे पीड़ित सुदर्शन महतो ने जबरन विवाद कर मारपीट कर जख्मी करने के मामले मे पड़ोस के भोला महतो तथा कृष्णा महतो को नामजद किया है ,मामले मे पुलिस प्राथमिकी के बाद अनुसंधान मे जुटी है।

दो पक्षों में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में 11 पर प्राथमिकी दर्ज

तरैया। थाना क्षेत्र के पचभिंडा गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में दो पक्षों ने एक दूसरे पर प्राथमिकी दर्ज कराई है।जिसमे एक पक्ष से गुड़िया कुमारी ने 6 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है।जिसमें सुनील राय दशरथ राय,जितेंद्र राय,लाल झड़ी देवी ,रेखा देवी व सविता देवी को आरोपित किया है।वहीं दूसरे पक्ष से लालझड़ी देवी ने पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें कृष्णा राय,अनिता कुमारी,गुड़िया कुमारी,लालमुनी देवी व रामरती देवी को आरोपित किया है।दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है।पुलिस दोनो पक्षों पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

भोजपुर जिला कांग्रेस कार्यालय में किया गया शोकसभा का आयोजन

आराः पार्टी कार्यालय शहीद भवन में एक शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम ने कहा वरीय नेता रविन्द्र तिवारी जी का कल रात्रि ह्दय गति रूक जाने के कारण निधन हो गया है। स्वर्गीय रविन्द्र तिवारी जी पार्टी के समर्पित व सच्चे सिपाही थे। उनका जाना पार्टी के लिए अपूर्णीय छती है।

सुलतानगंज थाना परिसर में बकरीद को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

भागलपुर जिले के सुलतानगंज थाना परिसर में बकरीद को लेकर शांति समिति का बैठक का आयोजन किया गया इस बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी प्रिया रंजन कुमार ने की। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में वीडियो संजीव कुमार पंचायती राज पदाधिकारी नीलिमा कुमारी नगर सभापति राजकुमार उर्फ गुड्डू मौजूद थे। शांति समिति की बैठक में शहर के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता उपस्थित हुए। इस दौरान बकरीद 17 जून से शुरू है क्योंकि यह तीन दिन का पर्व है इसको लेकर सभी से बारीकी से इस पर्व के बारे में जानकारी प्राप्त किए।

राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए बैंक अधिकारियों की बैठक

प्रात : किरण

बेनीपुर(दरभंगा)।राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए बैंक अधिकारियों की बैठक अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम संगीता रानी की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत होने जा रहा है। इसके लिए ऋणधारकों का चयन कर उनके नाम नोटिस तैयार कर कार्यालय में जमा करें।

ऋणधारकों को ऋण की राशि का इंतजाम करने के लिए लोक अदालत से पहले कुछ समय भी दिया जाना चाहिए इसलिए सप्ताह दिन के अंदर पक्षकारों को नोटिस जारी करने का काम करें। एसीजेएम ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकार का उद्देश्य है गरीब और वंचितों को निःशुल्क विधिक सेवा देना। बैंक के ऋण चुकाने संबंधी अच्छी योजनाओं के तहत ऋणधारकों को अधिक से अधिक छूट देने का प्रबंध करें। अपने स्तर से प्रचार प्रसार के जरिए लोगों तक छूट के बारे में संदेश पहुंचायें।

बकायादारों से मिलकर बातचीत कर प्रि काउंसलिंग करें। मामलों को निपटाने का लक्ष्य पिछले लोक अदालत से अधिक रखें। बैठक में न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी रोहित कुमार गुप्ता, एसबीआई के अधिकारी विकास आनंद गुप्ता, कृषि विकास शाखा के धर्मेंद्र कुमार, बैंक आफ इंडिया के मनीष कुमार, सेंट्रल बैंक के सूरज कुमार सिंह और पंजाब नेशनल बैंक के रौशन कुमार मौजूद थे।

1 जूलाई से झाझा से खुलने वाली मेमू गाड़ी के नंबर में होगा बदलाव

प्रात : किरण

जमुई [झाझा] रेलवे बोर्ड के निदेर्शानुसार 1 जूलाई से पूर्व मध्य रेल की सभी पैसेंजर गाड़ी को कोविड पूर्व नियमित गाड़ी नबर से चलाया जाएगा। जानकारी देते हुए रेलवे हाजीपुर जोन के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि कोविड के समय आईसीएफ, डेमू और मेमू गाड़ियों को वर्तमान समय तक शून्य नंबरिंग सिस्टम से चला जा रहा था जिसमें कुल 133 गाड़िया शामिल था लेकिन एक जूलाई से उन गाड़ियों से शून्य नंबर हटाकर पूर्व की तरह ही परिचालन किया जाएगा। नंबर बदलकर पुराने नंबर से चलने वाली गाड़ी में झाझा की भी कई मेमू गाड़ी शामिल है जिसमें झाझा से गया और गया से झाझा आने जाने वाली गाड़ी 03385-86 अब 53631-32 बनकर चलेगी तो उसी तरह से झाझा पटना झाझा गाड़ी संख्या 03273-74 को 63209-10 एवं गाड़ी संख्या 03233-34 झाझा देवघर को 63297-98 के नंबर से परिचालन किया जाएगा।

बकरीद को ले शांति समिति की बैठक आयोजित

प्रात : किरण

जमुई/गिद्धौर :- मुस्लिम धर्मावलंबियों का महत्वपूर्ण पर्व बकरीद पर्व को शांति व सौहादपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शांति समिति सदस्यों की एक बैठक अंचलाधिकारी आरती भूषण की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में बीडीओ अजय कुमार एवं थानाध्यक्ष रीता कुमारी सहित क्षेत्र के शांति समिति के सदस्यों ने मुख्य रूप से भाग लिया।

बैठक के दौरान प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के जन प्रतिनिधियों ने शांति समिति सदस्यों के साथ मिल बैठकर इस महत्वपूर्ण पर्व को सामाजिक समरसता के साथ निपटाने को लेकर गहन विचार विमर्श किया। इस मौके पर थानाध्यक्ष रीता कुमारी ने कहा कि बकरीद पर्व को सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने की हम सबों की जिम्मेवारी बनती है पर्व को ले स्थानीय प्रशासन सजग है, पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की कोई भी कठिनाई आपको समझ में आ रही है तो प्रशासन को तत्क्षण सूचित करेंगे ताकि उन समस्याओं को दूर करने के लिये प्रशासन प्रतिबद्ध है।वहीं बैठक में अंचलाधिकारी आरती भूषण ने कहा कि बकरीद पर्व को लेकर प्रखंड क्षेत्र में विधि व्यवस्था को बनाए रखने के लिये स्थानीय प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। बीडीओ अजय कुमार ने कहा कि पर्व को ले स्थानीय प्रशासन द्वारा चिन्हित जगहों पर गश्ती की व्यवस्था की गई है। जिसमे दंडाधिकारी सहित पुलिस बल के जवान मुस्तैद रहेंगे।बैठक में अंचल अधिकारी आरती भूषण,बीडीओ अजय कुमार,थानाध्यक्ष रीता कुमारी,मुखिया भोला यादव,धनराज यादव,पैक्स अध्यक्ष राजीव कुमार पिंकु,पंचायत समिति सदस्य संतोष रजक,सरपंच कुमारी सुलेखा,पूर्व प्रमुख अकबर मियाँ,श्रवण यादव,शंभु कुमार केशरी पूर्व मुखिया पवन यादव,समाजसेवी बंदी सिंह अनिल लाल वर्णवाल,मोहम्मद शाहिद,मोहम्मद इशराफिल मियां,तुलसी यादव,मोहम्मद शेखावत मियां,मो.शबिल,राहुल कुमार,कुणाल कुमार सहित दर्जनों शांति समिति के सदस्य बैठक में मौजूद थे।

डॉ.विभूति बने प्रदेश सह संयोजक

प्रात : किरण

जमुई। जिले के खैरा प्रखंड के निजुआरा निवासी डॉ० विभूति भूषण को जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के बिहार प्रदेश का सहसंयोजक नियुक्त किया गया है। जानकारी देते हुए दक्षिण बिहार प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा ने बताया संगठन के प्रति उनके लगाव और जुझारूपन को देखते हुए यह जिम्मेवारी दी गई है। उनके मनोनयन से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। नवनियुक्त प्रदेश सहसंयोजक विभूति भूषण ने अपने मनोनयन के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी, राष्ट्रीय संयोजक ममता सहगल,राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक डा इंद्रेश कुमार, राष्ट्रीय संरक्षक सह केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह और राष्ट्रीय संगठन मंत्री कृष्ण मुरारी के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि आगामी 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या नियंत्रण दिवस के अवसर पर जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने को लेकर संगठन की ओर से कलेक्टर चलो अभियान के तहत पूरे देश में शांतिपूर्ण धरना दिया जाएगा। धरना के पश्चात प्रधानमंत्री के नाम से जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा जाएगा। देश के सभी लोगों के हित को ध्यान में रखते हुए दो संतान रखने के लिए जनसंख्या नियंत्रण कानन लागू होना अनिवार्य है। दो से अधिक संतान रखने वालों लोगों को सरकार के द्वारा दी जाने वाली 73 प्रकार की सुविधा, सभी प्रकार की सरकारी सहायता और नौकरी में प्रमोशन पर रोक लगनी चाहिए। इसके अलावा मतदान के अधिकार से भी वंचित करके कठोर से कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। जनसंख्या असंतुलन के कारण ही इस देश में लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बधाई देने वालों में जिलाध्यक्ष राकेश(शंभू) कुमार चौधरी, रविरंजन तिवारी, डा राजेश कुमार,डा राकेश गुप्ता, शंकर शाह, मनोहर दास, राकी श्रवण, चंदन सिंह कुणाल सिंह, बलवंत सिंह समेत दर्जनों लोग शामिल हैं।

बकरीद पर्व को लेकर सीओ की अध्यक्षता में हुई शांति समिति की बैठक

प्रात : किरण

अलीनगर(दरभंगा)।स्थानीय थाना परिसर में गुरुवार को बकरीद पर्व को लेकर सीओ कुमार शिवम की अध्यक्षता में शांति समिति के बैठक की आयोजन की गई। मौके पर मिलन यादव ने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति त्योहार को अपने धर्म की गरिमा को ध्यान में रखते हुए मनाएं और दूसरे धर्म के लोग भी अपने धर्म को मानते हुए दूसरे धर्म की गरिमा का ख्याल रखे तो कहीं भी किसी तरह की विवाद नहीं हो सकती है। हालांकि हर समाज में दो-चार असामाजिक प्रवृत्ति की सोच के व्यक्ति होते हैं। उस पर हम सभी को विशेष नजर रखने की आवश्यकता है। थानाध्यक्ष विनय मिश्रा ने कहा कि पर्व के मौके पर सोसल मीडिया के माध्यम यदि कोई असामाजिक प्रवृत्ति के लोग सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने की मानसिकता से कुछ गलत पोस्ट करता है तो फिर ऐसी कारवाई होगी कि उसके अगले पीढ़ी तक याद रखेगा। वहीं रिजवान आलम ने कहा कि बुद्धिजीवियों को आज के युवाओं पर खास नजर रखना चाहिए। जुबैर आलम एवं मो. कुद्दूश ने कहा कि इस क्षेत्र में कुल मिलाकर बेहतर भाईचारा का माहौल है। जिसे बनाए रखने में सभी लोगों को सक्रिय रहने की आवश्यकता है।

युवा शांति जोश क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित फाइनल मैच का उद्घाटन जिप सदस्य विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने किया

प्रात : किरण

रामपुर(कैमूर)।प्रखंड क्षेत्र के करिगाई गांव स्थित खेल मैदान में युवा शांति जोश क्रिकेट क्लब के सौजन्य से आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला शुक्रवार को परसाई एवं निरबिसपुर के बीच खेला गया जिसमें टॉस जीतकर निरबीसपुर की टीम ने गेंदबाजी करने का निर्णय लिया । परसाई की टीम ने शुरूआत में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर की मैच में 5 विकेट खोकर 196रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी निरबिसपुर की टीम 12वें ओवर 96रन बनाकर ऑल आउट हो गई।इस तरह फाइनल मुकाबले में 90रनों की बढ़त के साथ परसाई की टीम ने जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब विजेता टीम के सुभम कुमार को मिला।

वहीं कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे जिला पार्षद विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल का कमिटी के सदस्यों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पार्षद ने फीता काट कर किया।वह मैच के अंत तक बने रहे और खेल समाप्ति के बाद विजेता व उपविजेता टीम को कप एवं मैडल तथा अपने तरफ से दोनों टीमों को सहयोग राशि देकर सम्मानित किया । खिलाड़ियों के प्रदर्शन से गदगद होकर जिला पार्षद विकास द्वारा अपने संबोधन में दोनों टीम के खिलाड़ियों द्वारा खेले गए खेल की जमकर तारीफ की गई ।साथ ही उनके द्वारा खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास करने को लेकर प्रेरित किया गया और कहा गया कि खेल में जीत हार लगा रहता है हारने वाली टीम ही जीतती है।अपनी प्रतिभा में निखार लाकर जिला व क्षेत्र का नाम रौशन करें।उन्होंने खेल के क्षेत्र में हर संभव मदद का भी आश्वासन दिया।इस अवसर पर बड़कागांव के पैक्स अध्यक्ष सोनल पाण्डेय,सचिव सुमित कुमार,सुजीत कुमार,विमलेश कुमार,छोटू कुमार,अमन कुमार,इंद्रजीत कुमार,आरिफ अंसारी,अखिलेश गुरुजी,रामप्रवेश बिंद,रमेश राम,विजय प्रसाद समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

खैरा थानान्तर्गत हालिया हुई हत्या में एक अभियुक्त गिरफ्तार

प्रात : किरण

जमुई। जमुई जिले के खैरा थाना अंतर्गत नवडीहा ग्राम में 03 जून को एक 20 वर्षीय युवक सत्यदेव आर्य पिता संजय कुमार साव की प्रियांशु साव एवं अन्य अभियुक्तों द्वारा उसी दिन देर संध्या फोन पर बुलाकर नवडीहा ग्राम के बहियार इलाके में ही हत्या कर दी गई थी। हत्या कर देने के बाद उसके मृत शरीर को एक गड्ढे में दफन कर छुपा दिया गया था। पुलिस द्वारा इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए शव को छुपाए जाने के स्थान को चिह्नित किया गया था और उसे अंचलाधिकारी की उपस्थिति में जमीन से निकालकर अन्त्य परीक्षण कराया गया था। सशक्त एवं वैज्ञानिक अनुसंधान के दृष्टिकोण से साक्ष्य संकलन हेतु घटनास्थल पर एफएसएल की टीम भी बुलाई गई थी। अब तक के अनुसंधान में पुलिस को प्राप्त साक्ष्यों के अनुसार सत्यदेव आर्य की हत्या प्रियांशु एवं उसके अन्य साथियों द्वारा की गई थी। इस मामलें में पुलिस द्वारा पहले ही सम्पूर्ण आपराधिक कांड का उद्भेदन करते हुए प्रियांशु साव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था।

ज्ञात हो कि जमुई पुलिस अधीक्षक डॉ शौर्य सुमन ने कार्य में लापरवाही बरतने एवं अन्य आरोप में तत्कालीन थानाध्यक्ष शशि भूषण कुमार को निलंबित कर दिया गया। वहीं नये थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी दुर्गेश दीपक ने पदभार संभालते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को कटिहार जिला से गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस द्वारा शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार सघन छापामारी एवं तकनीकी सर्विलांस किया जा रहा था।

जमुई पुलिस द्वारा इसी कांड में अभियुक्त प्रीतम यादव उर्फ राजा यादव पिता नवीन यादव ग्राम बकिया खुशहालपुर थाना बरारी जिला कटिहार को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा अपने बयान में इस आपराधिक कांड में प्रत्यक्ष सहभागिता बताते हुए अपना गुनाह स्वीकार किया गया है। साथ ही, गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर इस हत्या में शव को मिट्टी में दफनाने में प्रयोग किये गए खंती को पुलिस द्वारा बरामद किया गया है। पुलिस द्वारा इस जब्त खंती को अग्रेतर जाँच हेतु एफएसएल भेजा जाएगा।

राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अपर सत्र न्यायाधीश ने विभिन्न विभाग के अधिकारियों के साथ किया बैठक

शेरघाटी।बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देश पर 13 जुलाई को अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय शेरघाटी में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर व्यवहार न्यायालय में अपर जिला एवम सत्र न्यायाधीश सह अनुमंडल विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों व उपकर्मियो व प्रतिनिधियों की साथ समीक्षा बैठक आयोजित किया गया।

बैठक में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ इंडिया, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बीएसएनएल, , माप तौल, वन विभाग, प्रखंड पंचायती राज्य पदाधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधि भी शामिल थे,

इस दौरान 13 जुलाई को आहूत होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामले का आपसी सुलहनामे के आधार पर निष्पादन कराने पर विशेष चर्चा किया गया।

बैठक में सभी विभागों को यह निर्देश दिया गया कि आगामी माह में होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक पक्षकारों को नोटिस भेजा जाना चाहिये और पक्षकारों को लोक अदालत से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी देना सुनिश्चित करें। इस दौरान एसीजेएम ने कहा कि लोक अदालत में पीड़ितों को सुलभ व त्वरित रूप से सरल व सुलभ न्याय मिलता है। इसलिए आहूत होने वाले लोक अदालत को सफल बनाकर पीड़ित लोगों को सुलभ व त्वरित न्याय दिलाने में सभी लोग तत्परता दिखाने का काम करें। इस मौके पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अमरजीत कुमार, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी रंजय कुमार, प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट कुमार शिवम के अतिरिक्त सभी विभागों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

कुलपति ने किया सीईटी-बीएड निर्देशिका का विमोचन

प्रात : किरण

दरभंगा। दो वर्षीय बीएड एवं शिक्षा शास्त्री में नामांकन के लिए आयोजित होने वाली संयुक्त प्रवेश परीक्षा सीईटी-बीएड-2024 की तैयारी के क्रम में शुक्रवार को ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी ने परीक्षा निर्देशिका का विमोचन अपने आवासीय कार्यालय में किया।

14 जून को आयोजित निर्देशिका विमोचन के अवसर पर कुलपति प्रो चौधरी ने कहा कि इस निर्देशिका में सीईटी-बीएड-2024 की परीक्षा प्रक्रिया के साथ- साथ परीक्षा में संलग्न विभिन्न पदाधिकारियों यथा- विश्वविद्यालय नोडल पदाधिकारी, नोडल विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक, क्षेत्रीय समन्वयक, केंद्रीय समन्वयक-सह-पर्यवेक्षक के कर्तव्यों का विवरण व दायित्व विस्तार से दिया गया है। परीक्षा प्रक्रिया को शूचितापूर्ण एवं शांतिपूर्ण बनाए रखने की ज़िम्मेदारी विशेष तौर पर हमारी है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अजय कुमार पंडित, सीईटी-बीएड राज्य नोडल पदाधिकारी प्रो. अशोक कुमार मेहता, महाविद्यालय निरीक्षक विज्ञान सह -कोर कमेटी सदस्य प्रो. अरुण कुमार सिंह और सीईटी-बीएड समन्वयक डॉ. अरविंद कुमार मिलन मौजूद थे।

प्रो. मेहता ने आयोजित होने वाली परीक्षा के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि कुल 208818 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन जमा किया है, जिनमें 104881 महिला व 103934 पुरूष एवं 03 अन्य अभ्यर्थी शामिल हैं। वहीं शिक्षा शास्त्री के लिए कुल 386 आवेदन प्राप्त हुए हैं , जिनमें 129 महिला व 257 पुरूष शामिल हैं।

सुल्तानगंज में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का उद्घाटन

प्रात : किरण

बिहार सरकार द्वारा चलाए गए "लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान" के तहत, सुल्तानगंज प्रखंड क्षेत्र के कुमैठा पंचायत में एक अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का उद्घाटन किया गया है। इस अभियान का मुख्य लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को बढ़ावा देना है। उद्घाटन समारोह में शामिल हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी नीलिमा कुमारी, एवं पंचायत के मुखिया पायल शर्मा ने मिलकर इस अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का उद्घाटन संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। इस दौरान उन्होंने ताजगी से फीता काटकर यह उद्घाटन किया, जिसे स्थानीय लोगों ने उत्साह से स्वागत किया। इस अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का उद्घाटन एक महत्वपूर्ण कदम है जो ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के मामले में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए किया गया है। इस इकाई के माध्यम से अपशिष्ट संग्रहण और पुनःप्रयोग की प्रक्रिया सुगम और पारदर्शी बनाई जाएगी। उद्घाटन समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने इस अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई के उद्घाटन की एक सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। संजीव कुमार ने बताया कि यह अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई गांव के स्वच्छता को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। इसके माध्यम से गांव के लोगों को स्वच्छता की महत्वता को समझाया जा सकेगा, जिससे उनका स्वास्थ्य और परिवार का स्वास्थ्य सुरक्षित रहेगा। साथ ही पंचायती राज पदाधिकारी नीलिमा कुमारी ने उज्जवल भविष्य के लिए इस पहल की सराहना की और गांव के लोगों से इसे सहयोग करने की अपील की। वही पंचायत की मुखिया पायल शर्मा ने स्वच्छता की महत्वता पर ध्यान दिलाया और इस पहल का सफल उद्घाटन करने के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

बकरीद को लेकर अनुमंडल क्षेत्र विभिन्न स्थानों पर तैनात होंगे दंडाधिकारी व पुलिस बल : एसडीएम

प्रात : किरण

पालीगंज :- गोपाल विद्यार्थी` बकरीद को लेकर पालीगंज एसडीएम अमनप्रीत सिंह ने पदाधिकारियों के साथ बैठक की` आयोजित बैठक में मजिस्ट्रेट, अनुमंडल क्षेत्र के सभी बीडीओ सीओ के अलावे थानों के थानाध्यक्ष व पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे. बैठक में एसडीएम ने मौजूद अधिकारियों को आगामी 17 जून को मनाए जाने वाले बकरीद पर्व पर सभी थानों में शांति समिति की बैठक करने, सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले तत्वों पर नजर रखने, विवादित स्थलों पर सतत निगरानी रखने का निर्देश दिया।

मौके पर एसडीएम अमनप्रीत ने कहा कि बकरीद पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो इसके लिए सभी थानाध्यक्ष अपने अपने थानों में शांति समिति की बैठक आयोजित कर विधि व्यवस्था का संधारण कर लें. उन्होंने कहा कि पर्व पर अनुमंडल के विभिन्न स्थानों पर दंडाधिकारियों के साथ साथ पुलिस बल की तैनाती की गयी है. कही भी अशांति की संभावना हो तो वहां त्वरित कार्रवाई कर उन्हें अवगत करायें. समाज में जो ऐसे कुछ उपद्रवी हैं और सोशल मीडिया साइट्स पर भावनाओं को भड़काने का प्रयास करते हैं. उन्हें चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करें. साथ ही पूरी तरह से चेतावनी दे दें, कि किसी भी सोशल मीडिया साइट पर अगर आपत्तिजनक पोस्ट पाया जाता है तो एडमिन के साथ-साथ जितने भी लोग उस वीडियो अथवा फोटो को फॉरवर्ड करेंगे, उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी. बैठक में मजिस्ट्रेट, एसडीपीओ, बीडीओ, पुलिस निरीक्षक, थानाध्यक्ष व किसान नेता शशि भूषण समेत कई शांति समिति के सदस्य व सामाजिक पृष्ठभूमि के कई लोग मौजूद रहे ।

सुलतानगंज थाना परिसर में बकरीद को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

प्रात : किरण

भागलपुर जिले के सुलतानगंज थाना परिसर में बकरीद को लेकर शांति समिति का बैठक का आयोजन किया गया इस बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी प्रिया रंजन कुमार ने की। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में वीडियो संजीव कुमार पंचायती राज पदाधिकारी नीलिमा कुमारी नगर सभापति राजकुमार उर्फ गुड्डू मौजूद थे। शांति समिति की बैठक में शहर के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता उपस्थित हुए। इस दौरान बकरीद 17 जून से शुरू है क्योंकि यह तीन दिन का पर्व है इसको लेकर सभी से बारीकी से इस पर्व के बारे में जानकारी प्राप्त किए।

इस अवसर पर समिति सदस्यों ने त्योहार के धार्मिक महत्व को बढ़ावा देने के साथ-साथ भाईचारे और एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया। थाना प्रभारी ने बैठक में उपस्थित सभी समुदाय के लोगों को आपसी भाईचारे के साथ यह पर्व मनाने को कहा गया। वही बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने शांति और सौहार्दपूर्ण भाईचारे के साथ पर्व मनाने का भरोसा दिलाया है। इसको लेकर थाना प्रभारी प्रिया रंजन कुमार ने बताया कि बकरीद पर्व के दिन जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती रहेगी शहर में हो रहे हर गतिविधि पर नजर रहेगी। पूरा शहर में पेट्रोलिंग गस्ती रहेगी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि पवन केसान, भाजपा नेता विकास कुमार कर्ण,नगर अध्यक्ष अफरोज आलम,वार्ड पार्षद नवीन कुमार बन्नी, मुकेश कुमार,,रूबी कुमारी,सरिता देवी,सरपंच विमल किशोर यादव, मो सेराज वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सानू कुमार इत्यादि शहर के गणमान्य लोग मौजूद थे।

उत्पाद विभाग ने 7 वर्षों में की 43112 छापेमारी, आरटीआई से हुआ खुलासा

प्रात: किरण संवाददाता

बरियारपुर (मुंगेर)। जिले में बीते 7 वर्ष में उत्पाद विभाग का 43112 छापामारी की गई। वहीं इस में 5777 अभियोग चलाया गया। जबकि 6430 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शराब बरामदगी के मात्र 10 वादों का निष्पादन किया जा सका है इस बात की जानकारी आरटीआई से मिली है। आरटीआई से प्राप्त जानकारी अनुसार वर्ष 2016 से 2021 तक दर्ज 1371 केस में मात्र 01 केस का निष्पादित हुआ है। 28 हजार लीटर से अधिक देशी व विदेशी शराब की बरामदगी की गई है। वर्ष 2016 से मार्च 2024 तक शराब बरामदगी का मात्र 10 केस का ही निष्पादन हो सका है। वर्ष 2022 में संशोधित उत्पाद अधिनियम प्रभावी होने पर पहली बार शराब पीने वाले आर्थिक दंड देकर मुक्त हो सका है। वर्ष 2022 से मार्च 2024 तक में 3158 शराब पीने वालों ने अर्थदंड देकर हुआ मुक्त। इससे 01 करोड़ रुपए की धनराशि राज कोष में जमा किया गया है। मुंगेर उत्पाद विभाग ने 01 अप्रैल 2016 से 31 मार्च 2024 तक (7 वर्ष) में शराब धंधेबाज एवं शराबियों के विरुद्ध 43 हजार 112 छापामारी की है। जिसमें 5 हजार 777 लोगों पर अभियोग (मुकदमा) चलाया गया। जबकि 06 हजार 430 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान उत्पाद विभाग ने 28 हजार 373.590 लीटर शराब बरामद किया। जिसमें 19 हजार 61.600 लीटर देशी शराब व 9 हजार 3 सौ 11.990 लीटर विदेशी शराब शामिल है। बताया जाता है कि व्यापक पैमाने पर शराब बरामदगी हुई लेकिन, शराब धंधेबाज के विरुद्ध मात्र 10 केस का ही निष्पादन हुआ है। वहीं 3 हजार 159 शराबी अर्थदंड देकर मुक्त हो सके हैं। मुंगेर जिले के उत्पाद विभाग ने अर्थदंड के रूप में 01 करोड़ रुपए से अधिक के राजस्व की वसूली की है। इस बात की जानकारी अधिवक्ता सह आरटीआई एक्टिविस्ट ओम प्रकाश पोद्दार के द्वारा मांगे गए आरटीआई सूचना में खुलासा हुआ हैं। आरटीआई एक्टिविस्ट व अधिवक्ता ओम प्रकाश पोद्दार को सहायक आयुक्त मध्य निषेध, मुंगेर ने मांगी गई विभिन्न बिन्दुओं पर श्री पोद्दार को जानकारी उपलब्ध करायी। आरटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राप्त आंकड़े पर यदि गौर करें तो उत्पाद विभाग ने वर्ष 2023 में सर्वाधिक 14 हजार 725 छापामारी की। जिसमें दर्ज अभियोग की संख्या 02 हजार 486 है और 02 हजार 853 की गिरफ्तारी दर्ज की गयी है। वहीं वर्ष 2021 मे न्यूनतम छापामारी 506 रही। वर्ष 2021 की छापेमारी में 56 शराबी के विरुद्ध अभियोग और 27 लोगों को गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि वर्ष 2016 से 2021 तक अर्थात 05 वर्षों में 01 हजार 371 अभियोग में सिर्फ एक मुकदमें का निष्पादन हुआ। जबकि इस दौरान 826 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया। संशोधित उत्पाद अधिनियम-2022 प्रभावी व संशोधित उत्पाद अधिनियम 2022 के प्रभावी होने के पश्चात वर्ष 2022 से मार्च 2024 तक उत्पाद के विशेष न्यायाधीश के कोर्ट में 03 हजार 158 शराबियों के खिलाफ उत्पाद विभाग के द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया। इसमें पकड़े गए शराबियों ने प्रथम बार शराब सेवन करने की बात कबूल की थी। कोर्ट ने उन शराबियों को अर्थदंड लेकर आरोप मुक्त कर दिये। बताया जाता है कि राज्य सरकार ने प्रथम बार शराब पीने वालों के लिए न्यूनतम अर्थ दंड की राशि 02 हजार एवं अधिकतम 5 हजार रूपया निर्धारित की है उत्पाद थाना का प्रभार उत्पाद के विशेष न्यायाधीश द्वितीय कोर्ट को है। जिसके विशेष न्यायाधीश अनुपम कुमारी वर्ष 2023 से उत्पाद से संबंधित मामले को देख रहे हैं। वहीं बीते 8 वर्षों में उत्पाद विभाग के द्वारा दर्ज शराब बरामदगी के 10 केस का निष्पादन की जानकारी आरटीआई के माध्यम से उत्पाद विभाग ने दिया है। लेकिन कितने केस में अभियुक्तों को सजा दी गई है इसकी जानकारी नहीं दी गयी। इस संबंध में उत्पाद विभाग द्वारा बताया गया कि अधिकांश मुकदमों में साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने अभियुक्तों को रिहा कर दिया है। अधिवक्ता सह आरटीआई एक्टिविस्ट ओम प्रकाश पोद्दार ने बताया की शराबियों का निष्पादित मामले के तुलना में शराब बरामदगी के मामले का निष्पादन का आंकड़े शर्मनाक है। जिस वजह से मुंगेर जिले में शराब धंधेबाज का बल्ले-बल्ले है।

संक्षिप्त खबरें

बिजली की चपेट में आने से युवक की मौत

मढ़ौरा ग्रामीण। स्थानीय मिर्जापुर के निवासी मदन प्रसाद के 22 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार मोटर चालू करने के दौरान बिजली की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत मौके पर हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार सूरज के नए घर का काम चल रहा था और वह रोज की तरह शुक्रवार की सुबह भी सूरज मोटर चालू करने गया उसी दौरान बिजली की चपेट में आने से सूरज की मौत घटना स्थल पर हो गई। थोड़ी देर बाद सूरज की मां वहां पहुंची तो अपने बेटे को गिरा हुआ देखकर चीखने चिल्लाने लगी और परिजनों और आसपास के ग्रामीणों को बुलाने लगी। ग्रामीणों ने सूरज को रेफरल अस्पताल मढ़ौरा ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूरज दो भाइयों में छोटा था बड़ा भाई पंकज कुमार का अपना इलाज कराने कोलकाता गया था। वही मिर्जापुर में स्थित सूरज अपने पिता मदन प्रसाद का खाद दुकान में हाथ बटाता था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया है।

बकरीद का त्योहार शांति और सद्भाव के साथ मनाए

तारापुर (मुंगेर) ।बकरीद का त्योहार शांति व सद्भाव के साथ मनाए जाने को लेकर शुक्रवार की शाम तारापुर थाना भवन के प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। गौरतलब है कि बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी राजेश रंजन कुमार ने किया। बैठक के दौरान मुख्य रूप से गाजीपुर ईदगाह मैदान पर नमाज के वक्त ठंडा पानी एवं एंबुलेंस की व्यवस्था उपलब्ध रहने पर लोगों ने अपनी राय दिया। जहां अनुमंडल पदाधिकारी श्री कुमार ने सभी तरह के समुचित व्यवस्था का भरोसा जताया। बकरीद पर्व के दौरान बकरे की हलाल ऐसी जगह पर लोगों द्वारा किया जाए ताकि उसका कोई अंश किसी सार्वजनिक स्थान तक जानवरों द्वारा लेकर नहीं लाया जा सके। त्योहार के सुबह मुस्लिम बाहुल्य गांव गाजीपुर में जगह-जगह पानी का टैंकर उपलब्ध कराए जाने को लेकर भी लोगों ने अपनी मांगों को रखा। इस मौके पर थाना प्रभारी अरविंद कुमारप्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार अंचलाधिकारी संतोष कुमार चंद्रर सिंह राकेश जितेंद्र कुशवाहा मंटू यादव कुमार प्रणय जयकृष्ण सिंह निरंजन झा मोहम्मद मुजाहिद मुख्य रूप से उपस्थित थे।

पुलिस नीरीक्षक के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित

बरियारपुर (मुंगेर) बरियारपुर थाना. प्रांगण मे बकरीद त्योहार को लेकर शान्ति समिति बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक सह थाना अध्यक्ष राजेश कुमार ने किया। इस अवसर पर उपस्थिति मुकेश कुमार सिंह, करहरिया पश्चिमी पंचायत के मुखिया अशोक कुमार मंडल, तारापुर दियारा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बमबम चौधरी राजद के पुर्व जिलाध्यक्ष देवकीनंदन सिंह ,रंगकर्मी अभय कुमार, संजय कुमार ,राजाराम गुप्ता, पप्पू खान,मुन्ना खान के साथ अनेक गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे।

55 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद,एक महिला शराब धंधेबाज गिरफ्तार

बगहा।पुलिस अधीक्षक,बगहा सुशांत कुमार सरोज के निर्देश के आलोक में शराब तथा उसके कारोबारियों के विरुद्ध लगातार संघन छापेमारी अभियान चलाई जा रही है।इसी क्रम में भैरोगंज थाना के पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि शराब का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। सूचना मिलते ही भैरोगंज थाना की पुलिस थाना क्षेत्र के बरवा सानी गांव में अपने पुलिस बलकर्मियों के साथ छापेमारी किया गया।जिसमे एक महिला को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में भैरोगंज थानाध्यक्ष भरत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। विभिन्न जगहों से कुल 55 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद किया गया है।भैरोगंज थाना क्षेत्र के बरवासानी गांव निवासी चांदनी देवी के घर से 15 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद किया गया है।

एक लाख साठ हजार के गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

बेतिया।पचरौता एसएसबी ने गांजा के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है. असिस्टेंट कमांडेंट अतुल कुमार तिवारी ने बताया की गुरुवार की रात पिलर संख्या 430/1 के पास गश्ती के दौरान जवानों ने देखा कि नेपाल से जंगल की रास्ते एक संदिग्ध व्यक्ति आ रहा था. जवानों ने व्यक्ति को रुकने का इशारा किया. एसएसबी को देख भागने लगा. जवानों ने खदेड़ कर जिंगना गांव के पास सुगी माई मंदिर के पास उसे पकड़ तलाशी ली. तलाशी के दौरान झोला में छिपा कर रखे 4 किलो गांजा बरामद की गई. त्वरित तस्कर को गिरफ्त में ले लिया गया. कारोबारी से पूछताछ में पता चला कि रामनगर थाना क्षेत्र के सिलवटिया निवासी जगन्नाथ महतो का 42 वर्षीय पुत्र जनार्दन महतो है. इधर जब्त की गई गांजा की अंतरराष्ट्रीय कीमत एक लाख 60 हजार रुपए आंकी गई है।

जनता नल-जल पानी के लिए रहते हैं मोहताज

प्रात: किरण संवाददाता

बरियारपुर (मुंगेर)। बरियारपुर प्रखंड के करहरिया पश्चिमी पंचायत के वार्ड संख्या 06 के जनता अपने ही पड़ोसियों पर पीने के पानी के लिए मोहताज रहते हैं। बताया जाता है कि इन पड़ोसियों के मदद के बगैर जीवन यापन करना मुश्किल हो रहा है। ज्ञात हो कि 05 व 07 नंम्बर वार्ड जल से सम्पन्न नही होता तो मुंह बाये समस्याओं का दंश झेलना पड रहा है। इस सम्बन्ध मे वार्ड संख्या 06 पंम्प संचालक नारायण चौधरी ने बताया कि कार्यपालक पदाधिकारी रुबी कुमारी ने कहा है कि स्टार्टर व पंम्प एक साथ मरम्मत कराना है। उनके निर्देश अनुसार हमने दोनों समान दे दिये है परन्तु आठ माह गुजरने के बाद भी हमें मरम्मत के बाद वापस नही मिला है इस सम्बन्ध मे सैकडों बार दूरभाष पर सम्पर्क किया परंतु कोरा अश्वासन मिलते रहा है थक हार कर बात करना भुल गये इधर गर्मी बढ़ी तो ग्रामीणों ने रोना-धोना शुरु किया। हमने विभाग को अवगत कर दिया हूं क्ल ग्रामीणों ने कोई हरकत किया तो संपूर्ण जिम्मेदारी विभागिय अधिकारियों की होगी। ग्रामीणों ने कहा कि अधिकारियों की मनमानी रवैया के कारण ही इस वार्ड मे नल जन योजना सफल नहीं हो सका है।

लोजपा, आर के युवा के प्रदेश सचिव ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

प्रात: किरण संवाददाता

सदर मुंगेर। सदर मुंगेर प्रखंड अंतर्गत शंकरपुर गांव के निवासी एवं लोजपा, आर के युवा के प्रदेश सचिव प्रेम प्रकाश ने अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। श्री प्रकाश ने अपने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता चिराग पासवान को अपने पारिवारिक लोकसभा क्षेत्र हाजीपुर से सांसद बनने एवं एनडीए सरकार में मंत्री बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही उन्होंने तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने पर नरेंद्र मोदी को भी बधाई दी। वहीं, उन्होंने जदयू के नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को भी तीसरी बार मुंगेर के सांसद बनने एवं केंद्रीय मंत्री बनने पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि, आपके नेतृत्व में मुंगेर के साथ-साथ संपूर्ण लोकसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। विशेष रूप से यहां की पंचायतें विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि, मुंगेर प्रमंडल का आज यह सौभाग्य है कि, यहां के दो- दो नेता डिप्टी सीएम हैं तथा दो-दो नेता केंद्रीय मंत्री हैं। ऐसे में मुंगेर के चहुंमुखी विकास को लेकर उन्होंने अपनी आशा व्यक्त की। मुंगेर के तारापुर के निवासी डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी तथा मुंगेर के सांसद सह केंद्रीय मंत्री ललन सिंह से मुंगेर में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने तथा रोजगार के नए अवसर बनाने के लिए यहां अधिक- से- अधिक पूंजी निवेश के लिए मार्ग प्रशस्त करने की मांग किया। वहीं, उन्होंने युवाओं के बीच अपनी पार्टी एवं एनडीए के नीतियों तथा कार्यक्रमों को पहुंचाने का प्रण लेते हुए कहा कि, आने वाले समय में अधिक- से- अधिक संख्या में राज्य के युवाओं को पार्टी से जोड़ने का काम करूंगा। इसके साथ ही राज्य में पार्टी की आधार शक्ति में विस्तार के लिए मैं लगातार काम करता रहूंगा और अपने नेता आदरणीय चिराग पासवान के हाथ को मजबूत करने का काम करूंगा।

जिला के सफल अभ्यर्थियों को प्रशस्ति पत्र का वितरण

प्रात: किरण संवाददाता, मधेपुरा

शिक्षा विभाग के तत्वावधान में गुरुवार को जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा की अध्यक्षता में वर्ष 2024 के मैट्रिक, इंटरमीडिएट, जेई एवं नीट परीक्षा में जिला के सफल अभ्यर्थियों को प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान उपस्थित थे।

उपस्थित बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए सुझावनात्मक पहलुवों पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी द्वारा बताया गया की यह एहसास होना चाहिए की अपने परिवार, समाज और देश के प्रति अपने जिम्मेवारियों को ज्यादा से ज्यादा पूरा करने के लिए हमारी पढाई और ज्ञान की प्राप्ति ही हमारा पहला लक्ष्य है। वहीं बच्चें बहुत ही ज्यादा प्रसन्न थे, अभिभावक भी इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन पर बहुत ही गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। सफल छात्र द्वारा जूनियर बैच के बच्चो के लिए कहा गया की जब आप जीवन में कुछ नया करते हैं तो आप असफल हो सकते हैं, लेकिन हमेशा याद रखें कि असफलताओं से निराश न हों और उनसे हमेशा सीखें। जिलाधिकारी द्वारा कहा गया की भविष्य में इस तरह का लगातार कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा ताकि शैक्षणिक क्षेत्र में आगे बढ़ने में बच्चे भविष्य में एक दिन अपना लक्ष्य हासिल कर सके। वर्ग 10 के अजित कुमार, आश्था प्रियदर्शी, मिलान कुमार। वर्ग 12 से (कला संकाय) में सोनिका कुमारी, मौषम कुमारी, पल्लवी कुमारी, विज्ञानं में अनामिका कुमारी, सुशांत राज, शिवांशु सुमंगल, और वाणिजय मे प्रेमवर्धन, विवेक कुमार, काजल कुमारी, जेईई में हिमांशु राज, आशीष कुमार झा, नीट में शिवम् प्रकाश, निधि कुमारी, नितीश कुमार, आकांक्षा प्रिया, जिंदगी, रिशु कुमार आनंद, अंशु राज, आयुष आनंद, मनाली यादव, आदि को प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया।

कलश शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ रामधुन

तारापुर (मुंगेर) ।शुक्रवार के अहले सुबह उल्टानाथ महादेव मंदिर तारापुर के प्रांगण से भोलेनाथ का आशीर्वाद लेकर तीन सौ से भी अधिक महिलाएं एवं कुंवारी कन्याओं ने विशाल शोभा यात्रा के साथ माथे पर कलश लेकर तारापुर - खड़गपुर पीडब्ल्यूडी सड़क मार्ग के रास्ते गर्मी का परवाह किए बगैर परिभ्रमण करते 3 किलोमीटर की दूरी तय कर अष्टयाम स्थल महपुर गांव हनुमान मंदिर पहुंचा। जहां विद्वान पुरोहितों ने महिला श्रद्धालुओं के माथे से कलश उतारकर रखवाने के घंटों बाद पूरे विधि विधान नेम निष्ठा एवं मंत्रोच्चारण के साथ संध्या में अष्टयाम का शुभारंभ कराया। गौरतलब है कि शोभायात्रा में बैंड, डीजे बाजा, ढोल, नगाड़े , की थाप पर श्रद्धालुओं ने पूरे रास्ते झूमते नाचते गीत गाते थिरकते अष्टयाम स्थल महपुर तक पहुंचे। इस बीच सुरक्षा के दृष्टिकोण से तारापुर खड़गपुर मुख्य सड़क पर कुछ देर के लिए छोटी बड़ी वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बाधित रहा। शोभा यात्रा के दौरान डीजे बाजा से बचते गीत घर- घर भगवा छाएगा रामराज्य कहलाएगा, श्री राधे - राधे - राधे बरसाने वाले राधे जैसे गीतों से संपूर्ण क्षेत्र भक्ति रस में सराबोर हो उठा। संपूर्ण मार्ग में जय श्रीराम , जय श्रीराम, एक ही नारा एक ही नाम जय श्रीराम जय श्रीराम , के अलावे बच्चा बच्चा कहता है श्री राम हमारा सच्चा है के नारे से संपूर्ण क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालु डीजे बाजा पर बजते गीत हमसे भंगिया ना पिसाई ए गणेश के पापा नैहर जात बानी, एवं मोर भंगिया के मनाई द हो भैरो लाल की गीत संगीत पर क्या महिलाएं क्या पुरुष पूरे रास्ते नाचते गाते पूरें गांव का परिभ्रमण कर अष्टयाम स्थल पहुंचे। विशाल कलश शोभा यात्रा को लेकर रास्ते में महपुर, गांधीनगर, इत्यादि जगहों पर प्रतिनिधियों ने पानी शर्बत की बेहतर व्यवस्था किया था। बता दे की अष्टयाम स्थल के आसपास कई देवी देवताओं की मूर्तियां भी स्थापित किए गए थे। जिसका विधिवत उद्घाटन जिला परिषद सदस्य सह पूर्व अध्यक्ष रही पिंकी कुमारी राजद के प्रदेश सचिव जितेंद्र कुशवाहा इत्यादि ने फीता काटकर किया।

दिल्ली से जलालपुर पहुंचने के बाद सांसद सिग्रीवाल ने हरपुर शिवालय में की पूजा अर्चना

प्रात: किरण संवाददाता

जलालपुर। महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे एनडीए की सरकार बनने के बाद गुरुवार को जलालपुर पहुंचे शुक्रवार की सुबह उन्होने किशुनपुर के हरपुर शिवालय में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना व रुद्राभिषेक कर हवन कियो आचार्य संत दामोदर दास जी महाराज ने वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना संपन्न कराई उन्होंने पूरे संसार में अमन चैन व समृद्धि के लिए मंगल कामना कीमौके पर सांसद सिग्रीवाल ने संत दामोदर दास जी महाराज को अयोध्या के भव्य मंदिर का प्रतीक चिह्न भेंट दियो मौके पर दीपू चतुर्वेदी, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष प्रतिनिधि तारकेश्वर सिंह ,विजय कुमार सिंह ,बंटी सिंह भाजपा के जिला प्रवक्ता गुड्डू चौधरी सहित कई अन्य उपस्थित रहे।

हत्या के मामले में ससुर सहित तीन को उम्रकैद

छपरा कोर्ट। विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति अत्याचार निवारण अधिनियम सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रघुवंश नारायण ने प्रेम विवाह के कारण दामाद की हुई हत्या मामले में ससुर सहित तीन आरोपितों को उम्रकैद एवम अर्थदंड की सजा सुनाई है। उन्होंने मांझी थाना कांड संख्या -10 / 21 के एससी/ एसटी ट्रायल संख्या- 81/ 21 में मांझी थाना के डुमरी निवासी गणेश यादव, राजेश यादव, सुभाष यादव को अंदर दफा 302 में आजीवन करावास एवम 10 हजार जुमार्ना 307 में 10 वर्ष तथा 5हजार जुमार्ना 324 में 2 वर्ष एवम 325 भा.द.वि. में 5 वर्ष एवं हरिजन जाति/जनजाति अत्याचार अधिनियम की धारा 3(2)(५) के अंतर्गत सजा सुनाई है।एक अभियुक्त सुभाष यादव के न्यायालय में उपस्थित नहीं होने के कारण न्यायाधीश द्वारा पूर्व में उनका बंध पत्र खण्डित कर गैर- जमानतीय वारंट निर्गत कर पुलिस अधीक्षक,छपरा को प्रेषित किया गया था।

अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक अनुसूचित जाति / जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम चंद्रमा प्रसाद साह एवं सूचक के तरफ से बसंत कुमार ह्लडब्लूह्ल (अधिवक्ता)तथा बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता वीरेश चौबे ने न्यायालय में अपना-अपना पक्ष रखा। अभियोजन की ओर से डॉक्टर तथा अनुसंधान कर्ता सहित कुल 8 गवाहों की गवाही न्यायालय में कराई गई। बताते चलें कि मांझी थाना के डुमरी निवासी शिवनाथ साह ने नौ जनवरी 2021 को जख्मी हालत में अपना फर्द बयान दर्ज कराया था। उसमें दशार्या था कि उनका पुत्र चंदन साह करीब दो वर्ष पूर्व अपने ही गांव के गणेश यादव की पुत्री ज्योति कुमारी से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद वे दोनों दिल्ली भाग गए थे। घटना के 10 दिन पहले उनका पुत्र अपनी पत्नी के साथ गांव आया था। घटना के दिन करीब एक बजे दिन में सूचक अपनी पत्नी पानपति देवी, पुत्र चंदन साह, बहू ज्योति कुमारी के साथ अपने दरवाजा पर बैठा था।

पति ने पत्नी को मार डाला, पति गिरफ्तार

छपरा कार्यालय। गड़खा थाना क्षेत्र फेरुसा गांव में घटित हुई है। जहां शराब की लत में बाधक बनी पत्नी को पति ने गर्दन काटकर मौत का घाट उतार दिया है।गरखा थाना क्षेत्र के फेरुसा गांव में पति ने अपनी पत्नी की गड़ासे से काटकर हत्या कर दी।

पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना के पीछे शराब पीने को लेकर पति-पत्नी का आपसी विवाद को कारण बताया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त गंड़ासी को भी बरामद कर लिया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मृत महिला हरि मांझी की 35 वर्षीय पत्नी पवित्री देवी बताई जाती हैं।गरखा थाना क्षेत्र के फेरुसा गांव में पति पत्नी की विवाद को लेकर पति ने पत्नी की धारदार हथियार से गला काटकर बीते रात्री हत्या कर दिया। पुलिस ने पति को गिरस्तार कर पूछताछ कर रही है। मृतिका 35 वर्षीय हरिलाल मांझी की पत्नी कवित्री देवी बताई जाती है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। और मामले के छानबीन में जुट गई है। परिवार के सभी अन्य सदस्य घटना के बाद फरार बताए जाते हैं।शुक्रवार की सुबह में हरि मांझी ने सोये अवस्था मे गड़ासी से अपनी पत्नी की गर्दन पर वार कर दिया।

राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए रविवार को ट्रायल

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। 90 वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए 16 जून रविवार को राजेंद्र स्टेडियम में ट्रायल का आयोजन किया जाएगा. उक्त जानकारी सारण जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव गजेंद्र सिंह ने दिया. उन्होंने बताया कि राज्य संघ के तत्वावधान में स्टेट जूनियर और सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता आगामी 11 से 14 जुलाई को पूर्णिया में प्रस्तावित है. राजेंद्र स्टेडियम में आयोजित ट्रायल के परिणाम के आधार पर जिले के टीम का चयन किया जाएगा. ट्रायल में अंडर 14 बालक वर्ग के लिए 100, 200, 800 मीटर रेस लॉन्ग जम्प और शॉटपुट की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी. जबकि अंडर 16 बालक के लिए 100, 400, 800 मीटर रेस, लॉन्ग जम्प, शॉटपुट और डिस्कस थ्रो, अंडर 18 बालक वर्ग के लिए 100, 400, 800, 1500, लॉन्ग जम्प, शॉटपुट और डिस्कस थ्रो तथा पुरुष वर्ग के लिए 100, 400, 800, 5000 मीटर रेस, लॉन्ग जम्प व शॉटपुट की प्रतियोगिता आयोजित होंगी. इसी प्रकार अंडर 14 बालिका 100, 200, 800, लॉन्ग जम्प व शॉटपुट, अंडर 16 बालिका 100, 400, 800, लॉन्ग जम्प व शॉटपुट, अंडर 18 बालिका 100, 400, 800, 1500, लॉन्ग जम्प, शॉटपुट व डिस्कस थ्रो और महिला वर्ग की प्रतिभागी 100, 400, 800, 1500, लॉन्ग जम्प, शॉटपुट व डिस्कस थ्रो की प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगी. प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सभी एथलेटिक्स यूनिट, स्कुल और कालेजों को निमंत्रण भेजा गया है. भाग लेने वाले सभी खिलाडियों को 16 जून को प्रातः छह बजे तक अपनी प्रविष्टि स्टेडियम में संघ के पदाधिकारियों के पास जमा करनी होगी. सभी खिलाडियों को अपना जनम तिथि प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है. 12 वर्ष व उससे कम आयु के खिलाडी इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकते हैं. श्री सिंह ने बताया कि ट्रायल की सफलता के लिए संघ के जिला सह राज्याध्यक्ष सलीम परवेज के निदेशानुसार समाजसेवी अजीत सिंह को संयोजक और नीतीश तिवारी को व्यवस्थापक बनाया गया है. श्री परवेज ने मौसम के ध्यानार्थ आयोजकों और खिलाड़ियों से निरोधात्मक उपाय करने का निर्देश दिया है.

महंत के निधन से रिविलगंज में शोक की लहर, कई लोगों ने किया शोक व्यक्त

प्रात: किरण संवाददाता

रिविलगंज। रिविलगंज गौतम ऋषि मंदिर गोदना के महंत श्री श्री 108 श्रीराम दयालु दास जी महाराज का निधन गुरुवार की देर रात पटना में हो गया। उनके पार्थिव शरीर को शुक्रवार को सुबह पटना से रिविलगंज गौतम ऋषि मंदिर लाया गया। 92 वर्षिय महंत श्रीराम दयालु दास जी महाराज जी गौतम-अहिल्या उद्धार मंदिर के महंती परंपरा के सोलहवें-सत्रहवें महंत थे। महंत गया दास जी महाराज के देहावसान के बाद श्रीराम दयालु दास जी महाराज सन 1957 से मंदिर में रह पुजा-पाठ एवं मंदिर का देखरेख करते थे। शुक्रवार की सुबह महंत जी की देहावसान की खबर मिलते ही साधू महात्मा ओ में शोक की लहुद महंत जी के निधन पर शोक व्यक्त करने वालों का ताता लगामहंत श्री राम दयालु दास जी महाराज की मौत की खबर जिसने जहाँ सुनी दौड़े-भागे गौतम ऋषि मंदिर परिसर पहुंचा। मंदिर से जुड़े कार्यकर्ता विनोद कुमार श्रीवास्तव, वरीय अधिवक्ता पारस नाथ श्रीवास्तव, डॉ राहुल राज, मुकेश कुमार यादव, अजीत सिंह, गुड्डू साह, राज कुमार पाण्डेय, व्यवसायी विजय कुमार अवस्थी, गूंजन कुमार अवस्थी, उदय नारायण सिंह, सारण जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष डॉ विद्या भूषण श्रीवास्तव, संगठन मंत्री ड़ॉ बसंत कुमार सिंह,पत्रकार मनजीत नारायण सिंह,टुन्ना सिंह,भंवर किशोर, मनोज सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह, समाजसेवी धर्मेन्द्र सिंह, शंभूनाथ पांडेय, सुभाष बाबा,, दीपक पंडित, मनजी प्रसाद, अरविंद गिरी, संतोष गिरी, मनोज गिरी, त्रियोगी ठाकुर,संतोष सिंह, संजय तिवारी वारसी, धर्मेन्द्र चौहान,जय प्रकाश चौधरी, दीनबन्धु साहनी, अनुरंजन प्रसाद, मोहन मुरारी प्रसाद गुप्ता, दया शंकर सिंह उर्फ विधायक जी, नवलेश कुमार सिंह, दिवाकर कुमार सिंह, बिजेन्द्र सिंह काका, रणजीत तिवारी, विभय सिन्हा, संजीव कुमार, राजेश पाण्डेय, अमित कुमार, बंटी सिंह, जीतेन्द्र कुमार, विवेक सिन्हा, संजय सिंह आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया.

बकरीद को लेकर क्षेत्र में पुलिस की रहेगी पूर्ण चौकसी, आपसी सौहार्द के साथ मनाए बकरीद

प्रात: किरण संवाददाता

अमनौर। थाना परिसर में बकरीद पर्व को देखते हुए शुक्रवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में मुख्यरूप से अंचलाधिकारी अजय कुमार समेत कई जनप्रतिनिधि शिक्षाविद सामाजिक गण्यमान लोग शामिल हुए।जिसकी अध्यक्षता थाना अध्यक्ष पिन्टू कुमार ने किया।सीओ अजय कुमार ने बकरीद पर्व को लेकर शांति पूर्ण और भाई चारे के माहौल में मनाने का अपील किया।उपस्थित लोगों ने पर्व को लेकर अपना अपना बिचार ब्यक्त किया।कहा हमलोगों का भाईचारा अटूट है।आपसी सौहार्द के साथ बकरीद पर्व मनाया जाय थाना अध्यक्ष पिन्टू कुमार ने लोगो से अपील किया।उन्होंने कहा कि बकरीद को लेकर जगह जगह चौक चौराहे गांव कस्बो में पुलिस की चौकसी रहेगी।किसी तरह की हुड़दंग नशापान करते हुए पकड़े जाने पर किसी कीमत पर बक्सा नही जायेगा।असमाजिक तत्वों पर बिशेष नजर रखी जायेगी।आम जनों से अपील किया कही भी कोई अफवाह फैले तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को देने की बात कही।इस मौके पर जिला पार्षद आलोक राय मुखिया पति सरोज मांझी पूर्व जिला पार्षद अमरेंद्र बैठा बासपा नेता अर्जुन राम मनोज राम पूर्व मुखिया लाल बाबू राय पूर्व प्राचार्य अम्बिका राय राजद नेता बिजय बिधार्थी पूर्व मुखिया लक्ष्मण राम ललन कुशवाहा लाल महमद आकाश यादव असलम आलम नबीन पूरी मुखिया प्रतिनिधि राजीव कुमार सिंह,मुखिया पति मुनचुन सिंह ,आकाश यादव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

विश्व रक्तदाता दिवस पर आईएमए के तत्वाधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया

कैमूर। रक्त के अभाव मे किसी भी मरीज की जान न जाए इसके लिए शुक्रवार को विश्व रक्त दाता दिवस के अवसर पर आईएमए कैमूर की तरफ से रेफरल अस्पताल रामगढ़ में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। उद्घाटन प्रभारी सिविल सर्जन डॉ राजनारायण प्रसाद ने किया। मौके पर आईएमए के प्रदेश सचिव डॉ संतोष कुमार सिंह आईएमए कैमूर के अध्यक्ष डॉ दिनेश्वर सिंह , डॉ अशोक कुमार सिंह रेफरल अस्पताल रामगढ चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुरेंद्र सिंह मौजूद थे। आईएमए के प्रदेश सचिव डॉ संतोष कुमार सिंह ने कहा - रक्त की ये यूनिटें कैंसर, थैलेसिमिया , लावारिस मरीज, एनमिक गर्भवती समेत अन्य जरूरतमंद मरीजों के उपचार मे सहायक होगी। इस

रक्तदान शिविर मे शामिल रक्तदाताओं को आईएमए की तरफ से प्रशस्तिपत्र भी दिया गया।

स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन डब्ल्यूएचओ ने वर्ष 1997 से 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस के रूप मे मनाने की घोषणा की। इस मुहिम के पीछे मकसद विश्व भर मे लोगों को रक्तदान की अहमियत को समझाना था। लेकिन दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत मे इस मुहिम को ज्यादा प्रोत्साहन नहीं मिल पाया। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण लोगों मे फैली भ्रांतियां हैं जैसे रक्तदान से शरीर कमजोर हो जाता है और उस रक्त की भरपाई होने मे काफी समय लग जाता है इतना ही नही लोगो मे यह गलतफहमी भी व्याप्त है कि खून देने से रोगप्रतिरोधक क्षमता कम हो जाने के कारण बीमारियां जल्द पकड़ लेती हैं। इन्ही भ्रांतियो को दूर करने के लिए विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है।

वह व्यक्ति जिनकी आयु 18 से 60 वर्ष के बीच है , वजन 45 किलो से अधिक हो , जिसे एचआईवी, हेपटाइटिस बी , सी , रक्ताल्पता, मधुमेह इत्यादि की बीमारी न हो वह रक्तदान कर सकता है ।एक बार मे 350 रक्त दिया जाता है । उसकी क्षतिपूर्ति चौबीस घंटे के अंदर हो जाती है और गुणवत्ता की पूर्ति महीने भर मे हो जाती है । दूसरे जो नियमित रक्तदान करते हैं उन्हे ह्रदय संबंधित बीमारियां कम परेशान करती हैं ।

तीसरी अहम बात यह है कि हमारे रक्त की संरचना ऐसी है कि उसमे समाहित रेड ब्लड सेल तीन माह मे स्वयं ही समाप्त हो जाते है लिहाजा प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति तीन माह मे एक बार रक्तदान कर सकता है । रक्तदान करने वालों मे डॉ संतोष कुमार सिंह, अजय नाग, अविनाश कुमार सिंह, आसकी कुमारी , राजीव पाण्डेय, विकास पाण्डेय, नितेश पाण्डेय, विपुल सिंह, राहुल कुमार इत्यादि 51 रक्तवीरो ने किया ।

अरे फर्जी किंग है, उसका रिकॉर्ड तो मुझसे भी घटिया है...

पाकिस्तानी खिलाड़ी ने बाबर आजम को धो डाला

नई दिल्ली, एजेंसी। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर अहमद शेहजाद इन दिनों टीम के कप्तान बाबर आजम की जमकर आलोचना की है। पाकिस्तान टी20 वर्ल्ड कप 2024 से लगभग बाहर होने वाला है और इसी दौरान शेहजाद ने एक पाकिस्तानी टॉक शो हारना मना है में बाबर पर फिर से हमला बोला। इस बार शो में शेहजाद और बाबर के टी20 वर्ल्ड कप के आंकड़ों की तुलना दिखाई गई, जिसमें शेहजाद का प्रदर्शन बेहतर रहा। शेहजाद ने बाबर को नकली किंग कहा और ये भी आरोप लगाया कि बाबर अपने दोस्तों को टीम में जगह दिलाने के लिए युवा खिलाड़ियों को टिकने नहीं देते।

अहमद शेहजाद ने बाबर को जमकर लताड़ा

पाकिस्तान टीम के मौजूदा कप्तान बाबर आजम ने अब तक 22 टी20 वर्ल्ड कप मैचों में 517 रन बनाए हैं, लेकिन उनका स्ट्राइक रेट सिर्फ 112 का रहा है। वहीं, शेहजाद ने सिर्फ 9 मैचों में 126 के स्ट्राइक रेट से 250 रन बनाए हैं, यहां तक कि उन्होंने एक शतक भी लगाया है। शेहजाद गुस्से से बोले, मुझे लगता है मैं इन आंकड़ों से भी बेहतर प्रदर्शन कर सकता था. लेकिन तुम्हारे (बाबर के) आंकड़े तो मुझसे भी खराब हैं। शेहजाद ने ये भी कहा, तुमने टी20 वर्ल्ड कप में पावरप्ले में 205 गेंदों का सामना किया है, लेकिन तुम एक भी छक्का नहीं लगा पाए। उन्होंने आगे आलोचना करते हुए कहा, तुमने घरेलू क्रिकेट की पूरी व्यवस्था खराब कर दी। तुमने टीम में अपने दोस्तों को बिठाने के लिए घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की जगह छीन ली।

बार-बार ऐसे ही जलील होता है पाकिस्तान, हार के बाद बनाता है घटिया बहाना

खासकर, शेहजाद ने 22 साल के बल्लेबाज सईम आयुब के करियर को बर्बाद करने के लिए बाबर को जिम्मेदार ठहराया। शेहजाद ने कहा, सईम आयुब को आगे बढ़ाना तुम्हारी जिम्मेदारी थी, लेकिन अब इतनी कम उम्र में ही उसका करियर खत्म हो गया है। सिर्फ 25 मैच खेलने के बाद लोग सईम की आलोचना कर रहे हैं बता दें कि पाकिस्तान को अगला मैच आयरलैंड के खिलाफ जीतना जरूरी है। वहीं अगर अमेरिका अपना आखिरी ग्रुप स्टेज मैच आयरलैंड के खिलाफ जीत गई तो पाकिस्तान का खेल खत्म हो जाएगा।

टी20 विश्व कप: 2024

कनाडा के खिलाफ कोहली की फॉर्म पर रहेंगी नजरें

लॉडरहिल (अमेरिका), एजेंसी। भारत टी20 विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप ए मैच में शनिवार को यहां जब कनाडा से भिड़ेगा तो स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के पिछले कुछ मैचों में कम स्कोर उसके लिए चिंता की बात होंगे। टीम को साथ ही उम्मीद होगी कि मुकाबले में बारिश का खलल नहीं पड़ेगा क्योंकि फ्लोरिडा के कई हिस्सों में लगातार बारिश हो रही है। तीन मैच में तीन जीत के साथ भारत पहले ही सुपर आठ चरण में जगह बना चुका है जिसके सभी मुकाबले वेस्टइंडीज में होंगे।

आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की ओर से 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 700 से अधिक रन बनाने के बाद कोहली टी20 विश्व कप में आए थे लेकिन शुरुआती मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। वह अब अब तीन मैच में 1.66 के औसत से पांच ही रन बना पाए हैं जिसमें अमेरिका के खिलाफ 'गोल्डन डक (पहली गेंद पर खाता खोले बिना आउट होना) भी शामिल है। उम्मीद है कि वह एक बार फिर आईसीसी प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करेंगे जो 13 साल बाद भारत के लिए एक और आईसीसी खिताब जीतने का उनका संभवत- आखिरी मौका है। भारतीय टीम न्यूयॉर्क से 1850 किमी की यात्रा करके फ्लोरिडा पहुंची है और उम्मीद है कि शहर बदलने के साथ कोहली को भाग्य भी बदलेगा। ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम की पिच से गेंदबाजों को शायद न्यूयॉर्क जितनी मदद नहीं मिले जहां की पिच पर असमान उछाल था और धीमा आउटफील्ड के कारण क्रिकेट से अधिक मैदान और पिच की चर्चा हो रही थी। कोहली के ऊपर से हालांकि इस तथ्य से दबाव कुछ कम होगा कि उनके खराब प्रदर्शन का असर टीम के प्रदर्शन पर नहीं पड़ा है। कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज कर रहे कोहली के जल्दी आउट होने से टीम को अच्छी शुरुआत नहीं मिल रही और बाद में आने वाले बल्लेबाजों पर दबाव बन रहा है।

संभावित प्लेइंग 11

भारत: विराट कोहली, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव

कनाडा: आरोन जॉनसन, नवनीत धालीवाल, परगट सिंह, रविंदरपाल सिंह, निकोलस किरटन, साद बिन जफर, श्रेयस मोव्वा, डिलन हेइलिगर, कलीम सना, जेरेमी गॉर्डन, जुनैद सिद्दीकी

कौन सहवाग?, मुल्तान के सुल्तान ने शाकिब की आलोचना की तो बांग्लादेश के ऑलराउंडर ने इस तरह दिया जवाब

किंग्सटाउन, एजेंसी। सहवाग ने दावा किया था कि शाकिब को बहुत पहले ही टी20 प्रारूप से संन्यास ले लेना चाहिए था। उन्होंने तो यहां तक कहा कि खेल के सबसे छोटे प्रारूप में उनके आंकड़े हाल में शर्मनाक रहे हैं। इस पर शाकिब का जवाब सामने आया है। टी20 विश्व कप में अपनी फॉर्म को लेकर हो रही आलोचनाओं के बीच बांग्लादेश के स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने गुरुवार को नीदरलैंड के खिलाफ मैच विजयी पारी खेलकर अपने आलोचकों का मुंह बंद कर दिया। अनुभवी ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में 13वां अर्धशतक लगाया और बांग्लादेश को टी20 विश्व कप सुपर 8 क्वालिफिकेशन के करीब पहुंचने में मदद की। शाकिब

46 गेंदों में नौ चौकों की मदद से 64 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले भारत के पूर्व बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने बांग्लादेश की टीम में शाकिब के स्थान पर सवाल उठाए थे।

सहवाग और शाकिब आमने-सामने

सहवाग ने दावा किया था कि शाकिब को बहुत पहले ही टी20 प्रारूप से संन्यास ले लेना चाहिए था। उन्होंने तो यहां तक कहा कि खेल के सबसे छोटे प्रारूप में उनके आंकड़े हाल में शर्मनाक रहे हैं। उन्होंने कहा, पिछले विश्व कप के दौरान मुझे लगा था कि शाकिब को टी20 प्रारूप के लिए नहीं चुना जाना चाहिए। रिटायरमेंट का समय बहुत पहले आ गया था। आप इतने सीनियर खिलाड़ी हैं, आप इस टीम के कप्तान थे। आपको वास्तव में अपने हाल के नंबरों पर शर्म आनी चाहिए। आपको आगे आना चाहिए और खुद कहना चाहिए कि अब बहुत हो गया, मैं इस प्रारूप से संन्यास ले रहा हूं। हालांकि, शाकिब ने नीदरलैंड के खिलाफ मैच के बाद सहवाग पर एक शब्द की प्रतिक्रिया के साथ पलटवार किया। सहवाग की टिप्पणी पर उनके विचार साझा करने के लिए कहे जाने पर, 37 वर्षीय ने भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज को कौन कहकर संबोधित किया। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। शाकिब को नीदरलैंड के खिलाफ मैच के लिए प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया।

फुटबॉल फैंस के लिए बुरी खबर, लियोनल मेसी लेंगे संन्यास? खुद किया बड़ा एलान

नईदिल्ली, एजेंसी। फुटबॉल फैंस के लिए बुरी खबर है. अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनल मेसी ने कहा कि वह पेरिस ओलंपिक में अर्जेंटीना की टीम का हिस्सा नहीं होंगे. दरअसल, ऐसा माना जा रहा है कि लियोनल मेसी की उम्र और व्यस्त शेड्यूल की वजह से पेरिस ओलंपिक में खेलना मुश्किल है. इसके अलावा पिछले कोपा अमेरिका गेम्स में अर्जेंटीना ने टाइटल जीता था. इस बार कोपा में अर्जेंटीना डिफेंडिंग चैंपियन के तौर पर उतरेगी, लेकिन लियोनल मेसी का ना होना अर्जेंटीना के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है. कोपा अमेरिका टूर्नामेंट का आयोजन 20 जून से 14 जुलाई के बीच संयुक्त राज्य अमेरिका में होना है.

मैं अब ऐसी उम्र में नहीं हूं कि हर चीज में हिस्सा बन सकूं...- लियोनल मेसी ने कहा कि मैंने अर्जेंटीना के अंडर-23 कोच माशचेरानो से बात की, इसके बाद हम दोनों ने हालात को समझा. अभी ओलंपिक के बारे में सोचना मुश्किल है क्योंकि हम कोपा अमेरिका में हैं, यह दो-तीन महीने लगातार क्लब से दूर रहने जैसा होगा।

चेस

18 साल की दिव्या विश्व जूनियर चेस चैंपियन बनीं, पूरे टूर्नामेंट में अपराजेय रहीं, 10 अंक हासिल किए

गांधीनगर, एजेंसी। अंडर-19 राष्ट्रीय चैंपियन और फिडे मास्टर 14 वर्षीय शुभि गुप्ता ने टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से हैरान करते हुए चौथा स्थान हासिल किया। उन्होंने कुल 8 अंक अर्जित किए। उनकी ईएलओ रेटिंग महज 1943 की है।

18 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय मास्टर और महिला ग्रैंड मास्टर दिव्या देशमुख ने अंडर-20 विश्व जूनियर चैंपियन बनने का गौरव हासिल कर लिया है। नागपुर की दिव्या ने 11 दौर में 10 अंक हासिल किए। वह पूरे टूर्नामेंट में अपराजेय रहीं। उन्होंने 11 मैच में नौ जीत हासिल की और उनके दो मुकाबले ड्रॉ रहे। उन्होंने बृहस्पतिवार को 11वें दौर में बुल्गारिया की बेलोस्लावा क्रास्तेवा को सफेद मोहरों से खेलते हुए पराजित किया। 2456 की ईएलओ रेटिंग रखने वाली दिव्या एशियाई जूनियर चैंपियन भी हैं और यह लगातार उनकी दूसरी खिताबी जीत है। इससे पहले उन्होंने बीते माह शारजाह चैलेंजर्स का खिताब जीता था। आर्मेनिया की मरियम मकर्चयन 9.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि अजरबैजान की अयान अल्लाहवारदिएवा 8.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। 10वें दौर में दिव्या ने अपनी ही साथी साची जैन को सिर्फ 26 चालों में हराकर अपने खिताब की उम्मीदों को मजबूत कर लिया था। अंडर-19 राष्ट्रीय चैंपियन और फिडे मास्टर 14 वर्षीय शुभि गुप्ता ने टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से हैरान करते हुए चौथा स्थान हासिल किया। उन्होंने कुल 8 अंक अर्जित किए।

टी20 विश्व कप के सुपर-8 में पहुंचा अफगानिस्तान, न्यूजीलैंड हुआ बाहर

टरूबा (त्रिनिदाद), एजेंसी। टी20 विश्व कप के सुपर-8 में अफगानिस्तान ने क्वालीफाई कर लिया है।अफगानिस्तान ने शुक्रवार को ब्रायन लारा क्रिकेट स्टेडियम में पापुआ न्यू गिनी को सात विकेट से हराकर टूर्नामेंट में जीत की हैट्रिक भी लगाई। अफगानिस्तान की यह जीत न्यूज़ीलैंड के लिए बड़ा झटका है। सुपर-8 में पहुंचने का कीवी टीम का इरादा पूरा नहीं हो पाया। न्यूजीलैंड ग्रुप-सी में दो मैचों में दो हार के साथ सबसे नीचे है। अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज ने ग्रुप में तीनों मुकाबले जीत लिए। वहीं, न्यूजीलैंड को लगातार हार मिली और टीम टूर्नामेंट की रेस से बाहर हो गई है। इस मुकाबले की बात करें तो टॉस जीतकर अफगानिस्तान ने पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ गेंदबाजी करने का फैसला किया। पापुआ न्यू गिनी 19.5 ओवर में 95 रन पर ऑल आउट हो गई जिसमें विकेटकीपर बल्लेबाज किपलिन डोरिगा ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 27 रन बनाए। जवाब में गुलबदीन की 49 रन की पारी के दम पर अफगानिस्तान ने 15.1 ओवर में 3 विकेट खोकर 96 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। हालांकि, 96 रनों का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की शुरुआत खराब रही। टीम ने पहले तीन ओवरों में ही सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान का विकेट खो दिया और पावरप्ले 39/2 पर समाप्त हुआ।

इंग्लैंड का दमदार कमबैक, ओमान को हराकर नेट रन रेट में भारी बढ़त हासिल की

नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी। टी20 विश्व कप 2024 में इंग्लैंड ने शानदार वापसी की है। गुरुवार रात सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में इंग्लिश टीम ने ओमान पर 8 विकेट से शानदार जीत दर्ज की और टीम सुपर-8 की दौर में बनी हुई है। इंग्लैंड ने ओमान को 47 रन पर ढेर कर दिया और 3.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। यह टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में चौथा सबसे कम टीम स्कोर रहा।

इस जीत की मदद से इंग्लैंड ने ग्रुप बी में नेट रन रेट में भारी बढ़त हासिल कर ली। पहले गेंदबाजी करने का फैसला करने के बाद इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी आक्रमण ने ओमान की बैटिंग लाइन अप को तहस-नहस कर दिया। मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर ने तीन-तीन विकेट लिए। स्पिनर आदिल राशिद ने अपने चार ओवर में 11 रन देकर चार विकेट लिए, जबकि जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड ने 12 रन देकर तीन-तीन विकेट लिए।

नीदरलैंड को हराकर सुपर 8 की दहलीज पर बांग्लादेश

किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट), एजेंसी। शाकिब अल हसन की नाबाद अर्धशतकीय पारी की बदौलत बांग्लादेश ने गुरुवार को टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मुकाबले में नीदरलैंड को 25 रन से हराकर सुपर 8 चरण के क्वालीफिकेशन की दहलीज पर कदम रख दिया है। इस जीत के साथ बांग्लादेश अगले दौर में प्रवेश करने के बिल्कुल करीब पहुंच गई है। हालांकि नीदरलैंड के लिए भी उम्मीदें अभी समाप्त नहीं हुई हैं, लेकिन इस मैच के नतीजे ने श्रीलंका को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया है। बांग्लादेश की इस जीत के दो बड़े हीरो रहे। शाकिब अल हसन का बल्ला सबसे अहम मौके पर बोला। बांग्लादेश ने पावरप्ले में ही दो विकेट गंवा दिए थे, लेकिन शाकिब अंत तक डटे रहे और उनकी 64 रनों की नाबाद पारी की बदौलत बांग्लादेश की टीम ने 20 ओवर में 159 का स्कोर खड़ा कर लिया। बांग्लादेश ने लक्ष्य का बचाव किया, जिसमें रिशाद हुसैन ने (3-33) और तस्कीन अहमद ने (2-30) शानदार गेंदबाजी की। नीदरलैंड की टीम 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 132 रन ही बना सकी। बांग्लादेश के खाते में अब ग्रुप-डी में तीन मैचों में चार अंक हैं और उसका अंतिम मैच नेपाल से है।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025

टीम इंडिया नहीं जाएगी पाकिस्तान!

नईदिल्ली, एजेंसी। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन पाकिस्तान में होना है. लेकिन क्या भारतीय टीम पाकिस्तान जाएगी? दरअसल, बीसीसीआई कई बार दोहरा चुकी है कि आईसीसी चैंपियंस के लिए सुरक्षा संबंधी कारणों से टीम इंडिया पाकिस्तान जाएगी. अगर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत पाकिस्तान नहीं जाएगा तो क्या विकल्प हैं? इस पर बीसीसीआई का कहना है कि यह टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल पर खेला जाए, ताकि भारतीय टीम को पाकिस्तान जाने की जरूरत नहीं पड़े.

युवा मिडफील्डर मनीषा ने कहा

भारतीय हॉकी टीम को रिप्रेजेंट करना बेहद खास

नई दिल्ली, एजेंसी। उत्तराखंड की मनीषा चौहान ने 25 साल की उम्र में सीनियर महिला हॉकी टीम के लिए अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू करने का अपना सपना पूरा किया। इस स्टार मिडफील्डर ने एफआईएच प्रो लीग 2023/24 के यूरोप चरण के दौरान अर्जेंटीना के खिलाफ अपना पहला मैच खेला था।

अपने करियर के इस सबसे स्पेशल मोमेंट को याद कर मनीषा ने कहा, ये हर खिलाड़ी का सपना होता है कि वो अपने देश के लिए खेले। जब से मैंने हॉकी थामी तब से मैंने देश के लिए खेलने का सपना देखना

शुरू कर दिया। जब मैं भारतीय जर्सी पहनकर मैदान पर उतरी, तो यह मेरे लिए बेहद खास क्षण था। कोचिंग और सहयोगी स्टाफ ने मुझ पर भरोसा जताया और अब यह मेरा फर्ज कि मैं उन्हें सही साबित करूं। मनीषा ने कहा, हरेंद्र सर ने मुझे खुद पर भरोसा करने और अपना नेचुरल गेम खेलने के लिए कहा। उन्होंने मुझे यह भी बताया कि मुझे किन क्षेत्रों में काम करने की जरूरत है और मैं अपने गेम को कैसे बेहतर बना सकती हूं। टीम के हर सदस्य ने मेरा समर्थन किया, मेरी मदद की और मुझे बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

मनीषा की हॉकी में रुचि तब शुरू हुई जब वह 5वीं कक्षा में थी। अपने सफर को याद करते हुए उन्होंने कहा, मुझे हमेशा से ही हॉकी में रुचि थी।

कनाडा के खिलाफ मैच के बाद भारत लौट सकते हैं शुभमन, आवेश

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय टीम के रिजर्व खिलाड़ी शुभमन गिल और आवेश खान कनाडा के खिलाफ मैच के बाद मौजूदा टी20 विश्व कप से टीम का साथ छोड़ भारत लौट आएंगे। टीम इंडिया में बैकअप के तौर पर दोनों खिलाड़ी टीम के बाकी सदस्यों के साथ फ्लोरिडा गए। गिल और आवेश उन चार सदस्यीय रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल थे। वहीं, दो और अन्य रिजर्व खिलाड़ी खलील अहमद और रिंकू सिंह टीम के साथ बने रहेंगे। रिपोर्ट के

अनुसार, गिल और आवेश दोनों खिलाड़ियों का साथ टीम इंडिया के साथ केवल यएस लेग तक ही था।

रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ग्रुप चरण में लगातार तीन मैच जीतकर टूर्नामेंट के सुपर आठ चरण में पहुंच गई। यूएस लेग के अपने आखिरी मैच में भारत शनिवार को फ्लोरिडा के फोर्ट लॉडरडेल में कनाडा से भिड़ेगा। भारत ने आयरलैंड, पाकिस्तान और यूएसए को हराकर अब तक टूर्नामेंट में ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया है। फ्लोरिडा में खराब मौसम की स्थिति भारत की जीत की लय में खलल डाल सकती है।

घुड़सवार श्रुति वोरा ने दर्ज की ऐतिहासिक जीत

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत की अनुभवी घड़सवार श्रुति वोरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज की। श्रुति थ्री स्टार ग्रां प्री प्रतियोगिता जीतने वाली पहली भारतीय राइडर (घुड़सवार) बन गई हैं। भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। कोलकाता की रहने वाली श्रुति ने ड्रेसेज विश्व चैंपियनशिप (2022) और एशियाई खेलों (2010, 2014) में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

श्रुति ने सात से नौ जून तक स्लोवेनिया के लिपिका में आयोजित सीडीआई-3 प्रतियोगिता में 67.761 अंक हासिल किए। भारतीय खिलाड़ी मोलदोवा की तातियाना एंटोनेंको (आचेन) से आगे रहीं जिन्होंने 66.522 अंक हासिल किए। ऑस्ट्रिया की जूलियन जेरिच (क्वार्टर गर्ल) ने 66.087 अंकों के साथ शीर्ष तीन में जगह बनाई। श्रुति ने ग्रां प्री स्पेशल में भी सराहनीय प्रदर्शन किया जो इसी स्थान पर एक साथ आयोजित की गई। वह 66.085 अंकों के साथ एंटोनेंको के बाद दूसरे स्थान पर रहीं।

संक्षिप्त समाचार

रिकांगपिओः जिला में काशंग व सांगला कंडे में ग्लेशियर के पिघलने से बनीं कृत्रिम झीलें

किन्नौर, एजेंसी। जिला किन्नौर के काशंग व सांगला कंडे में ग्लेशियर के पिघलने से कृत्रिम झील बनने की सूचना मिली है। यह जानकारी डीसी किन्नौर डा. अमित कुमार शर्मा ने मीडिया को दी। उन्होंने बताया कि जिला किन्नौर में मानसूनी आफत से किस प्रकार से जानमाल के नुक्सान से बचा जा सके, उसे लेकर किन्नौर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं तथा जिला किन्नौर में भूस्खलन, बाढ़ और ग्लेशियर पिघलने से बनने वाली कृत्रिम झीलें सबसे बड़ा खतरा हैं। उन्होंने बताया कि किन्नौर जिले के सांगला कंडे और काशंग कंडे में ग्लेशियर पिघलने से 2 कृत्रिम झीलें बनने की जानकारी मिली है और शीघ्र ही एनआरएससी और सी टाइप के माध्यम से एक्सपिटिशन भी किया जाएगा कि यदि भविष्य में ये कृत्रिम झीलें टूटती हैं तो इससे सांगला वैली और काशंग कंडे के आसपास आने वाले क्षेत्रों को नुक्सान होगा या नहीं। उन्होंने यह भी बताया कि किन्नौर जिले में आपदाओं से निपटने के लिए 14 जून को मॉकड्रिल भी आयोजित की जाएगी तथा इस मॉकड्रिल में आईटीबीपी, पुलिस व होमगार्ड सहित अन्य विभाग भाग लेंगे। विदित रहे कि इससे पूर्व भी वर्ष 2000 तथा 2005 में तिब्बत के पारछू में बनी कृत्रिम झील के टूटने से सतलुज नदी में आई बाढ़ से नदी का जल स्तर बढ़ गया था, जिससे जिला किन्नौर सहित रामपुर में भी भारी तबाही हुई थी और यदि भविष्य में सांगला व काशंग कंडे में बनी कृत्रिम झीलें भी टूटती हैं तो भारी तबाही हो सकती है, ऐसे में किन्नौर प्रशासन ने प्राइमरी स्तर पर ही इन कृत्रिम झीलों की मॉनीटरिंग शुरू कर दी है, ताकि इन घटनाओं को टाला जा सके या नुक्सान के आंकड़े को कम से कम किया जा सके।

28 जुलाई से शुरू होगा अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला, राज्यपाल करेंगे शुभारंभ

चम्बा, एजेंसी। अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला इस बार 28 जुलाई से 4 अगस्त तक मनाया जाएगा। मेले के सफल आयोजन को लेकर रविवार को विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक के दौरान मिंजर मेला कमेटी के सरकारी व गैर-सरकारी सदस्यों से सुझाव लिए गए। इसे पूर्व डीसी चम्बा मुकेश रेप्सवाल ने अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेले के लिए तैयार की गई रूपरेखा के बारे में मंथन किया। मेले के शुभारंभ पर राज्यपाल और समापन समारोह में मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया जाएगा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों, निमंत्रण कार्ड बनाने, थीम विषय का चयन, खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन, मेले के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित बनाने पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान सदर विधायक नीरज नैयर ने बताया कि चम्बा में कार्यरत जल विद्युत प्रोजैक्ट से मिंजर के आयोजन को लेकर राशि बढ़ाने की मांग की गई, ताकि मेले के दौरान जो भी बजट की कमी होती है उसे पूरा किया जा सके। डीसी चम्बा ने बताया कि पिछले वर्ष 3 करोड़ 62 लाख रुपए खर्च किए गए थे।

अजित गुट ने ठुकराया मोदी सरकार में स्वतंत्र प्रभार, विधायकों के संपर्क में शरद पवार

नई रार के आसार?

मुंबई, एजेंसी। केंद्रीय मंत्रिमंडल में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) ने मंत्री पद ठुकरा कर एक बार फिर महाराष्ट्र की राजनीति में भावी समीकरणों को लेकर अटकलों का दौर शुरू कर दिया है। मंत्रिमंडल में अजीत गुट से प्रफुल्ल पटेल को स्वतंत्र प्रभार का मंत्री बनाने का ऑफर था। लेकिन, उन्होंने ऑफर यह कहते हुए ठुकरा दिया कि वे पहले कैबिनेट मंत्री रहे हैं और स्वतंत्र प्रभार स्वीकार करना उनके लिए डिमोशन होगा।

माना जा रहा है कि उचित महत्व नहीं मिलने से राजग सहयोगी अजित पवार की पार्टी राकांपा नाराज है। हालांकि, प्रफुल्ल ने राजग में किसी तरह के मतभेद से इनकार किया है। राकांपा नेता पटेल ने कहा कि उनको भाजपा ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) का ऑफर दिया था, उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया। मैं पहले कैबिनेट मंत्री रह चुका हूं, इसलिए अब अपना पद गिराना नहीं चाहता। ये उनका डिमोशन होगा। प्रफुल्ल यूपीए सरकार में नागरिक उड्डयन मंत्री रह चुके हैं।

उन्होंने कहा कि आज हमारे पास एक लोकसभा और एक राज्यसभा सांसद हैं, लेकिन अगले 2-3 महीनों में हमारे पास राज्यसभा में कुल 3 सदस्य होंगे। संसद में सांसदों की संख्या 4 होगी, इसलिए हमने कहा कि हमें एक (कैबिनेट मंत्रालय) सीट दी जानी चाहिए।

अजित पवार ने भी यही मांग दोहराई। अजित पवार ने कहा कि हमें राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार के बारे में सूचना मिली, लेकिन प्रफुल्ल खुद कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। हमें खुशी है कि उन्होंने हमें सूचना दी, लेकिन उनके लिए यह पद लेना थोड़ा कठिन था। मतभेद की, जो अटकलें लगाई जा रही हैं वह गलत है।

इसके पहले खबर आई थी कि राकांपा में कैबिनेट मंत्री के पद को लेकर घमासान शुरू हो गया है। सामने आया था कि पार्टी के खाते में एक मंत्री पद गया है, जिसे लेकर दो वरिष्ठ नेताओं प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे के बीच मतभेद शुरू हो गया है। दोनों ही नेताओं ने राकांपा को मिल रहे कैबिनेट मंत्री के पद पर दावा ठोंका है। दोनों में से कोई भी अपनी दावेदारी छोड़ने को तैयार नहीं है। हालांकि, बाद में राकांपा ने इसे गलत बताया। फिलहाल इस घटनाक्रम ने एक बार फिर कई तरह की अटकलों को जन्म दे दिया है।

शरद गुट के संपर्क में कई नेता: लोकसभा चुनाव के बाद से महाराष्ट्र में कई तरह की हलचल चल रही है। राकांपा शरद पवार गुट की ताकत बढ़ने के बाद अजित गुट के कई नेता उनके संपर्क में बताए जाते हैं। सीनियर पवार काफी सक्रिय हैं और माना का रहा है कि इसका असर आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा। अजित पवार गुट लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद से बैकफुट पर है। पवार परिवार में भी कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं। इसी तरह शिवसेना के दोनों धड़ों को लेकर भी अलग-अलग दावे किए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि महाराष्ट्र में इसी साल चुनाव है और उसके पहले कई नए सियासी समीकरण राज्य की राजनीति में देखने को मिल सकते हैं।

पंकजा मुंडे हारीं तो जिंदा नहीं बचूंगा, ऐसा कहने वाले ट्रक चालक की हादसे में मौत

बीड, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी की नेता पंकजा मुंडे की बीड लोकसभा सीट से हारने की स्थिति में जीवित नहीं रहने का दावा करने वाले 38 वर्षीय ट्रक चालक की शुक्रवार रात को बस की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस इसे आत्महत्या का मामला होने का संदेह जता रही है। किंगांव पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि घटना रात करीब नौ बजे बोरगांव पटी के पास अहमदपुर-अंधोरी सड़क पर हुई। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान लातूर जिले में स्थित अहमदपुर के येस्टार निवासी सचिन कोंडीबा मुंडे (38) के रूप में हुई है। उन्होंने कहा, बस चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि यह पता लगाने के लिए जांच की जा रही है कि यह एक दुर्घटना थी या आत्महत्या का मामला था। यह तब हुआ जब यल्दरवाड़ी नाइट हॉल्ट बस बोरगांवपटी में रुकी। सचिन बस के पीछे खड़ा था और जब बस पीछे जाने लगी तब तभी वह उसकी चपेट में आ गया। किनगांव पुलिस थाना के सहायक निरीक्षक भाऊसाहेब खंडारे ने बताया कि जांच के तहत महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की बस को जब्त कर लिया गया है। मृतक अविवाहित था और अपने माता-पिता और भाई के साथ रहता था। उसने एक वीडियो जारी करके दावा किया था कि अगर पंकजा मुंडे चुनाव हार गईं तो सचिन जिंदा नहीं रहेगा। उस समय यह वीडियो वायरल हो गया था।

जम्मू-कश्मीर आतंकी हमले में राजस्थान के 5 लोग लापता, सीएम ने दिल्ली से संपर्क साधा

जयपुर, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में रविवार को पर्यटकों के बस पर हुए आतंकी हमले में 10 तीर्थ यात्रियों की मौत हो गई थी। इस बस में सवार राजस्थान के चौमूं (जयपुर) के एक बच्चा सहित 5 लोग लापता हैं। यहां से 5 यात्री तीर्थयात्रा पर गए थे। एक यात्री घायल है। सीएम भजनलाल शर्मा ने लापता लोगों के बारे में केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधिकारियों से बात की है।उल्लेखनीय है कि श्रीनगर जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस रविवार को आतंकियों की गोलीबारी के बाद खाई में गिर गई। इससे 10 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और 33 घायल हो गए। इस घटना में राजधानी जयपुर के चौमूं इलाके के पांच लोग बताए जा रहे है। बताया जा रहा है कि चौमूं के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से फोन पर बातचीत की है। जिसके बाद सीएमओ से जम्मू-कश्मीर व गृह मंत्रालय से संपर्क साधा जा रहा है। साथ ही पूर्व विधायक ने परिजनों को ढाढ़स बंधाया है।

जयपुर के चौमू के रहने वाले है: इस घटना में राजस्थान के चौमूं इलाके के 5 लोग लापता बताए जा रहा है। जिनमें राजेंद्र सैनी, ममता, पवन, पूजा सैनी, लिवांश के नाम की पहचान हुई है। ये सभी पांच लोग अपने परिवार के साथ वैष्णो माता के दर्शन के लिए गए थे। हालांकि उनकी बात पवन नाम के शख्स से हो चुकी है। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा को घटना की जानकारी मिलने पर उन्होंने मुख्यमंत्री से बातचीत की है। जिसके बाद मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रशासन को इस मामले सक्रिय रहने के निर्देश दिए है। एसएसपी मोहित शर्मा के मुताबिक बस शिवखोड़ी मंदिर से कटरा लौट रही थी।

विदेशी पक्षियों और जीवों की तस्करी का पर्दाफाश, स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत का संदेह

बुलन्दशहर, एजेंसी। बुलन्दशहर में विदेशी पक्षियों और जीवों की तस्करी का काला खेल उजागर हुआ है। मध्य प्रदेश फारेस्ट टीम ने सोमवार को सुबह चांदपुर रोड स्थित एक ठिकाने पर छापा मारकर इस अवैध धंधे का भंडाफोड़ किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश फारेस्ट टीम ने बुलन्दशहर सिटी कोतवाली क्षेत्र के चांदपुर रोड पर छापा मारा। इस दौरान 11 प्रजातियों के 50 से अधिक जीव, जिनमें विदेशी केकड़े, बिच्छू, सांप, चील, ड्रेगन, कलरफुल बर्ड्स और पैरट शामिल थे, बरामद किए गए। इस अवैध धंधे को स्थानीय फारेस्ट विभाग की मिलीभगत से संचालित किया जा रहा था। बिना रजिस्ट्रेशन के विदेशी पक्षियों और जीवों की खरीद-बिक्री की जा रही थी। छापेमारी के दौरान जीवों की देखभाल करने वाले एक कर्मचारी को हिरासत में लिया गया है। यह ऑपरेशन तीन घंटे से अधिक समय तक चला, जिसमें मध्य प्रदेश फारेस्ट विभाग को बड़ी सफलता मिली है।

घटनास्थल और छापेमारी की जानकारी: मध्य प्रदेश फारेस्ट टीम ने बुलन्दशहर के चांदपुर रोड पर चल रहे इस अवैध धंधे को पकड़ने के लिए गुप्त सूचना के आधार पर कार्यवाही की। टीम ने मौके पर पहुंचकर विदेशी जीवों की तस्करी में संलिप्त व्यापारियों को रंगे हाथ पकड़ा। बरामद किए गए जीवों में ड्रेगन, सांप, बिच्छू और कई रंग-बिरंगे पक्षी शामिल थे।

स्थानीय प्रशासन ने नहीं दी कोई प्रतिक्रिया:: स्थानीय प्रशासन ने इस कार्यवाही पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन स्थानीय लोगों ने इस अवैध धंधे के खिलाफ आवाज उठाई है। लोगों का कहना है कि इस प्रकार की तस्करी से न केवल वन्य जीवों को खतरा है, बल्कि यह पर्यावरण और स्थानीय पारिस्थितिकी को भी प्रभावित कर रही है। मध्य प्रदेश फारेस्ट टीम ने इस सफलता के बाद स्थानीय फारेस्ट विभाग और अन्य संबंधित अधिकारियों के खिलाफ जांच शुरू करने का संकेत दिया है।

हैती के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री गैरी कोलिने की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में हुए भर्ती

पोर्ट-औ-प्रिंस, एजेंसी। हैती के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री गैरी कोनिले शनिवार देर रात देश की राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस के एक अस्पताल में भर्ती हुए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि कोनिले को अस्पताल में भर्ती क्यों होना पड़ा। कोनिले को हाल में संकटग्रस्त कैरेबियाई देश का नेता चुनने वाली सत्ता हस्तांतरण राष्ट्रपति परिषद के सदस्य लुईस गेराल्ड गिल्स ने बताया कि वह अस्पताल जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके पास इसके अलावा और कोई जानकारी नहीं है। कोनिले को एक जटिल चयन प्रक्रिया के बाद 28 मई को प्रधानमंत्री चुना गया था। कोनिले जनवरी 2023 से लातिन अमेरिका और कैरेबियाई देशों के लिए यूनिसेफ (संयुक्त राष्ट्र बाल कोष) के क्षेत्रीय निदेशक के तौर पर सेवारत थे और देश से बाहर रहकर काम कर रहे थे। वह एक जून को हैती आए। इससे पहले वह अक्टूबर 2011 से मई 2012 तक हैती के प्रधानमंत्री थे।

फ्रांस में राष्ट्रपति मैक्रों ने संसद भंग की:यूरोपीय संघ चुनाव में हार को देखते हुए फैसला लिया

पेरिस, एजेंसी। फ्रांस में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने चौंकाने वाला कदम उठाते हुए नेशनल एसेंबली भंग कर दिया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने यूरोपीय संसद के चुनाव में पार्टी की बड़ी हार होते देख ये फैसला किया। एग्जिट पोल के मुताबिक मैक्रों की रिनेसां पार्टी रविवार को हुए यूरोपीय संसदीय चुनाव में मरीन ली पेन की दक्षिणपंथी पार्टी नेशनल रैली से हार रही है। एग्जिट पोल के अनुमानों के मुताबिक नेशनल रैली को 31.50 प्रतिशत वोट मिल रहे हैं जबकि रिनेसां पार्टी को सिर्फ 15.20प्रतिशत मिल रहे हैं। 14.3प्रतिशत वोट के साथ सोशलिस्ट पार्टी तीसरे नंबर पर रह सकती है। फ्रांस में चुनाव की घोषणा कर दी गई है। वोटिंग 30 जून और 7 जुलाई को होंगे। एग्जिट पोल आने के बाद नेशनल रैली के नेता जॉर्डन बार्डेला ने मैक्रों से संसद भंग करने का आह्वान किया था। एग्जिट पोल आने के कुछ घंटे बाद ही मैक्रों ने राष्ट्रीय संबोधन में संसद के भंग करने की घोषणा की। उन्होंने जनता से कहा, ये नतीजे सरकार के लिए विनाशकारी हैं। मैं इसे अनदेखा नहीं कर सकता। मैंने संसद भंग कर दी है। अब आपके पास अपना राजनीतिक भविष्य चुनने का विकल्प है। मुझे यकीन है कि आप सही फैसला लेंगे। फ्रांस की नेशनल असेंबली में 577 मेंबर होते हैं। वहां पर राष्ट्रपति पद के लिए अलग से चुनाव होता है। ऐसे में यदि यदि रिनेसां पार्टी हार जाती है तो भी मैक्रों पद पर बने रहेंगे। हालांकि मरीन ली पेन की नेशनल रैली यदि नेशनल असेंबली में बहुमत हासिल कर लेती है, तो मैक्रों बेहद कमजोर राष्ट्रपति बन जाएंगे और उन्हें संसद में अहम फैसले लेने के लिए विपक्षी पार्टियों पर निर्भर रहना पड़ेगा।

पाकिस्तान सरकार पर उनके साथी दल पीपीपी ने लगाया गंभीर आरोप, कहा- बजट के बारे में नहीं की कोई चर्चा

इस्लामाबाद, एजेंसी। हमें नहीं पता कि पीएमएल-एन पाकिस्तान सरकार के 12 जून को वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पेश करने की संभावना जताई जा रही है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने बताया कि गठबंधन सहयोगी होने के बावजूद सत्तारूढ़ पीएमएल-एन के नेतृत्व वाली सरकार ने आने वाले संघीय बजट पर उनसे परामर्श ही नहीं किया। रविवार को मीडिया रिपोर्ट में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने पीएम शहबाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज पार्टी पर बजट संबंधी चर्चा न करने का आरोप लगाया। यह भी बताया कि बजट के लिए उन्हें विश्वास में नहीं लिया गया। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के नेता सैयद खुर्शीद अहमद शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने न तो हमें बजट के संबंधित कुछ बताया और न ही हमें विश्वास में लिया। सैयद खुर्शीद अहमद शाह ने अपना पल्ला झाड़ते हुए कहा कि निजीकरण नीति, करों, विकास कार्यक्रमों के बारे में क्या कर रही है। पीपीपी के शाह ने कहा कि बिलावल भुट्टो के नेतृत्व वाली पीपीपी को राहत के बारे में कुछ भी पता नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता कि सरकार बजट बना रही है या अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का बजट थोपा जा रहा है। बता दें कि 8 फरवरी को आम चुनावों में बड़े पैमाने पर धांधली के आरोप लगाए गए। इसके बाद पीएमएल-एन और पीपीपी ने खंडित चुनावी नतीजों के बाद गहन बातचीत के बाद गठबंधन सरकार बनाई। उन्होंने अपना दुख प्रकट करते हुए बताया कि बजट में पीपीपी के प्रस्तावों को शामिल नहीं किया गया। उन्होंने कहा, लोग हमसे पूछेंगे कि हमने क्या किया है। क्या हम उन्हें बताएंगे कि हमें इसके बारे में पता ही नहीं है? शाह ने यह भी कहा कि पार्टी को बजट के बारे में लिए जाने वाले निर्णयों की राजनीतिक रूप से जांच करनी होगी।

यूरोपीय संसद चुनाव में दक्षिणपंथी पार्टियों की लहर, फ्रांस, इटली, जर्मनी में प्रचंड जीत

पेरिस, एजेंसी। यूरोपीय संघ के संसदीय चुनावों में दक्षिणपंथी पार्टियों की लहर देखने को मिली है और कई ऐसे यूरोपीय देश हैं, जहां दक्षिणपंथी पार्टियों ने जीत हासिल की है, और जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ऑस्ट्रियाई चांसलर कार्ल नेहमर को अपमानजनक हार का सामना करना पड़ रहा है।

रविवार देर शाम यूरोपीय संसद की 705 सीटों पर चुनाव खत्म होने के बाद आए एग्जिट पोल में 27 सदस्य देशों वाले इस ब्लॉक में दक्षिणपंथी पार्टियों का बोलबाला दिखाई दे रहा है, जिसका सबसे बड़ा संकेत ये है, कि फ्रांस, जर्मनी और ऑस्ट्रिया जैसे देशों की मौजूदा सरकार पर अब खतरे के बादल मंडरा रहे हैं और सत्ता परिवर्तन प्रबल हो गया है।

यूरोपीय संसद के चुनावी नतीजों से सबसे बड़ा संकेत ये है, कि यूरोपी में सत्ता विरोधी लहर काफी तेज हो गई है। एग्जिट पोल से पता चलता है, कि 150 से ज्यादा

सीटों पर दक्षिणपंथी पार्टियों का कब्जा होने वाला है, जिससे मुख्यधारा की पार्टियों के लिए बहुमत हासिल करना मुश्किल हो जाएगा।

फ्रांस में राष्ट्रपति मैक्रों ने किया संसदीय चुनाव का ऐलान: फ्रांस में, धूर दक्षिणपंथी नेता मरीन ले पेन की नेशनल रैली पार्टी ने राष्ट्रपति मैक्रों की ध्यमार्गी पार्टी रेनेसॉ पार्टी को शिकस्त दे रही हैं, जिसके बाद राष्ट्रपति मैक्रों ने अचानक देश में संसदीय चुनाव की घोषणा कर दी है, जिसे जोखिम भरा कदम माना जा रहा है। ऐसे अनुमान हैं, कि नेशनल रैली पार्टी देश में प्रचंड जीत हासिल कर सकती है और मैक्रों की पार्टी को भारी नुकसान हो सकता है, जिसका असर उनके राष्ट्रपति कार्यकाल पर पड़ेगा, जो अभी 3 साल बाकी है। एग्जिट पोल में यूरोपीय संसदीय चुनाव में नेशनल रैली को लगभग 33 प्रतिशत वोट मिलने की संभावना है और आने वाली यूरोपीय संसद में उसके 31 सीटें जीतने का अनुमान है, जबकि मैक्रों की पार्टी को सिर्फ 15 प्रतिशत वोट ही मिलने का अनुमान है। वहीं, फ्रांस में संसदीय चुनाव होने के बाद मरीन ले पेन ने कहा है, कि हम देश को बदलने के लिए तैयार हैं, फ्रांस के हितों की रक्षा के लिए तैयार हैं, मास इमिग्रेशन को खत्म करने के लिए तैयार हैं। वहीं, राष्ट्रपति मैक्रों ने मैक्रों ने हार की गंभीरता को स्वीकार किया है। उन्होंने एक टेलीविजन संबोधन में कहा है, कि मैंने आपका संदेश, आपकी चिंताएं सुनी हैं और मैं उन्हें टाल नहीं सकता। फ्रांस को शांति और सद्भाव से काम करने के लिए स्पष्ट बहुमत की जरूरत है। मैक्रों ने कहा, अचानक चुनाव बुलाना लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वहीं, जर्मनी में, दक्षिणपंथी अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी पार्टी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, जो अगले साल होने वाले संघीय चुनाव से पहले पार्टी की मजबूती को दर्शाता है। यूरोसेप्टिक पार्टी को 16 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिलने का अनुमान है, जो उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हो सकता है और जर्मन चांसलर स्कोल्ज़ के गठबंधन में शामिल तीनों पार्टियों की तुलना में उसके वोट प्रतिशत का हिस्सा ज्यादा है। वहीं, संघीय स्तर पर विपक्ष में रहने वाले क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन और क्रिश्चियन सोशल यूनियन के कंजर्वेटिव गठबंधन ने लगभग 30 प्रतिशत वोट के साथ एग्जिट पोल में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। रविवार को खत्म हुए यूरोपीय संसद चुनाव में जर्मनी की ग्रीन पार्टी को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है और उसे 8.5 प्रतिशत वोट गंवाने पड़े हैं और सिर्फ 12 प्रतिशत वोटों के साथ उसे संतुष्ट करना पड़ रहा है। माना जा रहा है, कि जर्मनी में अवैध प्रवासी, यूक्रेन को लगातार फंडिंग और कार्बन डायऑक्साइड उत्सर्जन कम करने नाकामी को लेकर लोगों में भारी रोष है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद

(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129